


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 245 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.12 2081 बुधवार, 27 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव का एलान

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद अब राज्यसभा उपचुनावों का एलान कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इन सीटों पर 20 दिसंबर को चुनाव होंगे। नतीजे इसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें से तीन सीटें आंध्र प्रदेश की हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, हरियाणा और ओडिशा की एक-एक सीट पर चुनाव कराए जा रहे हैं। सभी सीटें मौजूदा सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, उपचुनाव से जुड़ी अधिसूचना 3 दिसंबर को जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 10 दिसंबर तय की गई है।

# 'हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो'

> बांग्लादेश में चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर भारत ने जताई चिंता

ढाका, 26 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की एक कोर्ट ने हिंदू संगठन 'सम्मिलित सनातनी जोत' के नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। इसस पहले बांग्लादेश पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करने पर इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु पर कार्रवाई की गई थी। उनको देशद्रोह और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में बांग्लादेश पुलिस ने ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। इसके खिलाफ हिंदू समुदाय के लोग ढाका की सड़कों पर उतर पड़े थे और जाम लगा दिया था। कई जगह से हिंसा की खबरें भी आई थीं।

इस पर अब भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमने बांग्लादेश 'सम्मिलित सनातनी जोत' के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कई हमलों के बाद हुई है। हम बांग्लादेश के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उनका अधिकार भी शामिल है।

### देशद्रोह का मुकदमा हो चुका है दर्ज

इससे पहले 30 अक्टूबर को बांग्लादेश में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में देशद्रोह अधिनियम के तहत चिन्मय कृष्ण दास प्रभु समेत 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। आरोप है कि 25 अक्टूबर को चटगांव के लालदीघी मैदान में सनातन जागरण मंच ने आठ सूत्री मांगों को लेकर एक रैली की थी। इस दौरान एक चौक पर स्थित आजादी स्तंभ पर कुछ लोगों ने भगवा ध्वज फहराया था। इस ध्वज पर आमी सनातनी लिखा हुआ था। इसे लेकर चिन्मय कृष्ण दास पर राष्ट्रीय झंडे की अवमानना व अपमान करने का आरोप लगाया गया है।

**शेख हसीना की सरकार जाने के बाद से बढ़े हमले**

बीते अगस्त में एक छात्र आंदोलन के चलते शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतत्व में एक कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश में प्रशासन कर रही है, लेकिन शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से बांग्लादेश में हिदुओं और अन्य अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनके खिलाफ अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा कई बार विरोध प्रदर्शन किए गए हैं।

**यह मांग कर रहे हिंदू अल्पसंख्यक :**

अक्टूबर से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों की मांग को लेकर सनातन जागरण मंच ने चटगांव में विरोध प्रदर्शन शुरू किए थे। इसमें चिन्मय कृष्ण दास प्रभु ने कई बार सरकार पर हमला बोला। उनके नेतृत्व में हिंदू अल्पसंख्यकों ने आठ प्रमुख मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है।

इसमें अल्पसंख्यकों के विरूद्ध अपराध शामिल लोगों पर मुकदमा चलाने के लिए न्यायाधिकरण का गठ, पीड़ितों को मुआवजा और उनका पुर्नवास, अल्पसंख्यक संरक्षण कानून को लागू करने, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का गठन, शैक्षिक संस्थानों और छात्रावास में अल्पसंख्यकों के प्रार्थना स्थल और पूजा कक्ष बनाने, हिंदू, बौद्ध और ईसाई वेलफेयर ट्रस्टों को प्राथमिकता देने, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम लागू करने, पाली और संस्कृत शिक्षा बोर्ड के आधुनिकीकरण और दुर्गा पूजा में पांच दिन की छुट्टी की मांग शामिल है।

## बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका खारिज



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। देश में चुनावों में धांधली का आरोप लगाने वालों को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़ी एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, जनहित याचिका में देश में ईवीएम की जगह बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग की गई थी। यह जनहित याचिका डॉ.केए पॉल ने दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से पूछा कि ये याचिका दायर करने संबंधित आपको शानदार विचार कैसे मिला?

**अगर आप हारते हैं तो छेड़छाड़ होती है...**

जस्टिस विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने कहा, जब आप चुनाव जीतते हैं, तो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ हो जाती है। बैलेट पेपर से मतदान के अलावा याचिका में कई निर्देश मांगे गए थे। इसमें चुनाव आयोग को निर्देश देना शामिल है कि अगर कोई उम्मीदवार चुनाव के दौरान मतदाताओं को पैसे, शराब या अन्य प्रलोभन देने का दोषी पाया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। जब याचिकाकर्ता केए पॉल ने कहा कि उन्होंने जनहित याचिका दायर की है, तो पीठ ने कहा, आपके पास दिलचस्प जनहित याचिकाएं हैं। आपको ये शानदार विचार कहां से मिले? इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि वह एक ऐसे संगठन के अध्यक्ष हैं, जिसने तीन लाख से अधिक अनाथों और 40 लाख विधवाओं को बचाया है। इस पर पीठ ने कहा, आप इस राजनीतिक क्षेत्र में क्यों आ रहे हैं? आपका कार्यक्षेत्र बहुत अलग है।

पॉल ने जब बताया कि वे 150 से अधिक देशों में जा चुके हैं, तो पीठ ने उनसे पूछा कि क्या हर देश में बैलेट पेपर से वोटिंग होती है या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग का इस्तेमाल होता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि विदेशी देशों ने बैलेट पेपर से वोटिंग को अपनाया है और भारत को भी ऐसा ही करना चाहिए। पीठ ने पूछा, आप बाकी दुनिया से अलग क्यों नहीं होना चाहते? याचिकाकर्ता ने कहा, देश में भ्रष्टाचार है और इस साल जून में चुनाव आयोग ने घोषणा की कि उसने 9,000 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। इस पर अदालत ने कहा कि लेकिन इससे आपकी राहत कैसे प्रासंगिक हो जाती है, जिसका आप यहां दावा कर रहे हैं? अगर आप बैलेट पेपर पर वापस जाते हैं, तो क्या कोई भ्रष्टाचार नहीं होगा?

## कांग्रेस के कार्यक्रम में राहुल गांधी का माइक बंद

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी ने कहा कि जहां हमारी सरकार आएगी, वहां जाति जनगणना कराएंगे। हम ये तेलंगाना में कर रहे हैं। राहुल ने ये बात दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के संविधान रक्षक कार्यक्रम के दौरान कही। नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान उनका माइक बंद हो गया। राहुल का माइक जब 6 मिनट बाद ऑन हुआ तो उन्होंने कहा कि जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा। अगर हिंदुस्तान की जनगणना को देखें तो 15 प्रतिशत दलित, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं, लेकिन पिछड़े वर्ग के कितने हैं, ये नहीं पता। पिछड़ा वर्ग 50 प्रतिशत से कम नहीं है। हिंदुस्तान की 90 प्रतिशत आबादी इन्हीं वर्गों से है। राहुल ने कहा कि जो भी इस देश में 3 हजार साल से दलितों की, आदिवासियों की बात करता है, उसका माइक ऑफ हो जाता है। काफी लोग आए, कहने लगे जाकर बैठ जाइए, मैंने कहा कि मैं खड़ा रहूंगा। मैंने कहा कि माइक जितना ऑफ करना है करो, मैं खड़ा रहूंगा। यहां रोहित वेमुला जी की तस्वीर है पीछे, वे बोलना चाहते थे, उन्हें चुप करा दिया गया। हर दिन आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग का युवा सपना देखता है, मैं डॉक्टर-इंजीनियर बनूं, मीडिया में जाऊं, अफसर बनू, लेकिन सच्चाई यह है कि देश का पूरा सिस्टम पिछड़ों-दलितों-आदिवासियों के खिलाफ खड़ा हुआ है।

## हेमंत सोरेन को कोर्ट से बड़ा झटका : ईडी केस में 4 दिसंबर को अदालत में हाजिर होने का आदेश




रांची, 26 नवंबर (एजेंसियां)। एमपी-एमएलए कोर्ट से सीएम हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा है। ईडी के समन की अवहेलना मामले में उन्होंने व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दायर की गई थी।

कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही उन्हें चार दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है। इस मामले में कोर्ट ने 11 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसका आदेश जारी किया गया है। इससे पहले यह मामला सीजेएम कोर्ट में चल रहा था। तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

**अब पूरे मामले को समझिए :**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 19 फरवरी को हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था। कोर्ट ने चार मार्च को इस पर संज्ञान लेते हुए मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को पूरी बात बताई थी। ईडी ने बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में जांच एजेंसी ने हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किया था। आठवें समन पर वे 20 जनवरी और 10वें समन पर 31 जनवरी को ईडी के सामने पेश हुए। जांच एजेंसी ने कहा कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है।



संविधान के 75 साल पूरे होने पर पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, पीएम मोदी भी मौजूद रहे।

## देश की सुरक्षा को चुनौती देने वालों को मिलेगा करारा जवाब

### संविधान दिवस पर पीएम मोदी ने कहा



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में आयोजित समारोह में संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि मैं देश का यह संकल्प दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को संविधान दिवस की बधाई। भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले जिनकी मृत्यु हुई उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने देश में आपातकाल देखा है। हमारे संविधान ने लोकतंत्र के सामने आई इस चुनौती का सामना किया है। यह संविधान की शक्ति है कि जम्मू-कश्मीर में बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान पूरी तरह से लागू हो रहा है। आज पहली बार वहां संविधान दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान सभा की बहस के दौरान बाबा साहेब आंबेडकर ने कहा था कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है। इसकी भावना हमेशा युग की भावना है।

इससे पहले सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि हम जो भी निर्णय देते हैं, वह एक शून्य-योग खेल होता है। कुछ लोग जश्न मनाते हैं और कुछ आलोचना करते हैं। यह द्वंद्व है जो न्यायालयों के कामकाज में जांच को आमंत्रित करता है। कुछ लोगों के लिए भारत की सांवधानिक अदालतें दुनिया की सबसे शक्तिशाली अदालतों में से हैं। न्यायाधीशों के रूप में दृष्टिकोण और आलोचना मायने रखती है। क्योंकि हमारा सबसे पहला कर्तव्य जनता के प्रति है और दूसरा खुला और पारदर्शी होना न्यायपालिका की सबसे बड़ी ताकत है।

### पीएम से मिले हेमंत-कल्पना सोरेन

एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन सरकार बनाने वाला है। झामुमो की जीत के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली दौरे पर हैं। आज उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलने से पहले हेमंत और उनकी पत्नी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने संसद भवन पहुंचे थे। बता दें कि इस महीने हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 81 में से 34 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं भाजपा ने 21, आजसू ने एक, लोजपा रामविलास ने एक, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने एक, जनता दल यूनाइटेड ने एक सीट पर जीत मिली।

## नाइट क्लब के बाहर हुए दो बम धमाकों की जिम्मेदारी गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने ली

चंडीगढ़, 26 नवंबर (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित दो क्लबों के पास सोमवार रात करीब सवा तीन बजे दो जोरदार धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस सहित अन्य जांच टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू की।

वहीं मंगलवार को लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने इस बम ब्लॉस्ट की जिम्मेदारी ली है। फेसबुक पर एक पोस्ट अपलोड करके लिखा है कि चंडीगढ़ में हुए बम ब्लॉस्ट हमने करवाया है। इसके बाद अब जांच टीमें इस घटना को फिरौती मांगने के अलावा आतंकी गतिविधियों से भी जोड़कर देख रही है। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-26 स्थित डेयोरा और सेवले क्लब के बाहर बाइक पर आए दो युवक विस्फोट करके मौके से फरार हो गए हैं। धमाके से क्लब के सभी शीशे चटक गए। पुलिस सहित फोरेंसिक एक्सपर्ट व अन्य जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गई हैं और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया है। पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है और जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जूट की रस्सी से बनाए गए बम फेंककर हमला किया गया था।

## महाराष्ट्र में भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी

**विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान होगा**
**रिजल्ट के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री तय नहीं**

मुंबई, 26 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान करेंगे। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनको अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। विधानसभा का कार्यकाल आज यानी 26 नवंबर तक ही है। नए मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है।

तब तक शिंदे ही कार्यवाहक सीएम रहेंगे। शिंदे 28 जून 2022 से 26 नवंबर 2024 तक सीएम रहे। शिंदे के इस्तीफे के बाद भाजपा विधायकों की मुंबई में बैठक बुलाई गई है। इसमें फडणवीस को नेता चुना जाएगा। इसके बाद सह्याद्रि गेस्ट हाउस में शिंदे, फडणवीस और अजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम लगभग फाइनल हो चुका है। आज ही उनके नाम की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

## शरद गुट ने सुप्रीम कोर्ट में अजित गुट के खिलाफ पेश किया हलफनामा



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं। इस बीच एनसीपी शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। एनसीपी शरद गुट ने अजित पवार गुट के चुनाव चिन्ह को लेकर शिकायत की है। अपने हलफनामे में शरद गुट ने कहा कि अजित पवार ने 'घड़ी' चुनाव चिन्ह को लेकर मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा करने की कोशिश की। शरद पवार ने इसके लिए 6 दस्तावेज पेश करने की इजाजत भी मांगी है।

जुलाई 2023 में अजित पवार ने एनसीपी से बगावत की थी और 40 विधायकों के साथ अलग हो गए थे। इसके बाद वह एकनाथ शिंदे की सरकार में शामिल हो गए थे और डिप्टी सीएम बने थे। यह मामला चुनाव आयोग पहुंचा तो अजित पवार खेमे को असली एनसीपी बताया गया और उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। इसके बाद शरद पवार गुट सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और इसे चुनौती दी। हालांकि अदालत में शरद गुट को आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए एनसीपी (शरद पवार) नाम और तुरही चुनाव चिन्ह को इस्तेमाल करने की अनुमति दी। इसके अलावा अदालत में अजित पवार अच्छा को एनसीपी पार्टी का नाम और घड़ी चुनाव चिन्ह का उपयोग करने की अनुमति दी गई। इस फैसले का सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया गया था और यह मामला अभी पेंडिंग है। शरद पवार ने अजित पवार पर अदालत के आदेशों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।



# सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने सीजेआई से लगाई गुहार

## संजीव खन्ना से साफ कह दिया नो, फायदे भी गिनवाए



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। नए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना ने मंगलवार को संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान साफ कर दिया कि लेटर के जरिए एडजर्नमेंट मांगने के पुराने सिस्टम को वापस बहाल नहीं किया जाएगा। बार एसोसिएशन के सदस्यों की तरफ से इसे लेकर रिक्वेस्ट की गई थी। हालांकि सीजेआई खन्ना ने कहा कि एक समय में लगभग एक हजार एडजर्नमेंट लेटर रोजाना प्रसारित किए जाते थे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह संख्या घटकर लगभग 150 रह गई है। इसलिए सीजेआई ने कहा कि पिछली प्रणाली पर वापस जाने का प्रतिकूल असर पड़ेगा। पिछले साल दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने अस्थायी रूप से लेटर प्रसारित कर केस की सुनवाई के दौरान एडजर्नमेंट मांगने पर रोक लगा दी थी। बाद में इस सिस्टम में कुछ बदलाव किए गए और इसी साल फरवरी में कोर्ट ने लेटर प्रसारित करने की एक नई प्रक्रिया अधिसूचित की। नई व्यवस्था के तहत कुछ श्रेणियों के मामलों में एडजर्नमेंट के लिए पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। कहा गया कि नए और नियमित सुनवाई के मामलों पर भी विचार नहीं किया जाएगा। नए प्रोटोकॉल के तहत एडजर्नमेंट लेटर केवल एक बार प्रसारित किए जा सकते हैं।

**क्या कहता है डेटा?**

जस्टिस संजीव खन्ना के सीजेआई बनने के बाद बार के सदस्यों ने उनसे एडजर्नमेंट लेटर के प्रसार की अनुमति देने का अनुरोध किया। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि अनुरोध को मंजूरी नहीं दी जाएगी। आज सीजेआई ने कहा, "मेरे पास एक अनुरोध है और मुझे उम्मीद है कि इसे सही भावना से लिया जाएगा। मुझे बार-बार एडजर्नमेंट लेटर को फिर से प्रसारित करने के अनुरोध मिल रहे हैं। मैंने डेटा देखा है। डेटा से पता चलता है कि तीन महीनों में लगभग 9000-10,000 आवेदन या स्थगन के लिए पत्र प्रसारित किए गए थे, जो प्रतिदिन 1000 स्थगन पत्रों से अधिक है। इसलिए हमारे लिए पहले की प्रणाली पर वापस जाना संभव नहीं होगा।"

**सुधार के लिए सुझाव दे सकते हैं वकील**

सीजेआई खनना ने कहा, " हमने जो भी प्रणाली अपनाई है, अगर आप सुधार के लिए सुझाव देते हैं, तो हम उस पर विचार कर सकते हैं। लेकिन पहले की प्रणाली पर वापस जाना प्रतिकूल हो सकता है। हमें पिछले 11 महीनों में नई प्रणाली में लगभग 1400 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आप अंतर देख सकते हैं। ये प्रतिदिन 100 आवेदन से लेकर महीने में 150 आवेदन तक हो गए हैं। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है। इसलिए हमें सही भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आज हमारे लिए आत्मनिरीक्षण करने, अपनी मजबूत बातों और कमजोरियों को देखने का दिन है।"

# बीबीएमपी में 46,300 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

## ईडी को लिखा गया पत्र



बेंगलूरू, 26 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में घोटाले का एक ऐसा आरोप सामने आया है जिससे पूरे देश के लोग चौंक सकते हैं। दरअसल, एन्टी करप्शन फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने बेंगलुरु महानगर निगम यानि बीबीएमपी में 46300 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। एनआर रमेश ने इन आरोपों को लगाने के साथ ही बीबीएमपी आयुक्त समेत 18 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पत्र भी लिखा है।

**क्या है पूरा मामला?**

एनआर रमेश द्वारा ईडी को लिखे गए इस पत्र में कहा गया है कि साल 2013-14 से साल 2023-24 तक साढ़े 9 वर्षों के दौरान बेंगलुरु महानगर निगम के अंतर्गत सड़क विकास कार्यों (सफ़ेद टॉपिंग कार्य, नालियाँ और डामरीकरण) के लिए विभिन्न अनुदानों के माध्यम से 46,300 करोड़ रुपये का भारी अनुदान जारी किया गया था।

**4,113 पन्नों के दस्तावेज सौंपे**

एनआर रमेश ने पत्र में आरोप लगाते हुए इस घोटाले में शामिल निगम के मुख्य आयुक्त तुषार गिरिनाथ, प्रशासनिक अधिकारी उमाशंकर समेत 18 आईएएस अधिकारियों और निगम के सभी भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में शिकायत दर्ज कर 4,113 पन्नों के दस्तावेज सौंपे हैं। इन दस्तावेजों में में आरोप लगाया गया है कि टोटल ग्रांट में 75% से अधिक धन की हेराफेरी की गई है। ईडी को लिखा गया पत्र।

**केर्स दर्ज करने की अपील**

एन्टी करप्शन फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने अपने पत्र में ईडी से सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़े 46,300 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले के संबंध में, बीएनएस-2023 के तहत सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक धन का दुरुपयोग, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, जालसाजी और सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए केर्स दर्ज करने की अपील की है।

# त्रिशूर में सड़क हादसा, डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक ने सो रहे लोगों को कुचला, 5 की मौत

त्रिशूर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के त्रिशूर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हाईवे पर कन्नूर से लकड़ी लेकर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित हो गया। डिवाइडर को तोड़ते सड़क किनारे सो रहे लोगों को ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में 11 लोग घायल भी हुए हैं। हादसा मंगलवार सुबह 3.50 बजे हुआ है। मृतकों में कलियप्पन (50), बंगाझी (20), नागम्मा (39), जीवन (4) और विश्वा (1) शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया हैं। घायलों में से एक ने पुलिस को सूचना दी थी। कोडुंगल्लूर के पुलिस उपाधीक्षक वीके राजू और वलपद के थाना प्रभारी एमके रमेश भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रक के साथ जा रहे युवक एहियाकुन्निल एलेक्स (33) और चामकालाचिरा(54) को हिरासत में ले लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। ये दोनों कन्नूर के रहने वाले हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों के परिजन को सूचना भेज दी गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को उन्हें सौंप दिया जाएगा। पुलिस ये पता लगा रही है कि ये हादसा क्यों हुआ? क्या ट्रक में कोई तकनीकी गड़बड़ी थी या ड्राइवर की गलती की वजह से ये हादसा हुआ,

# संजय राउत का सीएम पद पर बड़ा बयान

### बोले- 'एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस गुलाम हैं' पीएम मोदी और अमित शाह 'चाहेंगे वही होगा



मुंबई, 26 नवंबर (एजेंसियां)। शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने मुख्यमंत्री पद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सीएम तय करेंगे, एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस नहीं। उन्होंने कहा कि ये तो गुलाम हैं। ये बीजेपी की सब कंपनी है, जो अमित शाह और नरेंद्र मोदी चाहेंगे वही होगा, मेरे हिसाब से बीजेपी का ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए जो आंकड़ा बीजेपी की पास है, फडणवीस को ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए। इससे पहले संजय राउत ने यह पूछे जाने पर कि क्या एकनाथ शिंदे बालासाहेब ठाकरे हैं जो इतने सीट जीत गए? क्या अजित पवार शरद पवार से ज्यादा ताकतवर हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम चुनाव हारे नहीं हैं। इसमें कुछ गड़बड़ है। मतगणना के दिन शुरुआती रुझान के दो घंटे तक महायुति और एमवीए गठबंधन कुछ सीटों के आंकड़ों से आगे पीछे थे। उन्होंने कहा कि अचानक 10 बजकर 10 मिनट पर सीन बदल गया। महायुति 254 तक पहुंच गई और एमवीए 50 के आसपास आकर सिमट गई। ऐसा कैसे हो गया? इसके विरोध में महाराष्ट्र में लोगों ने सड़कों पर आकर प्रदर्शन भी किया।

# आरोपी हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार करने की मांग

## पीड़िता के साथ भीम आर्मी ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

हरदा, 26 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के हरदा जिले के कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल शिवशंकर चौरे के खिलाफ बीते दिनों दर्ज हुए मामले में कार्रवाई को लेकर अब भीम आर्मी सहित दूसरे सामाजिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। इन संगठनों के सदस्यों ने पीड़िता और उसके पति के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट गेट के बाहर करीब दो घंटे तक धरना दिया। इस दौरान पीड़िता के पति के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई। बता दें कि, आरोपी हेड कांस्टेबल शिवशंकर चौरे के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पीड़िता करीब डेढ़ माह से अधिकारियों के चक्कर लगा रही थी। लेकिन सुनवाई नहीं होने से परेशान होकर उसने आत्महत्या का प्रयास भी किया। जिसके बाद 18 नवंबर को देर रात आरोपी हेड कांस्टेबल के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज किया गया। लेकिन, इसके अगले दिन ही पुलिस ने काउंटर केस दर्ज करते हुए पीड़िता के पति पर भी मामला दर्ज कर लिया था।

**पीड़िता बोली, एसपी ने मांगे एविडेंस**

पीड़िता के पति के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को झूठा बताकर सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने एसपी से मिलने की मांग रखी। इसके बाद पहुंचे एएसपी आर।डी। प्रजापति को वापस लौटाने के बाद डीएसपी सुनील लाटा को उन्होंने ज्ञापन सौंपा। इसमें एससी-एसटी संगठन के राहुल पवार ने 5 सूत्रीय मांग करते हुए आरोपी हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दूसरे जिले में ट्रांसफर करने, उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने और आरोपी की पत्नी की झूठी एफआईआर को निरस्त करने की मांग की।

# केरल के पंथीरंकावु घरेलू हिंसा मामले में नया मोड़; पीड़िता ने फिर पति पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया

कोच्ची, 26 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के पंथीरंकावु घरेलू हिंसा मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। पीड़िता ने एक बार फिर अपने पति पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। इससे पहले केरल हाई कोर्ट ने उसकी और उसके पति की संयुक्त याचिका पर घरेलू हिंसा के मामले को रद्द कर दिया था। पुलिस ने शनिवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चेहरे पर चोट लगने के कारण सोमवार को महिला के पति ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, महिला पहले अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करने से इनकार कर रही है। हालांकि, बाद में मंगलवार को महिला ने शिकायत दर्ज करने का फैसला किया। एक अधिकारी ने बताया कि उसका बयान दर्ज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि पति को हिरासत में ले लिया गया है।

# दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल 2 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार, सीबीआई ने बिछाया था जाल

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के मुताबिक संजय कुमार नाम का ये हेड कांस्टेबल दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में तैनात था। दरअसल, सीबीआई ने 25 नवंबर 2024 को एक मामला दर्ज किया था। एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर 2 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। सीबीआई के मुताबिक रिश्वत ना देने पर ये शिकायतकर्ता को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे थे।



**एसआई और एएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार**

सीबीआई ने शिकायत की जांच के बाद सोमवार को जाल बिछाया और हेड कांस्टेबल संजय कुमार को रिश्वत की रकम लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई की अभी तक की जांच के मुताबिक ये रकम उसने एसआई संजीव और एएसआई किरोड़ी मल के कहने पर ली थी। सीबीआई ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के मुताबिक यह मामला सामने आने के बाद एसआई संजीव कुमार और एएसआई किरोड़ीमल दोनों को निलंबित कर दिया गया है। जबकि टीम के इंस्पेक्टर पंकज को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

**2 जुलाई को भी गिरफ्तार हुआ था एसआई**

इससे पहले 20 जुलाई 2024 को भी सीबीआई ने पुलिस के सब-इंस्पेक्टर को उस समय गिरफ्तार किया था जब वह रिश्वत ले रहा था। हौज खास पुलिस स्टेशन में तैनात सब-इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह यादव को छापेमारी के दौरान कथित तौर पर 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों सीबीआई ने पकड़ा था। इसके अलावा, पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में तैनात हेड कांस्टेबल सुधाकर और राजकुमार को कुल 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि में से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।

# पिकनिक जा रही स्कूल बस पलटी, छात्र की मौत, कई घायल

नागपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पिकनिक स्थल पर जा रही बस के मंगलवार सुबह पलट जाने से एक छात्र की मौत हो गई। वहीं कई छात्र तथा शिक्षक घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब यहां शंकर नगर इलाके में सरस्वती हाई स्कूल के छात्र और शिक्षक पांच बसों से पड़ोसी वर्धा जिले में पिकनिक स्पॉट पर जा रहे थे। हिंगना पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के बाहरी इलाके में हिंगानी रोड पर देवली पेंधारी गांव के पास एक बस पलट गई, जिसमें करीब 50 लोग सवार थे। उन्होंने नाम का खुलासा किए बिना बताया कि मृतक सातवीं कक्षा का छात्र था। एक लड़की और एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें नागपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य को पास के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के पास बोरों में भरा मिला महिला का शव

मुंबई, 26 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई से एक डरावनी खबर सामने आई है। यहां के मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के पास दो बोरों में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिरगांव फाटा इलाके की सफाई कर रहे कर्मचारियों ने बोरों को देखा। बाद में जब इन्हें खोला तो एक शव मिला। बाद में सोमवार दोपहर पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि करीब 30 साल की उम्र के आसपास की महिला के शव को दो बोरियों में भरकर एक्सप्रेसवे के पास झाड़ियों में फेंक दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के मुताबिक हो सकता है कि महिला की दो दिन पहले हत्या की गई हो, जिसकी वजह से शव सड़ने लगा था। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# 'कौन हूं, मेरा ठिकाना कहां है, बता दीजिए साहब' थाने पहुंचकर पुलिस से किए सवाल, 20 पहले हुआ था किडनैप

गाजियाबाद, 26 नवंबर (एजेंसियां)। बीस साल पहले अगवा हुआ एक युवक गाजियाबाद के खोड़ा थाने पहुंचा। यहां युवक ने पुलिस से घर पहुंचने की मांग की, लेकिन काफी कोशिश के बाद भी पुलिस युवक को उसके घर नहीं पहुंच पाई। पुलिस निरंतर युवक के परिवार की तालाश में लगी हुई है। गाजियाबाद पुलिस ने इस संबंध में गौतमबुद्ध नगर पुलिस की टीम को युवक के बारे में जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश में कुछ लोग थाने में आ रहे हैं, लेकिन युवक उन्हें पहचान नहीं पा रहा है। खोड़ा थाने पहुंचे युवक ने बताया कि मैं नोएडा का रहने वाला हूं। मुझे कुछ लोग अगवा करके राजस्थान के जैसलमेर ले गए थे। उस समय मेरी उम्र केवल 10 साल थी। युवक ने बताया कि ट्रेक में सवार कुछ लोग जबरन ले गए थे, जहां उन्होंने कुछ समय तक मुझे बीहड़ वाले इलाके के एक कमरे में बंद रखा था।

बाद में आगवा करने वाले लोग मुझसे जानवर चरवाने लगे थे। युवक ने बताया कि उसको परिवार के बारे में बहुत ज्यादा याद नहीं है। उसे सिर्फ इतना याद है कि वह चार बहनों का इकलौता भाई है। युवक को अपने परिवार और गांव को भी पता नहीं है। युवक को इतना पता है कि वह सरकारी स्कूल में पढ़ता था, जहां से आते-जाते समय बीच में एक हनुमान मंदिर पड़ता था। खोड़ा पुलिस का कहना है कि युवक के संबंध में गौतमबुद्ध नगर पुलिस के सभी थानों को सूचना दे दी गई है। पुलिस इसके अलावा 20 पहले लापता हुए युवक की गुमशुदगी की एफआईआर तलाश कर रही है, जिससे युवक के परिजन का पता लगाया जा सके।

# गुजरात में वैन और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर, 4 महिलाओं की मौत; 16 घायल

सुरेंद्रनगर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में एक दर्दनाक हादसे का मामला सामने आया है। यहां एक पिकअप वैन और ट्रक के बीच भयंकर टक्कर हो गई। इस हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य लोग घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है पीड़ित किसी धार्मिक अनुष्ठान के लिए सोमनाथ जा रहे थे, तभी ये हादसा हुआ।

**आमने-सामने से हुई टक्कर**

स्थानीय थाने के पुलिस निरीक्षक आई। बी। वाल्वी ने बताया कि यह घटना रात करीब साढ़े 10 बजे की बताई जा रही है। यहां चोटिला के पास ये हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे के दौरान वैन में 20 यात्री सवार थे। इसी बीच वैन की ट्रक से टक्कर हो गई और टक्कर के बाद दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य यात्रियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि वैन और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हुई है, जिससे चार महिलाओं की मौत हुई।

**सोमनाथ जा रहे थे वैन सवार लोग**

अधिकारी ने बताया कि वैन सुरेंद्रनगर के लिंबडी तालुका के शियानी गांव से सोमनाथ जा रही थी। वहीं ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। घटना के समय ट्रक सड़क के किनारे एक होटल के पास रुकने के लिए दाहिनी ओर मुड़ रहा था। इसी दौरान सामने से वैन आई और ट्रक में टकरा गई, जिससे ये हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार होकर पीड़ित अपने पूर्वजों के लिए एक धार्मिक अनुष्ठान 'पितृ तर्पण' करने के वास्ते सोमनाथ जा रहे थे। वहीं एक्सीडेंट में घायल हुए 16 यात्रियों को आनन-फानन में राजकोट सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इसके अलावा मृतकों की पहचान मगजीबेन रेथारिया (72), गलालबेन रेथारिया (60), मंजूबेन रेथारिया (65) और गौरीबेन रेथारिया (68) के रूप में हुई है।

# ग्रेटर नोएडा की सोफा फैक्ट्री में भीषण आग

## तीन कर्मचारियों की जिंदा जलकर मौत

ग्रेटर नोएडा, 26 नवंबर (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में स्थित साइट-4 की एक सोफा बनाने वाली फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह भीषण आग लगने से 3 कर्मचारियों की मौत हो गई। यह हादसा फैक्ट्री नंबर 4-जी में उस समय हुआ, जब कर्मचारी सो रहे थे। आग लगते ही चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल हो गया। चीख-पुकार मच गई। लोग भागते दिखे।

हालांकि, जान बचाने की लाख कोशिशों के बावजूद तीन लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान 23 वर्षीय गुलफाम (निवासी मथुरा), 29 वर्षीय मजहर आलम (निवासी कटिहार, बिहार) और 24 वर्षीय दिलशाद (निवासी अररिया, बिहार) के रूप में हुई है। आग कैसे लगी, इसके पीछे की वजह क्या है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस भी आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

**हादसे में तीन की गई जान**

फैक्ट्री में आग लगने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद आग लगने की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। तीन लोगों की जान जा चुकी थी।

# 'लोग यह न मानें कि न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका निभाएगी', पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की दो टूक



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (चीफ जस्टिस) डीवाई चंद्रचूड़ ने एक साक्षात्कर में न्यायपालिका की भूमिका को लेकर स्पष्ट जवाब दिए। दरअसल, चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी राहुल गांधी के उस बयान को लेकर आई, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि विपक्ष ने न्यायपालिका का काम करने की जिम्मेदारी भी खुद पर ही ले ली है। इस पर पूर्व सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका यहां कानूनों का परीक्षण करने के लिए है और लोगों को यह नहीं मान लेना चाहिए कि वह (न्यायपालिका) संसद और राज्यों की विधानसभा में विपक्ष की भूमिका भी निभाएगी। इंटरव्यू में चंद्रचूड़ ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक विपक्ष के लिए अलग जगह है। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे पर विपक्ष के नेता के साथ शामिल नहीं होना चाहता, क्योंकि हम यहां इस मुद्दे पर बात करने के लिए नहीं हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कई बार यह गलतफहमी होती है कि न्यायपालिका की भूमिका विधायिका में विपक्ष की होती है, जबकि ऐसा नहीं है। हम यहां कानूनों के परीक्षण के लिए हैं। पूर्व सीजेआई ने कहा, हम यहां कार्यपालिका के कामों की जांच की जिम्मेदारी मिली है कि वह कानून और संविधान के तहत हैं या नहीं। लोकतंत्र में राजनीतिक विपक्ष के लिए अलग जगह है। लेकिन लोग न्यायपालिका के कंधे पर बंदूक रखकर गोली चलाना चाहते हैं और न्यायालयों को राजनीतिक विपक्ष की जगह में बदलना चाहते हैं। चंद्रचूड़ से जब प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता से मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया मंचों पर चर्चा को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इंसानों के तौर पर आधिकारिक बैठकों में सामाजिक होना प्राकृतिक बात है। उन्होंने कहा, कई बार ऐसा होता है कि आप विपक्ष के नेता से बात करते हैं। उदाहरण के तौर पर हमारे कई विधानों में कहा गया है कि कुछ पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस और विपक्ष के नेता की सेलेक्शन कमेटी होगी। अब उसमें आपको चर्चाएं करनी होती हैं और आप किसी निष्कर्ष पर पहुंचते हैं। जब आप निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं तब इंसान होने के नाते आप 10 मिनट चाय पर बिताते हैं। आप क्रिकेट से लेकर फिल्मों और अन्य चीजों के बारे में भी चर्चा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को गणपति पूजा के दौरान अपने घर बुलाने पर उठे विवाद पर पूर्व सीजेआई ने कहा, यह कोई अनोखी घटना नहीं थी। यह एक सामाजिक मिलाप था। मैं कह चुका हूं कि पहले भी प्रधानमंत्री जजों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में मिलते रहे हैं। लेकिन हम जो काम करते हैं, उसमें हम एक-दूसरे से बिल्कुल स्वतंत्र हैं।

# काशी एक्सप्रेस के सामने युवक ने कूदकर दी जान

नर्मदापुरम, 26 नवंबर (एजेंसियां)। नर्मदापुरम के सोहागपुर में काशी एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर 20 साल के एक युवक ने जान दे दी। घटना मंगलवार देर रात की है। मंगलवार सुबह युवक का शव रेलवे ट्रैक पर तीन हिस्से में मिला। सोहागपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया। शव एकत्र कर पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया। पुलिस ने शव की पहचान मुकेश पिता रमेश मालवीय निवासी बारंगी सोहागपुर के रुप की है। एसडीओपी संजू चौहान ने बताया मृतक मुकेश मालवीय टीबी बीमारी से ग्रसित था।

रात को वो एक शादी समारोह से घर आया। कुछ देर बाद घर से बिना कुछ बोले चला गया। वापस नहीं आया तो परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे। मंगलवार सुबह इटारसी-सोहागपुर के बीच में बांसाखापा के करीब रेलवे ट्रैक पर खंबा नंबर 790/24 के पास एक युवक के शव मिलने की सूचना मिली। जिसके बाद आसपास के गांवों में पुलिस ने युवक के बारे में पड़ताल की। इस बीच परिजन युवक को ढूंढते हुए पहुंचे। मृतक की पहचान मुकेश मालवीय के रूप में की। रात में काशी एक्सप्रेस के सामने उसने कूदकर जान दी है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
बुधवार, 27 नवंबर, 2024 3

सुविचार: हर कोई आप को समझ नहीं सकता और आप हर किसी को समझा नहीं सकते!

# पिछली सरकार को श्रद्धालुओं की परवाह नहीं थी : कोंडा सुरेखा

## 50 लाख रुपये की लागत से मंदिर विकास कार्यों का शिलान्यास किया



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण और धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने आज पेद्दापल्ली जिले के सब्बीथम गांव में श्री सीतारमंजनेय स्वामी मंदिर का दौरा किया। रंगपुर गांव में मंदिर के दर्शन करने पहुंची मंत्री सुरेखा का पेद्दापल्ली विधायक चिंताकुंटा विजयरमन राव ने स्वागत किया। मंत्री सुरेखा ने कलाकारों के बीच रंगपुर से सब्बीथम निकाली गई रैली में हिस्सा लिया। इस मौके पर मंत्री ने विशेष पूजा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद 50 लाख की लागत से मंदिर के विकास के लिए होने वाले कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि आज सब्बीथम में श्री सीतारमनजनेय स्वामी मंदिर के विकास के लिए शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास के लिए धर्मस्व विभाग के सीजीएफ फंड से 50 लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि श्री सीतारमनजनेय स्वामी मंदिर के महत्व को देखते हुए मंदिर को देवोदय विभाग के दायरे में लिया गया है। मंत्री सुरेखा ने घोषणा की कि ओडेला मल्लिकार्जुनस्वामी मंदिर के सहायक मंदिर के रूप में श्री सीतारमनजनेय स्वामी देवालय को देवदाय विभाग से हर महीने 20 हजार रुपये मंजूर किए जा रहे हैं। यह घोषणा की गई कि धूप दीपा नैवेद्यम योजना मंदिर में लागू की जाएगी। मंत्री ने कहा कि पेद्दापल्ली निर्वाचन क्षेत्र के 260 मंदिरों को धूपदीप नैवेद्य योजना के तहत मदद मिल रही है। मंदिरों को देवोदय विभाग के दायरे में लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार आडंबर में लगी रही और श्रद्धालुओं की बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जन सरकार आने के बाद मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। मंत्री सुरेखा ने कहा कि यदाद्री, वेमुलावाड़ा और भद्राचलम मंदिरों के साथ-साथ अन्य मंदिरों में बुनियादी सुविधाओं का अच्छी तरह से विकास किया गया है। मंत्री सुरेखा ने कहा कि यदाद्री मंदिर के विमान गोपुरम को सोना चढ़ाने के साथ-साथ वेमुलावाड़ा मंदिर के विमान गोपुरम को भी सोना चढ़ाने का काम जल्द ही किया जाएगा। कार्यक्रम में पेद्दापल्ली विधायक चिंताकुंटा विजयरमन राव, कलेक्टर श्रीहर्ष, मंदिर के अध्यक्ष मंडला सुभासिनी रेड्डी, स्थानीय कांग्रेस नेता और अन्य लोगों ने भाग लिया।

## रात 9 बजे तक खुला रहेगा ओयू का मुख्य द्वार

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) के मुख्य द्वार रात 9 बजे तक खुले रहेंगे। ओयू के कुलपति प्रोफेसर कुमार मोलुगरम ने संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के अनुरोध के अनुसार यह निर्णय लिया। वर्तमान में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार रात्रि 8 बजे बंद कर दिए जाते हैं, लेकिन इस नए निर्णय से वाहनों की आवाजाही के लिए एक घंटा अतिरिक्त समय मिल जाएगा।

ओयू प्राधिकारियों ने पैदल यात्रियों के आवागमन के लिए सुबह और शाम को कुछ लचीलापन प्रदान करने का भी निर्णय लिया है, जो कि रामनाथपुर की ओर स्थित रविन्द्र नगर पैदल यात्री द्वार के माध्यम से प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय ने यह निर्णय परिसर में चल रही निर्माण गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए लिया है तथा यह सुनिश्चित करने के लिए लिया है कि परिसर में रहने वाले श्रमिकों के बच्चे स्कूल समय में स्कूल जा सकें।

# राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना सामाजिक न्याय के लिए तीसरा आंदोलन : सीएम रेवंत



नई दिल्ली/हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि देश भर में जाति जनगणना कांग्रेस के नेतृत्व में हासिल किया जाने वाला तीसरा सामाजिक न्याय आंदोलन होगा। सामाजिक न्याय का पहला चरण नेहरू और इंदिरा गांधी के शासनकाल के दौरान एससी और एसटी समुदायों के लिए आरक्षण और बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरूआत करके हासिल किया गया था। इसी तरह, राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान 18 वर्ष की आयु के लोगों को मतदान का अधिकार देने और मंडल आयोग के माध्यम से सामाजिक न्याय 2.0 हासिल किया गया है। रेवंत रेड्डी ने कहा कि सामाजिक न्याय 3.0 की शुरूआत सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में जाति जनगणना शुरू करने से हुई। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, तेलंगाना सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और जाति सर्वेक्षण शुरू किए हैं। तेलंगाना राज्य में लगभग 92 प्रतिशत सर्वेक्षण पहले ही पूरा हो चुका है। रेवंत रेड्डी मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संविधान रक्षा अभियान बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तेलंगाना में जाति सर्वेक्षण पूरा होने के बाद राज्य सरकार सामाजिक न्याय के लिए तीसरे महायुद्ध को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि जितनी भागी दारी..उतनी उससे दारी (समुदायों को जनसंख्या के अनुपात में उनका उचित हिस्सा मिलेगा) के सिद्धांत को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों से देश में संविधान खतरे में है और राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाया। उन्होंने कहा कि जब मोदी ने 400 सीटें मांगी तो लोगों ने केवल 240 सीटें जीतने का जनादेश दिया क्योंकि लोग राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए आंदोलन के पीछे एकजुट हो गए थे। उन्होंने कहा, देश में लोगों ने मोदी को हराया है और वायनाड तथा नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव के नतीजे इसका सबूत हैं।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन ने जीत दर्ज की है और झारखंड में कांग्रेस गठबंधन ने जीत दर्ज की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की रक्षा की लड़ाई केवल राहुल गांधी तक सीमित नहीं है और उन्होंने लोगों से इस आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, हमें याद रखना चाहिए कि चल रही लड़ाई संविधान के रक्षकों और संविधान के दुश्मनों के बीच है।

## पत्नी की हत्या के जुर्म में व्यक्ति को आजीवन कारावास

### 2 हजार लगा जुर्माना, 4 साल पहले हुई थी घटना

निर्मल, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल की एक अदालत ने 4 साल पहले अपनी पत्नी को जलाकर हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया। निर्मल जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ए कर्णकुमार ने 1 अक्टूबर, 2020 को कुबीर मंडल के बेलगांव गांव की अपनी पत्नी नवनीत की हत्या के लिए दोषी पाते हुए महाराष्ट्र के सिरंजी गांव के शीलेवर बालाजी को आजीवन कारावास और जुर्माना भरने का फैसला सुनाया। बालाजी पर नवनीत की हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया था। उसने कथित तौर पर उसके शरीर पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी थी। उसे शक था कि वह फोन पर किसी से बात कर रही थी। 12 अक्टूबर को अस्पताल में इलाज के दौरान नवनीत की मौत हो गई थी। दंपति के 7 और 5 साल के दो बेटे थे। तत्कालीन भैंसा इंस्पेक्टर पी. चंद्रशेखर ने जांच की और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

# 'संरक्षित पक्षियों' के शिकार के आरोप में 7 पर केस

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशु प्रेमियों और पीपुल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) के स्वयंसेवकों ने सूर्यापेट के हुजूरनगर पुलिस स्टेशन में स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर 7 लोगों के एक समूह को रोका, जो वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम (डब्ल्यूपीए), 1972 की अनुसूची-2 के तहत संरक्षित पक्षियों, बगुले और जलकाग का शिकार कर रहे थे। उन्होंने एक प्राथमिकी भी दर्ज की। हुजूरनगर पुलिस स्टेशन ने पेटा इंडिया की शिकायत के आधार पर 7 व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की। कथित तौर पर आरोपियों को कलमलचेरवु गांव के एक निवासी ने पक्षियों को मछली के तालाब से मछलियां खाने से दूर रखने के लिए काम पर रखा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मज़ललोडर बंदूकें, बारूद के चार डिब्बे और छह मृत पक्षी जब्त किए।

# चिट ग्राहकों से करीब तीन करोड़ वसूलने वाला गिरफ्तार

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद की ईओडब्ल्यू पुलिस ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और चिट ग्राहकों से 2,79,57,438 रुपये की राशि वसूलने में शामिल आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अप्पमपल्ली सूर्य प्रताप रेड्डी, निवासी चंदा नगर, सेरिलिंगमपल्ली, रंगारेड्डी जिले का रहने वाला है। आरोपी को नासर खान निवासी चंदा नगर, सेरिलिंगमपल्ली, रंगारेड्डी जिला की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी व्यक्ति ए. सूर्य प्रताप रेड्डी चंदा नगर में अपने घर में मासिक गैर-पंजीकृत निजी चिट चला रहा था। आरोपी ए. सूर्य प्रताप रेड्डी (14) वर्षों से मासिक चिट का संचालन कर रहा है। आरोपी ने अपने इलाके और मियापुर, कुकटपल्ली, पटनचेरुवु के आस-पास के इलाकों के निवासियों का बहुत भरोसा और विश्वास जीता। उन पर विश्वास करके बड़ी संख्या में लोग चिट के ग्राहक बन गए। आरोपी कमीशन के आधार पर 1 लाख, 2 लाख, 5 लाख, 10 लाख और 25 लाख रुपये के चिट बनाए रखता था।

आरोपी ने मासिक चिट के नाम पर (80) ग्राहकों से 2,79,57,438 रुपये की राशि एकत्र की। अचानक आरोपी ने अपना घर बंद कर दिया और इलाके से भाग गया। आरोपी ए. सूर्य प्रताप रेड्डी को करमनघाट से गिरफ्तार किया गया।

# तेलंगाना में ग्रुप-2 परीक्षा स्थगित करने की मांग तेज

## 15 और 16 दिसंबर को होने वाली है परीक्षा

## बेरोजगारों के हित में लिया जाए फैसला

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 15 और 16 दिसंबर को होने वाली ग्रुप-2 सेवा भर्ती परीक्षा को स्थगित करने की मांग तेज हो गई है। ग्रुप-2 और आरआरबी परीक्षा एक ही दिन होने के कारण, उम्मीदवारों ने तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) और कांग्रेस सरकार से ग्रुप-2 परीक्षा को 15 या 20 दिनों के लिए स्थगित करने की मांग की है।

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने हाल ही में जूनियर इंजीनियर और अन्य श्रेणियों के पदों के लिए 16, 17 और 18 दिसंबर को होने वाली भर्ती परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित किया था। यह कार्यक्रम 15 और 16 दिसंबर को निर्धारित टीजीपीएससी भर्ती परीक्षा से टकरा गया था।

शेड्यूल में इस टकराव के कारण उम्मीदवारों ने ग्रुप-2 परीक्षा को स्थगित करने की मांग की है, ताकि दोनों परीक्षाओं में बैठने का उचित अवसर मिल सके।

इसके अलावा, आरआरबी परीक्षा पूरे देश में आयोजित की जाती है और इसे पुनर्निर्धारित करना आरआरबी के लिए मुश्किल होगा। टीजीपीएससी को सौंपे गए एक ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने कहा कि परीक्षा कार्यक्रम में टकराव एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि अभ्यर्थी एक साथ दोनों परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाएंगे। बेरोजगार युवाओं के लिए दोनों परीक्षाओं के महत्व को देखते हुए, हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि आप ग्रुप-2 को पुनर्निर्धारित करने पर विचार करें, जिससे बेरोजगारों को दोनों परीक्षाएं देने और समान अवसर प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## दक्षिण मध्य रेलवे ने राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने पूरे जोन में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर, एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने जोन के एससीआर मुख्यालय रेल निलयम में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। यह दिन भारत के संविधान के अनुकूलन के उपलक्ष्य में हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## मूसी नदी में रसायन छोड़ने के आरोप में टैंकर जब्त

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अत्तापुर पुलिस ने सोमवार रात एक टैंकर को जब्त कर लिया, जब लंगर हाउस के स्थानीय निवासियों ने एक ट्रक चालक को टैंकर से रासायनिक अपशिष्ट को मूसी नदी में छोड़ने की कोशिश करते देखा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सोमवार रात को बड़ा टैंकर राम मंदिर लंगर हाउस के पास मूसी नदी की ओर चला गया।

रात के अंधेरे में हाइड्रोक्लोरिक एसिड के बड़े अक्षरों वाले ट्रक को देखकर, आस-पास के संदिग्ध निवासियों ने ड्राइवर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर, ड्राइवर ने उन्हें बताया कि उसे रासायनिक अपशिष्ट नदी में छोड़ने के लिए कहा गया था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में ले लिया तथा टैंकर को जब्त कर लिया। निवासियों ने शिकायत की है कि उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उद्योगों को अत्तापुर क्षेत्र से मूसी में औद्योगिक अपशिष्ट छोड़ना काफी सुविधाजनक लगता है।

# पुलिस के कड़े तेवर से उपद्रव मचाने वाले ट्रांसजेंडरों के छूटे पसीने

## जबरन वसूली करने वाले सात ट्रांसजेंडर गिरफ्तार



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आम लोगों से जबरन वसूली करने वाले सात ट्रांसजेंडर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के कड़े तेवर से उनके पसीने छूटने लगे। कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट जोन टीम के साथ जुबली हिल्स पुलिस ने सात ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया। आरोपी जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन की सीमा में एक गृह प्रवेश समारोह में जबरन वसूली कर रहे थे और गृह प्रवेश समारोह में उपद्रव कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में पिल्ला, पुत्र साई बाबू, निवासी, छपरा हाइट्स, बोयागुडा, हैदराबाद, खुशी चौहान, पुत्र बिक्कू, निवासी, मधु निलयम, चंदा नायक टांडा, माधापुर, मोहिनी पुत्री जगन, निवासी चंदा नायक तांडा, माधापुर, अन्नी, पुत्री अंसार, निवासी चंदा नायक तांडा, माधापुर, अंजलि, पुत्री. स्वर्गीय तिरुमुरथुलु, निवासी यूसुफगुडा, हैदराबाद, स्टेला रॉय, पुत्री गोपी निवासी विमल थिएटर के पास, बालनगर, सनत नगर, साई पल्लवी, पुत्री शेखर, निवासी सन राइज जोसेफ अस्पताल के पास, मोती नगर, यूसुफगुडा, हैदराबाद शामिल हैं।

मिला जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर ई. जंगैया के नेतृत्व में कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट जोन ने जुबली हिल्स पुलिस के साथ मिलकर सात ट्रांसजेंडरों को पकड़ा। वे नंदगिरी हिल्स में आयोजित गृह प्रवेश समारोह में घर के मालिक से पैसे वसूल रहे थे। एक गुप्त सूचना के आधार पर, टास्क फोर्स ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जो पैसे की उगाही कर रहे थे और गृह प्रवेश समारोह में उपद्रव कर रहे थे, जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और ट्रांसजेंडरों के खिलाफ आगे की जांच की जा रही है। यह छापेमारी वाईवीएस सुधींद्र पुलिस उपायुक्त, आयुक्त टास्क फोर्स, हैदराबाद शहर की देखरेख में पुलिस निरीक्षक ई. जंगैया, एसआई बी. अरविंद गौड़, मोहम्मद जाहेद और जी. नवीन के साथ-साथ आयुक्त टास्क फोर्स, पश्चिम क्षेत्र टास्क फोर्स टीम और हैदराबाद शहर की जुबली हिल्स पुलिस के कर्मचारियों द्वारा की गई।

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, Krishna kumari, mother of Hav-Ramankumar R/o:V.P.O-Narot jaimal Singh,dist - Pathankot, State-Punjab, Pin-145026 have changed my name from Krishna Devi to Krishna kumari Date of birth 15/03/1947 Vide Affidavit dated 26 Nov2024

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।



# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी संभल जाएंगे




## जल्द हो सकता है दौरा

संभल, 26 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के बाद भड़की भीषण हिंसा के बाद से तनाव का माहौल है। इलाका पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समेत वकई विपक्षी दल इस हिंसा के लिए भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार बता रहे हैं। वहीं, अब बड़ी खबर ये आई है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी संभल जिले का दौरा करने जा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राहुल गांधी जल्द ही संभल जा सकते हैं।

**अभी क्या हैं संभल के हालात?**

संभल के डीआईजी मुनिराज जी ने जानकारी दी है कि संभल जिले में स्थिति सामान्य है। दुकानें खुल गई हैं। लोगों का आवागमन अच्छे से चल रहा है। स्कूल खुलने के बारे में जिलाधिकारी बताएंगे। डीआईजी मुनिराज जी ने बताया है कि हिंसा में शामिल लोगों की वीडियो के आधार पर पहचान की जा रही है।

**भाजपा सरकार जिम्मेदार- राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने संभल हिंसा पर बयान भी जारी किया था। राहुल एक्स पर लिखा- संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना-जिसकी सीधी जिम्मेदार भाजपा सरकार है।

**राहुल ने सुप्रीम कोर्ट से की अपील**

राहुल गांधी ने हिंसा को लेकर भाजपा पर भी हमला बोला था। राहुल ने लिखा- भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना न प्रदेश के हित में है, न देश के। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं। मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफ़रत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े।

## वाराणसी में 6 साल की बच्ची से रेप

वाराणसी, 26 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी में रात बारात में आए युवक ने पड़ोस की छह साल की बच्ची का किडनैप कर लिया। घर के बाहर बारात देख रही बच्ची को उठाया और फिर रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया। वारदात के बाद बच्ची को लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने जब उसकी तलाश की तो रेलवे ट्रैक के पास बदहवास मिली। परिजनों ने बच्ची को घर लाकर उसकी हालत जानी तो मासूम ने पूरी घटना बता दी। इसके बाद परिजन पड़ोसी के घर गए और पूरा मामला बताया। बारात में आए आरोपी की तलाश की, लेकिन वह फरार हो चुका था। रात रोहनिया पुलिस ने केस दर्ज किया। गांव के बाहर घूमते समय आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।

## अखिलेश यादव संभल में भेजेंगे डेलिगेशन पुलिस बोली- घुसने नहीं देंगे



संभल, 26 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीते कई दिनों से तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। जिले में स्थित जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में 4 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, पुलिसकर्मियों समेत बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। इस हिंसा को लेकर विपक्षी दल पुलिस प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भी एक्शन में हैं।

अखिलेश यादव के निर्देश के बाद समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल आज संभल जाकर वहां हुई हिंसा की जानकारी लेगा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेगा। हालांकि, जानकारी ये भी सामने आई है कि समाजवादी पार्टी के डेलिगेशन को पुलिस की इजाजत नहीं मिली है। नेताओं को संभल की सीमा में रोक दिया जायेगा। यूपी पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, समाजवादी पार्टी के जिन लोगों ने संभल आने की घोषणा की है उनको उन्हीं की जगह पर डिटेन किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने कहा है कि संभल में किसी को नहीं आने दिया जाएगा, किसी ने कोशिश की तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा। संभल में हिंसा की जानकारी लेने समाजवादी पार्टी का जो प्रतिनिधिमंडल जाएगा उसमें कुल 12 नेताओं के नाम हैं। इन नेताओं में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे समेत कई सांसद भी शामिल हैं।

# केंद्र सरकार में सेवारत होने से राज्य में भी नौकरी पाने का अधिकार नहीं मिल जाता

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी



प्रयागराज, 26 नवंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की नौकरी कर रहे व्यक्ति को राज्य सरकार में भी नौकरी पाने का अधिकार नहीं मिल जाता है। यदि कर्मचारी पर आपराधिक मुकदमा है तो उसे नियुक्ति देना या न देना नियोक्ता का अधिकार है। न्यायालय ने राज्य सरकार के मुकदमा लंबित होने पर नियुक्ति देने से इन्कार करने के फैसले को सही ठहराया। हाईकोर्ट ने मथुरा के विशाल सारस्वत की याचिका खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने दिया। मथुरा निवासी याची विशाल पर वर्ष 2017 में उनकी भाभी ने उनके बड़े भाई समेत परिवार के अन्य सदस्यों पर दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। 21 दिसंबर 2020 को विशाल को राज्यसभा सचिवालय में प्रोटोकॉल अधिकारी के रूप में नियुक्ति दी गई थी। यह नियुक्ति आपराधिक मामले के परिणाम के अधीन थी। इसके बाद उसका चयन मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रुड़की छावनी बोर्ड, उत्तराखंड में हो गया। इस बीच विशाल ने संयुक्त राज्य और उच्च अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2019 में आवेदन किया और सफल घोषित किया गया। याची के नियुक्ति देने के अभ्यावेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उसके खिलाफ आपराधिक मामला लंबित है। याची ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची की ओर से दलील दी गई कि वह केंद्र सरकार की सेवाओं में कार्यरत है। ऐसे में उसे अधीनस्थ सेवा परीक्षा में नियुक्ति दी जाए।

कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की सेवाओं में कर्मचारी होने मात्र से किसी को राज्य की सेवाओं में नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। कोर्ट ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी के आदेश में कोई दुर्भावना या पूर्वाग्रह नहीं दिखाई पड़ रहा है। अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति अनुभाग- उत्तर प्रदेश शासन के आदेश में कोई त्रुटि न पाते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

## लखनऊ में होटल संचालिका की नाबालिग बेटी से गैंगरेप

लखनऊ, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी के कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में फेरी लगा सब्जी बेचने वाले एक युवक ने अपने किशोर साथी के साथ मिलकर किशोरी को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। इसका वीडियो बनाकर किशोरी को 6 माह तक ब्लैकमेल करता रहा। परिजनों की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने रविवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपित समेत बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी की मां ने पुलिस को बताया है कि वह खाने-पीने का होटल चलाती है। आरोपित धर्मेंद्र शर्मा पुत्र हरिहर शर्मा मूल निवासी थाना सिकरौली, जौनपुर संभल खेड़ा में किराये पर रहकर फेरी लगा सब्जी बेचता है। उनकी दुकान पर वह खाना खाने आता था। सब्जी भी देता था। इस दौरान सम्बन्ध प्रगाढ़ हो गए। जिसका लाभ उठाकर आरोपित ने उनकी नाबालिग पुत्री को घर बुलाया और नशीला पदार्थ पिलाकर गैंगरेप कर किया। बेटी का अश्लील वीडियो भी बना लिया। इस करतूत में आरोपित के साथ उसका एक साथी भी शामिल है, जिसकी उम्र 16 वर्ष है। बताया कि आरोपित वीडियो वायरल की धमकी देकर कई माह से उनकी पुत्री को ब्लैकमेल कर रहा था। किशोरी के मां की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने गैंगरेप और पॉक्सो की धारा में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# कानपुर में ढहा 150 साल पुराने ऐतिहासिक गंगा पुल का एक हिस्सा, अंग्रेजों के जमाने में हुआ था निर्माण



कानपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। कानपुर से उन्नाव को बाया शुक्लागंज जोड़ने वाला पुराने गंगापुल का कानपुर की ओर कोठी से जुड़ा हिस्सा मंगलवार की सुबह ढह गया। पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए करीब 2 साल पहले आवागमन पर रोक लगा दी गई थी। स्कूल को संरक्षित करने की बात चल रही थी। लेकिन इसे तोड़ा जाएगा या संरक्षित किया जाएगा इसे लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है। अंग्रेजों के जमाने का यह पुल काफी चर्चित रहा है। इसमें पैदल यात्रियों के चलने के लिए नीचे रास्ता बना था जबकि ऊपर गाड़ियां दौड़ती थीं। कई फिल्म की शूटिंग इस पुल पर हुई है। कानपुर कनकैया नीचे बहती गंगा मैया, यह प्रसिद्ध लाइन इसी पुल को लेकर कही गई थी। कानपुर छोर की ओर पुराने गंगापुल की नौ व दस नंबर कोठी के बीच का हिस्सा भोर पहर गंगा नदी में गिर गया। गंगा स्नान करने पहुंचे लोगों ने जब गिरे हुए पुल के हिस्से को देखा तो अफरा तफरी मच गई । मौके पर अबतक किसी विभाग का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है। बता दें कि सन 1875 में अंग्रेजों के जमाने में बनाया गया यातायात पुल 146 वर्ष तक चलने के बाद बीती 5 अप्रैल वर्ष 2021 में रात 12:06 बजे जर्जर घोषित होने के बाद यातायात के लिए बंद कर दिया। लोक निर्माण विभाग कानपुर के तत्कालीन अधिशासी अभियंता मुकेश चंद्र शर्मा ने तत्कालीन डीएम कानपुर आलोक तिवारी को रिपोर्ट दी थी कि शुक्लागंज का पुराना गंगापुल अब यातायात के लायक नहीं बचा है। जिस पर डीएम ने उसे बंद करा दिया था। यह पल दो मंजिला था। नीचे पैदल यात्री व साइकिल सवार चलते थे, जबकि ऊपर गाड़ियां दौड़ती थी। इस पुल पर कई फिल्मों की शूटिंग हुई। कानपुर कनकैया, नीचे बहती गंगा मैया, यह प्रसिद्ध उक्ति इसी पल को लेकर कही गई थी।

# जो मर गया, उसके नाम कर दी जमीन

## कानपुर में अफसरों का फर्जीवाड़ा; अब कोर्ट ने दिया ये आदेश



कोनपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश से फर्जीवाड़े का ऐसा मामला सामने आया है, जिसे जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल उत्तर प्रदेश के कानपुर में अधिकारियों ने मिलीभगत करके मृतक के नाम जमीन चढ़ा दी। यानी जो शख्स दुनिया में ही नहीं है। उसी के नाम पर जमीन कर दी है। इसके बाद जब ये मामला कोर्ट पहुंचा, तो कोर्ट ने इस मामले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। दरअसल महाराजपुर निवासी झुरी ने कोर्ट में अर्जी देते हुए बताया था कि उनकी मां नन्ही की तीन बेटियां चमेली, झुरी और ननकी हैं। मां की मौत के बाद बिठूर के नायब तहसीलदार ने 21 जनवरी 2012 को नन्ही का नाम हटाकर तीनों बेटियों का नाम खतौनी में दर्ज किया था। 15 जून 2016 को कार्यरत नायब तहसीलदार बिठूर ने पारिवारिक विरोधियों से मिलकर तीनों बहनों का पक्ष सुने बिना ही एक सितंबर 2017 को उनका नाम काटकर मृत नन्हीं का नाम खतौनी में दर्ज कर दिया। यानी मरी हुई मां के नाम पर जमीन लिख दी।

**अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट**

इसके बाद फर्जीवाड़ा कर 5 अक्टूबर 2017 को झुरी के पारिवारिक विरोधियों कालीदीन के बेटे बाबूराम, रामकिशोर, कृष्ण कुमार, शिव शंकर और वीरेंद्र कुमार का नाम खतौनी में दर्ज कर दिया गया। झुरी ने धोखाधड़ी और कूटरचना का आरोप लगाते हुए जून 2016 में कार्यरत बिठूर के नायब तहसीलदार, जून 2016 और सितंबर 2017 में तैनात कानूनगो और लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी।

**कोर्ट ने दिए एफआईआर के आदेश**

मृतक का नाम खतौनी में दर्ज करना कानूनन गलत मानते हुए कोर्ट ने अब तीनों के खिलाफ कोतवाली थाना प्रभारी मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में गंभीर टिप्पणी भी की है। कानून के मुताबिक किसी सरकारी अफसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से पहले सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन इस मामले में कोर्ट ने कहा कि लोक सेवक की ओर से की गई कूटरचना उसके पद के दायित्व का हिस्सा नहीं था। इसलिए इस मामले में सरकार से अनुमति लेनी की जरूरत नहीं है।

## डीजे पर डांस के दौरान मारपीट, दूल्हे और बारातियों पर रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ, 26 नवंबर (एजेंसियां)। निगोहां थानाक्षेत्र के एक गांव में रायबरेली से बारात आई थी। देर रात को निकाह के पहले नशे में धुत दूल्हे के भाई ने बारातियों संग डीजे पर डांस के दौरान उत्पात मचाया। इसका विरोध करने पर लड़की वालों से मारपीट की। कुर्सियां फेंक दी। बवाल इतना बढ़ा कि लोगों ने पुलिस को बुला लिया। इसके बाद भी समझौता नहीं हो सका। बाराती और दूल्हा बिना दुल्हन विदा कराए ही चले गए,लड़की पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दूल्हे उसके भाई समेत अन्य बारातियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों के मुताबिक लड़की के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। ग्रामीण चंदा इकट्ठा करके निकाह कर रहे थे। रायबरेली से सोमवार शाम चार बजे बारात आयी थी। नशे में धुत दूल्हे के भाई और बहनोई डीजे पर डांस करने के दौरान गिर पड़े। इसके बाद जनातियों से गाली-गलौज करने लगे। इस बीच दूल्हे पक्ष के अन्य लोग आ गए। उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। रोकने का प्रयास किया गया तो कुर्सियां उठाकर मारने लगे। जमकर लाठी डंडे चले। कई चोटिल हो गए।

## मौसम विभाग ने जारी किया ठंड और कोहरे को लेकर बड़ा अलर्ट



लखनऊ, 26 नवंबर (एजेंसियां)। जैसे-जैसे नवंबर करीब आ रहा है, उत्तर प्रदेश का मौसम बदलता जा रहा है। ठंड महसूस होने लगी है। इसी के साथ कोहरे ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।अब सर्दी सिर्फ रात और सुबह में ही नहीं बल्कि दिन तक में महसूस होने लगी है। रात के समय ओस भी पड़ने लगी है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब जल्द ही तेज सर्दी महसूस होने वाली है। फिलहाल लोगों ने रजाईयां निकाल ली हैं।

इसी बीच मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के मौसम को लेकर ताजा अपडेट जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश का मौसम जल्द बदलने वाला है। यहां जल्द ही भारी सर्दी शुरू होने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में धीरे-धीरे बढ़ेगी और नवंबर के आखिर और दिसंबर के शुरू होते ही तेज सर्दी पड़ना शुरू हो जाएगी।

**यूपी के तापमान में गिरावट आएगी**

मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश के तापमान में भी आने वाले 2 से 3 दिनों के अंदर गिरावट देखने को मिलेगी, जिससे सर्दी का एहसास होगा और मौसम में नमी भी आएगी। फिलहाल मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में बारिश को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। मगर मौसम विभाग ने कोहरे का अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी कर दिया है। ये अलर्ट सहारनपुर से लेकर गोरखपुर तक के लिए जारी किया गया है। मौसम विभाग की माने तो कोहरे की चपेट में पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक हैं। आने वाले दिनों में घना कोहरा लोगों की परेशानी का कारण बनेगा।

## 16 साल की लड़की की दरिंदगी के बाद हत्या

पटना, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पटना के फुलवारीशरीफ में 16 साल की लड़की की लाश एक अपार्टमेंट के बाथरूम से मिली है। दरिंदों ने पहले उसका रेप किया फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। नग्न हालत में नाबालिग की लाश मिलने के बाद परिजन ही नहीं वारदात से स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। घटना का जमकर विरोध किया। गुस्साए लोगों ने फुलवारी शरीफ-एम्स रोड पर आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। इस मामले में जब पुलिस संदिग्ध दो आरोपियों को पकड़ने गई तो इस दौरान पुलिस को भी लोगों ने खदेड़ दिया। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। इधर, फुलवारी शरीफ डीएसपी सुनील कुमार एवं कई थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया।

# उदयपुर राज परिवार संपत्ति विवाद के बीच बिहार में बेतिया राज पर नीतीश सरकार की बड़ी तैयारी, विधानसभा में पेश होगा बिल



पटना, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में उदयपुर के राज परिवार की संपत्ति विवाद अभी चर्चा में है। वहां मेवाड़ों के बीच की लड़ाई अब सार्वजनिक तौर पर दिख रही है। वहीं, इसी कड़ी में अब बिहार के भी एक राज परिवार की संपत्ति भी सुर्खियों में आ गई है, क्योंकि बिहार के बेतिया राज परिवार की संपत्ति को लेकर नीतीश सरकार ने बड़ी तैयारी कर ली है। दरअसल, बिहार में शीतकालीन सत्र चल रहा है और इसको लेकर नीतीश सरकार एक बड़ा बिल लाने जा रही है जो बेतिया राज की संपत्ति को लेकर है। बिहार सरकार के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल बेतिया राज की संपत्ति को लेकर सदन में एक विधेयक लाने वाले हैं। इस बिल के पारित होने के बाद बेतिया राज की 7960 करोड़ की जमीन बिहार सरकार के अधिकार में आ जाएगी। बता दें कि फिलहाल राज्य सरकार बेतिया राज की संपत्ति की देखभाल करती है। दरअसल, बेतिया राज की यूपी और बिहार में 15, 358 एकड़ 60 डेसिमल 133 वर्ग कड़ी जमीन है जो कि बिहार में पटना, छपरा, सीवान, गोपालगंज और मोतिहारी में तो वहीं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, महाराजगंज, बनारस, प्रयागराज, कुशीनगर और मिर्जापुर में है। यहां यह बता दें कि बेतिया राज की उत्तर प्रदेश की लगभग 100% जमीनों पर अवैध कब्जा हो चुका है। गौरतलब कि अभी भी बिहार सरकार ने एडीएम रैंक के अधिकारी को इन संपत्तियों की देखरेख के लिए मैनेजर नियुक्त किया जाता है। अब इसको लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल की ओर से बेतिया राज की संपत्तियों को लेकर एक बिल सदन में रखा जाएगा। इसके पारित होने के बाद बेतिया राज की 7960 करोड़ की जमीन बिहार सरकार के अधीन में आ जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश; यमुना में गिरने से रोकें 43 नाले 136 करोड़ रुपए की योजना तैयार, मंजूरी का इंतजार



आगरा, 26 नवंबर (एजेंसियां)। ताजनगरी आगरा में यमुना नदी का पानी स्वच्छ और निर्मल रहे। इसको लेकर यमुना नदी में सीधे गिरने वाले जहरीले नाले टैप किए जाएंगे। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट कई बार आदेश दे चुका है। अब एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने आगरा में 43 नाले टैप करने के निर्देश दिए हैं। जिससे यमुना जल प्रदूषित होने से बचाया जा सके। बता दें कि पर्यावरणविद एमसी मेहता की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें में जल निगम को यमुना नदी में गिर रहे 38 छोटे और 5 बड़े नालों को यमुना में गिरने से रोकने के निर्देश दिए गए हैं। जस्टिस अभय ओका और एजी मसीह की बेंच के इस निर्देश के बाद नालों को टैप करने की 136 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। चार माह से नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) में रुकी हुई है।

**ये किए जाएंगे काम**

राधा नगर, सेक्सरिया नाला, बेलनगंज पुलिस चौकी नाला, बेलनगंज काली माता मंदिर नला, न्यू राधा नगर नाला, आंबेडकर पार्क नाला, खैराती टोला नाला, गोकुल नगर, गणेश नगर, रामबाग, कटरा वजीर खां, चीनी का रोजा, सुवेंदार नगर, दयानंद आश्रम, कछपुरा, प्रकाश नगर, नर्सरी मंदिर नाले को डायवर्ट और टैप कर एसटीपी पर ले जाया जाएगा। इसके लिए 3.563 किमी लंबी सीवर लाइन मनोहरपुर तक बिछाई जाएगी। वहीं, वाटरवर्क्स नाला टैप करने के लिए 1.857 किमी लंबी 300-700 एमएम व्यास की सीवर लाइन, भैरों नाला पर 687 मीटर, नरायच में 2.782 किमी, कछपुरा में 2.821 किमी और एत्माद्दौला में 3.875 किमी लंबी सीवर लाइन बिछाकर नालों को टैप किया जाएगा।

**राइजिंग मेन 15.53 किमी लंबी होगी**

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इन नालों की टैपिंग के लिए बनी योजना में बल्केश्वर, भैरों नाला, वाटरवर्क्स, मनोहरपुर, नरायच, एत्माद्दौला और प्रकाश नगर तक 15.53 किमी लंबी राइजिंग मेन बिछाई जानी है। लगभग 21 किमी लंबी छोटी सीवर लाइन बिछेगी। 136 करोड़ रुपये की योजना में रजवाड़ा, नरायच, मनोहरपुर, एत्माद्दौला, भैरों नाला, वाटरवर्क्स और बल्केश्वर के पंपिंग स्टेशनों को भी अपग्रेड किया जाएगा।

## देवरिया में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, पुलिस लाइन से बड़ी संख्या में लोगों की थानों पर हुई तैनाती

गोरखपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। एसपी देवरिया संकल्प शर्मा ने जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए 75 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। एसपी ने थानों पर तैनात तीन उपनिरीक्षकों को लाइन हाजिर कर दिया है। एक उपनिरीक्षक को पुलिस लाइन से थाने पर तैनाती दी है। वहीं पुलिस लाइन में तैनात 18 हेड कांस्टेबल व 3 महिला हेड कांस्टेबल को थानों पर तैनात किया गया है। रुद्रपुर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव, भाटपाररानी से सतगुरू मिश्रा, बरियारपुर से अवसार अहमद को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं पुलिस लाइन से ज्ञानसिंह पटेल को लार थाने में तैनात किया गया है। बरहज थाने में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर शिवम कुमार राय को कोतवाली, कोतवाली में तैनात वीर बहादुर वर्मा को बरहज थाने में नई तैनाती मिली है। एसपी ने पुलिस लाइन से 18 हेड कांस्टेबल, 12 कांस्टेबल, 3 महिला हेड कांस्टेबल व 4 महिला कांस्टेबल को थानों पर तैनात किया है।

# यूपी की इस सीट पर फिर होगी सपा-बीजेपी की टक्कर, उपचुनाव का रास्ता हुआ साफ

लखनऊ, 26 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी की नौ सीटों पर उपचुनाव के बाद अब अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर भी उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट ने बीजेपी नेता और पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा की याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें अवधेश प्रसाद की निर्वाचन को चुनौती दी गई थी। ऐसे में चुनाव आयोग कभी भी इस सीट पर उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर सकता है। ऐसे में अयोध्या में एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। जिसे लेकर दोनों दलों के बीच हलचल तेज हो गई है। कोर्ट का आदेश अपलोड होने में एक या दो दिन लगेंगे, जिसके बाद मिल्कीपुर में चुनाव का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद चुनाव आयोग आगे की कार्रवाई शुरू कर देगा। जिला प्रशासन की ओर से इस सीट पर चुनाव की तैयारी पहले ही की जा चुकी है। ऐसे में अब मिल्कीपुर में एक बार फिर से सियासी गतिविधियां तेज होने लगेंगी। यूपी की नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद बीजेपी के हौसले भी बुलंद हैं। जिसके बाद अब भाजपा की नजर मिल्कीपुर सीट पर लग गई है। इस सीट पर जीत हासिल करके भाजपा फैजाबाद सीट पर सपा के हाथों मिली हार का बदला लेना चाहती है। बीजेपी ने हाल के चुनाव में कुंदरकी और कटेहरी जैसी सीटों पर कब्जा कर लिया जो सपा का गढ़ रही है। कुंदरकी में तो बीजेपी 31 साल बाद चुनाव जीती है।

# अवैध हथियारों में 'सरकारी कारतूस' के पीछे आखिर कौन

## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बनने वाले कारतूसों की कालाबाजारी का क्या है खेल?



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। अवैध फैक्ट्रियों में ऑटोमेटिक हथियार तो बनते हैं। यह तो सबको मालूम है। इनके खिलाफ पुलिस ऐक्शन भी लगातार होते रहते हैं। लेकिन इन अवैध हथियारों में फिट होने वाले 'सरकारी कारतूस' कहां से कैसे पहुंचते हैं। जी हां, ये कारतूस किसी अवैध फैक्ट्री में तैयार नहीं होते। यह सरकारी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में अलग-अलग बोर के हिसाब से बनते हैं। सरकारी रिकॉर्ड से अलग इन कारतूसों की सप्लाई चेन आखिर जांच एजेंसियां क्यों नहीं तोड़ पातीं। पुलिस अफसर के मुताबिक, अवैध हथियारों के सिंडिकेट का दो लेवल पर गठजोड़ देखा गया है। इनमें पहला गन हाउस, दूसरा आर्म्स लाइसेंस होल्डर। इनकी सांठगांठ से देशभर में बड़े पैमाने पर कारतूसों की सप्लाई चेन बनी हुई है। 32 बोर पिस्टल और रिवॉल्वर का लाइसेंस शुदा हथियार हैं। सरकारी नियम है कि इनके लाइसेंस पर एक साल में 25 कारतूस जारी होते हैं। एक बार में 10 कारतूस लिए जा सकते हैं। वहीं, बंदूक और राइफल के लाइसेंस पर एक साल में 100 कारतूस जारी होते हैं। अधिकतर हथियारों के लाइसेंस धारी आमतौर पर एक साल में पिस्टल के 25 या राइफल के 100 कारतूसों का इस्तेमाल नहीं कर पाता। जबकि हर साल उनके लाइसेंस पर कारतूस उस सरकारी शॉप में चढ़ते रहते हैं।

**इन राज्यों के गन हाउस से सीधी सांठगांठ**

हथियार माफियाओं के लिए सक्रिय बिचौलिए जम्मू कश्मीर, यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, नगालैंड और पूर्वोत्तर राज्य में स्थित कुछ गन हाउस से सीधे सांठगांठ रखते हैं। कई लाइसेंसधारी इसके बदले पैसा भी लेते हैं। कईयों को भनक भी नहीं कि उनके लाइसेंस पर हर साल कारतूस चढ़ रहे हैं। क्योंकि लोकल पुलिस के पास यह लेखाजोखा तो रहता है कि कितने कारतूस खरीदे हुए हैं लेकिन कितने इस्तेमाल किए! इसका हिसाब नहीं होता। इसी तरह 9 एमएम का असलहा प्रतिबंधित बोर है। यह सिर्फ पुलिस और आर्म्ड फोर्स के पास ही होता है। इस कारतूस की सरकारी सप्लाई भी सीधे इन्हीं विभागों को होती है। गन हाउस के पास यह कारतूस उपलब्ध नहीं है।

**बदमाशों को मिल रहा फायदा**

सूत्रों की मानें तो कई बड़े बिचौलियों सांठगांठ करने में अक्सर कामयाब हो जाते हैं। कारतूसों की बिक्री में इस ढिलाई का बदमाशों को फायदा मिल रहा है। एक पुलिस अफसर के मुताबिक, इसके लिए कड़े नियम बनें। मसलन, अगर कोई शस्त्र लाइसेंसधारक कारतूस लेता है तो उसे दस कारतूस लेने के लिए कम से कम हर साल 8 कारतूसों के खोखे उन्हीं नंबरों के जमा कराने होंगे या उनका ब्यौरा देना होगा तभी उसे कारतूस दिए जाएं। इसके बाद शस्त्र लाइसेंसिंग डिपार्टमेंट समय-समय पर जांच करके सत्यापन भी करे। जो नियमों को अनदेखा करे उस गन हाउस का लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए।

### मंडप पर बैठे थे दूल्हा-दुल्हन, 7 फेरों से पहले ही पुलिस ने रुकवा दी शादी बारात लौटी खाली हाथ,

राजगढ़, 26 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां खिलचीपुर थानाक्षेत्र के सोमवारीया में एक नाबालिग लड़की का बाल विवाह किया जा रहा था। जैसे ही डीएम को इस बारे में जानकारी मिली तो होश उड़ गए। बिना देर किए कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने यह शादी रुकवाने का निर्देश दिया। डीएम से मिले निर्देश के बाद पुलिस, महिला बाल विकास अधिकारी सुनीता यादव, वन स्टॉप सेंटर, खिलचीपुर थाना, अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी को विवाह पर स्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत यह शादी रुकवाई। फिर दुल्हन बनी नाबालिग लड़की के माता-पिता से बात की। उन्होंने लड़की के दस्तावेज दिखाने को कहा। उन डॉक्यूमेंट्स में दुल्हन नाबालिग पाई गई। फिर टीम ने नाबालिग लड़की के माता-पिता को समझाया। कहा- बाल-विवाह अपराध है,

# मकान में ब्लास्ट से 4 महिलाओं की मौत जेसीबी-ट्रैक्टर से हटाया गया मलबा




विद्या राठौर



पूजा राठौर



वैजयंती कुशवाहा



विमला कुशवाहा

मुरैना, 26 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के मुरैना में मकान में ब्लास्ट के करीब 11 घंटे बाद मलबे में दबी दोनों महिलाओं के शव निकाल लिए गए हैं। दोनों के बीच मां-बेटी का रिश्ता है। अधिकारियों की पुष्टि के बाद अब हादसे में मृतकों की संख्या 4 हो गई है। दो महिलाओं के शव रात में ही मिल गए थे। 5 घायलों को मुरैना जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल (जेएएच) में भर्ती कराया गया है। रात करीब साढ़े 12 बजे मुरैना की टंच रोड स्थित राठौर कॉलोनी में मुंशी राठौर के मकान में ब्लास्ट हो गया था। इसके आसपास बने चार और मकान धराशायी हो गए थे। मलबे में मुंशी राठौर के मकान में किराये से रहने वाले सोवरन सिंह कुशवाहा की पत्नी वैजयंती और शादीशुदा बेटी विमला कुशवाहा दब गई थीं। वहीं, पड़ोसियों- राकेश राठौर की पत्नी विद्या राठौर और वासुदेव राठौर की बहू पूजा राठौर की लाशें रात में ही निकाल ली गई थीं।

**बिजली सप्लाई बंद की, तार भी हटाए गए थे**

पुलिस-प्रशासन, नगर निगम और एसडीईआरएफ की टीमों ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से मलबा हटाया गया। रात में ही करंट सप्लाई बंद कर दी गई। सुबह बिजली के खंभों से तार भी हटा दिए गए थे।

**पटाखों में विस्फोट से ब्लास्ट की आशंका**

मलबे से एलपीजी के दो सिलेंडर सलामत निकले हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मकान में रखे पटाखों में विस्फोट हुआ है। हालांकि, पुलिस अभी इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच कर रहे हैं, तथ्य सामने आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# तेजस्वी ने संभल हिंसा पर जताई गहरी चिंता

## पुलिस से भी दुखी; कहा- नफरत की राजनीति से देश को बचाना जरूरी



पटना, 26 नवंबर (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई दर्दनाक घटना और प्रदेश के मुख्यमंत्री के 'विभाजनकारी' बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जब एक मुख्यमंत्री 'बंटोगे तो कटोगे' जैसे नारे देकर समाज में वैमनस्यता फैलाने का काम करे, तो यह स्पष्ट संकेत है कि वह अपने संवैधानिक कर्तव्यों और राजधर्म से विमुख हो चुका है। तेजस्वी यादव ने अपने बयान में कहा कि यूपी की घटना न केवल दुःखद है, बल्कि यह देश के संविधान और उसकी मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि निर्दोष युवाओं की पुलिस द्वारा हत्या और सत्ता द्वारा इस पर हंसी उड़ाना अत्यंत निंदनीय है। ऐसे में यह सत्ता परिवर्तन का स्पष्ट आह्वान है।

**'संविधान की भावना से विमुख सरकारों को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं'**

तेजस्वी यादव ने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुंबकम्', 'अनेकता में एकता' और 'सर्वधर्म समभाव' की विचारधारा पर आधारित है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि ऐसी घटनाओं और बयानबाजी से सरकार देश की आत्मा को चोट पहुंचा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी राज्य में नफरत फैलाने वाली सरकार का सत्ता में बने रहना न केवल अनैतिक है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

**'प्रेम और एकता से ही बनेगा अखंड भारत'**

नेता प्रतिपक्ष ने तेजस्वी यादव ने कहा कि देश नफरती शक्तियों को पहचान चुका है और लोकतांत्रिक ढंग से ऐसे तत्वों को सत्ता से हटाने की ठान चुका है। नफरत का हारना बहुत जरूरी है, प्रेम का जीतना उससे भी अधिक जरूरी है। सबसे प्रार्थना है कि प्रेम चुनिए नफरत नहीं। एकता और अखंडता ही अखंड भारत का प्राण और ताकत है।

# 'सत्ता पाने के लिए नहीं लड़ा था चुनाव'

## पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के बयान पर कांग्रेस का तंज, 'फिर पार्टी क्यों बदली?

भोपाल, 26 नवंबर (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदलकर बीजेपी में शामिल हुए मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को बड़ा झटका लगा है। विजयपुर में रामनिवास रावत की कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा से करारी हार हुई है। इस बीच अब उनकी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा, सत्ता पाने के लिए उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था, बल्कि उनका उद्देश्य जन सेवा था। 93000 मतदाताओं ने उन पर विश्वास जताया है, इसके लिए वे आभारी हैं। मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत विजयपुर से उपचुनाव हारने के बाद पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर ट्वीट कर मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने लिखा, वे 40 सालों से लगातार राजनीति में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। उनका उद्देश्य चुनाव लड़कर सत्ता पाना कभी नहीं रहा है। वे हमेशा से ही जन सेवा करना चाहते हैं, उनकी जन सेवा आगे भी जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री और छह बार के विधायक रहे रामनिवास रावत लोकसभा चुनाव 2024 के पहले पार्टी बदलकर बीजेपी में शामिल हो गए थे। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने रामनिवास रावत के बयान पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने पार्टी बदलने के साथ-साथ अपनी किस्मत भी बदल दी। उन्होंने कहा, वे पांच साल तक कांग्रेस के विधायक रहे थे मगर अब पूर्व विधायक बन चुके हैं। हारने के बाद उनका बयान हास्यास्पद है।

# महाराष्ट्र के सारे प्रोजेक्ट गुजरात को दिए

## गुजरात से हमें ईवीएम मिली, रिजल्ट पर रोहित पवार ने उठाए सवाल



मुंबई, 26 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की बंपर जीत के बात शरद पवार के पोते रोहित पवार ने मीडिया में बातचीत के दौरान कहा कि चुनावी नतीजे हैरान करने वाले हैं। पार्टी के नेताओं की अपेक्षाओं से सबकुछ बिल्कुल ही उल्टा है। उन्होंने कहा कि हमारी या फिर सर्वे एजेंसियों के तरफ से किए गए सर्वे के मुताबिक, हमारे उम्मीदवारों के जीतने की संख्या 120-130 तक होने वाली थी, लेकिन नतीजों में 40-50 तक इसकी संख्या सामने आना, बिल्कुल ही आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि हम फिलहाल इस विषय पर बात इसलिए नहीं कर रहे हैं क्योंकि हमारी पार्टी और टीम के लोग इसको लेकर रणनीति तैयार कर रहे हैं। बीजेपी पर निशाना साधते हुए बोले कि महाराष्ट्र के सारे प्रोजेक्ट्स को गुजरात को दे दिए गए हैं। लेकिन ऐसी चर्चा है कि महाराष्ट्र को गुजरात से ईवीएम मशीन दी गई है। हैरान करने वाली बात ये है कि उम्मीदवारों को उनके अपने गांव और क्षेत्रों में ही बहुत सारी नेगेटिव वोटिंग दी गई है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर ऐसा देखा नहीं जाता है क्योंकि अगर उम्मीदवार अपने एरिया में चुनाव लड़ता है तो उसे ज्यादा वोट मिलते हैं। कर्जत जामखेड सीट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दो उम्मीदवारों को एक सीट पर लगभग आसपास वोट मिलना भी हैरान करने वाला है। वोटिंग बूथ पर तैनात किए गए ऑफिसर्स ने भी असाधारण गतिविधियों को देखा। उन्होंने कहा कि ऐसी चर्चा है कि ईवीएम में किसी न किसी तरफ की गड़बड़ी तो की गई है।

**महाराष्ट्र में नहीं हुआ सेलीब्रेशन**

रोहित पवार ने कहा कि जब 2014 में प्रधानमंत्री मोदी झूठ बोलकर लोकसभा चुनाव जीते थे तब देश भर में भव्य सेलीब्रेशन किया गया था। लेकिन महाराष्ट्र में महायुति के 230 उम्मीदवार चुनाव जीत कर आए हैं, फिर भी उस तरह का कोई जश्न नहीं मनाया गया है। महायुति के जहां से प्रत्याशी जीते, वहां उनके दफ्तर में भी भले ही पटाखे फोड़े गए, लेकिन बाहर किसी तरह का सेलीब्रेशन नहीं देखा गया है। उन्होंने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि जो भी चुनावी नतीजे हैं वो जनता के मन के मुताबिक नहीं हैं।

### कार का संतुलन बिगड़ने से पुलिसकर्मी की गई जान

कठुआ, 26 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जब उनकी अपनी ही कार सड़क से फिसलकर एक गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा मंगलवार को यानि आज हुआ जब चयन ग्रेड कांस्टेबल लियाकत अली अपने घर बानी इलाके जा रहे थे। वह 2009 बैच के पुलिसकर्मी थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कारदोह गांव के पास दोपहर में यह हादसा हुआ। आपातकालीन बचाव दल ने मृतक का शव खाई से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए उप-जिला अस्पताल भेजा।

# पराली जलाने में आई कमी



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण के लिए सिर्फ पराली ही जिम्मेदार नहीं है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में सदन को यह जानकारी दी। पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण के कई वजह है। इन वजहों में वाहन प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, निर्माण के दौरान होने वाला प्रदूषण, सड़क और खुले क्षेत्र में उड़ने वाली धूल, बायोमास जलाना, लैंडफिल साइट पर आग की घटनाएं और प्रदूषण के कई अन्य कारण भी दिल्ली एनसीआर की हवा को जहरीली करते हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने अपने जवाब में कहा है कि मानसून के बाद और सर्दियों के महीनों के दौरान, कम तापमान, कम मिश्रण ऊंचाई और स्थिर हवाओं के कारण धूल के कण हवा के साथ घुल जाते हैं, जिसके चलते प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। जब कभी पराली जलाने जैसी घटना होती है या फिर पटाखे जलाए जाते हैं तो उससे प्रदूषण और ज्यादा होता है जो वातावरण में पहले से मौजूद प्रदूषण के साथ मिलकर हवा को और जहरीला कर देते हैं।

**पराली चिंता का विषय कैसे?**

हालांकि, सरकार ने यह भी माना है कि उत्तरी राज्यों पंजाब, हरियाणा, यूपी के एनसीआर जिलों और एनसीआर के अन्य क्षेत्रों में धान की पराली जलाने की घटनाएं चिंता का विषय है। इसका भी पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पर पड़ रहा है।

**पराली पर लगे रोक**

दरअसल, प्रदूषण को लेकर सेंटर फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट लगातार राज्यों से फसल अवशेष यानी पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के निर्देश देता रहा है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कई कदम भी उठाए गए हैं। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि जो लोग नहीं मानते उनके खिलाफ कानून की धाराओं के साथ कार्रवाई भी की जाए।

**पराली जलाने की घटनाओं में भारी कमी**

मंत्रालय के द्वारा दिए गए आंकड़ों को देखकर पता चलता है कि साल 2022 में जहां पंजाब में पराली जलाने की 48,489 घटनाएं हुई थी, वही 2023 में यह घटनाएं कम होकर 33,719 तक पहुंची। साल 2024 में यह घटनाएं 9,655 दर्ज की गई है। इसी तरह हरियाणा में जहां साल 2022 में 3380 घटनाएं हुई, तो 2023 में 2052 और 2024 में 1118 घटनाएं अभी दर्ज हुई है। बात की जाए उत्तर प्रदेश की तो यहां पर साल 2022 में 72 घटनाएं हुई थी, तो 2023 में 108 और 2024 में 192 घटनाएं सामने आई है।

### मैदानी क्षेत्रों में कोहरा शुरू होते ही ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

देहरादून, 26 नवंबर (एजेंसियां)। मैदानी क्षेत्रों में कोहरा शुरू होते ही देहरादून से संचालित होने वाली ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। अब ट्रेनों की रफ्तार औसत 110 किमी प्रति घंटा से घटाकर 75 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। इससे ट्रेनें गंतव्य तक पहुंचने में अधिक समय ले रही हैं। इस कारण ट्रेनें गंतव्य तक पहुंचने के लिए तय से अधिक समय ले रहीं हैं। देहरादून से दिल्ली, हावड़ा, सूबेदारगंज, लखनऊ, आनंदविहार, टनकपुर, ओखा, नई दिल्ली, काठगोदाम और कोटा समेत अन्य रूटों पर संचालित होने वाली करीब 16 ट्रेनों के लोको पायलटों को एफएसडी (फॉग सेफ डिवाइस) दे दी गई है। इसके अलावा ट्रेनों की गति 75 किमी प्रति घंटा निर्धारित कर दी गई है। रेलवे प्रबंधन के अधिकारियों के मुताबिक, सामान्य दिनों में ट्रेनों की औसत गति 110 किमी प्रति घंटा रहती है। वहीं, ठंड के मौसम में कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से ट्रेनों की गति धीमी कर दी गई है। इसके लिए ट्रेनों के लोको पायलट को एफएसडी प्रदान की गई है। इससे उन्हें जीपीएस के माध्यम से आगे आने वाले सभी सिग्नलों की समय पर जानकारी मिलती रहेगी। कोहरे के कारण धीमी हुई गति से गंतव्य तक पहुंचने के लिए ट्रेनें अधिक समय ले रही हैं।

# 'कांग्रेस के 40 विधायक होने से बीजेपी में बौखलाहट

## सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का विपक्ष पर हमला



शिमला, 26 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की सर्द फिजाओं में सियासत गरमाई हुई है। पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। 11 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार अपने दो साल का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री कांग्रेस सरकार के इस कार्यकाल को विफल करार दिया है। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी मुद्दाविहीन है और जनता का ध्यान भटकने के लिए अलग ही राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है, लेकिन वे इससे डरने वाले नहीं हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला जिला के कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र को 43.37 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी।

**सीएम सुक्खू ने बीजेपी पर बोला हमला**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने यहां एक जनसभा को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा, जब से कांग्रेस की विधानसभा में दोबारा 40 सीटें हुई हैं, तब से बीजेपी नेता बौखलाए हुए हैं। सत्ता में बने रहने के लिए हम गलत निर्णय नहीं ले सकते। कांग्रेस सरकार कड़े फैसले ले रही है, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। देशभर में हमारी गारंटियों की बात होती है, लेकिन पिछली बीजेपी सरकार ने गरीब व्यक्ति का हक संपन्न लोगों को दे दिया और मुफ्त की रेवड़ियां बांट दी। इसकी चर्चा कहीं नहीं होती है। जब कांग्रेस की सरकार बनी, तो प्रदेश का खजाना खाली था और चुनाव से छह माह पहले 900 से ज्यादा संस्थान खोल दिए गए। पूर्व बीजेपी सरकार ने चुनाव जीतने के लिए जनता में रेवड़ियां बांटने का काम किया। उन्होंने कहा, उनकी सरकार ने अब तक कोई भी ऐसा फैसला नहीं लिया है, जिसे चुनावी फायदे के बारे में सोच कर लिया गया। राज्य सरकार हिमाचल के हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। पूर्व में बीजेपी सरकार ने जो भी काम किया, वह चुनाव में फायदा लेने के लिए किया। राज्य सरकार ने पिछले दो सालों में इसी सोच को धरातल पर उतारने की कोशिश की है।

# नहाने गई महिला की बाथरूम में संदिग्ध मौत



नेलमंगला, 26 नवंबर (एजेंसियां)। बेंगलुरु के नेलमंगला तालुक में एक महिला की नहाते समय संदिग्ध मौत हो गई। मृतक महिला का नाम लक्ष्मी और उम्र 25 साल बताई जा रही है। दरअसल मृत महिला आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेलमंगला में अपने किसी रिश्तेदार के घर आई थी। लक्ष्मी की नहाने के दौरान बाथरूम में रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। महिला आंध्र प्रदेश के तिरुपति की रहने वाली है। वह अपने पति के साथ सुहासिनी नाम की अपनी किसी रिश्तेदार के घर एक समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। सुबह जब वह नहाने गई तो बाथरूम में रहस्यमयी तरीके से उसकी मौत हो गई। जब ये हादसा हुआ उस वक्त सभी लोग घर पर थे। नहाने जाने से पहले लक्ष्मी के चेहरे पर किसी तरह का कोई निशान नहीं था लेकिन जैसे ही वह नहाने गई उसके कुछ ही मिनटों के अंदर पहले महिला की मौत हो गई और फिर महिला के चेहरे पर कई गंभीर चोटें भी नजर आईं। बताया जा रहा है कि घर पर उस दौरान कोई नहीं आया था। बाथरूम में गैस गीजर भी चालू नहीं था। बाल्टी में पानी भी नहीं भरा था लेकिन महिला बाथरूम में बिना कपड़ों के पड़ी मिली। ऐसे में यह मौत नेलमंगला टाउन पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई है। इस मौत पर नेलमंगला टाउन पुलिस ने शक के चलते मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने हर पहलू पर जांच करनी शुरू कर दी है। हालांकि प्रारंभिक जांच में मौत की वजह सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चलेगा कि महिला की मौत आखिर कैसे हुई। महिला की इस तरह हुई मौत से पुलिस से लेकर आसपास के लोग भी हैरान हैं। क्योंकि इस दौरान बाहर से भी घर के अंदर कोई नहीं आया।

# नकलचियों की तो होगी अब हालत खराब

## एमपी सरकार अब बदल रही अंग्रेजों के जमाने का कानून; पेपर लीक में आया नाम तो होगी उम्रकैद



भोपाल, 26 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बाद अब मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार नकलचियों पर लगाम लगाने की तैयारी में जुट गई है। राज्य सरकार ने नकल, सामूहिक नकल और पेपर लीक जैसे मामलों में सजा बढ़ाने का फैसला लिया है। अगर अब नकल माफिया ऐसे किसी मामले में संलिप्त पाए गए तो उन्हें 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये जुर्माना देना पड़ सकता है। मोहन यादव सरकार मध्य प्रदेश मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम में संशोधन होने जा रही है।

**पहले थी ये सजा**

राज्य में अब तक नकल करते या कराते पाए जाने पर आरोपी को 3 साल की जेल और 5000 रुपये तक का जुर्माना लगता था। अब सरकार ने इस कानून में संशोधन की तैयार कर ली है। राज्य सरकार ने पेपर लीक, सामूहिक नकल और परीक्षा की गोपनीयता भंग करने जैसे अपराधों को गंभीरता से लेते हुए सजा बढ़ाने पर फैसला किया है।

**किन-किन परीक्षाओं में होगा लागू?**

इस कानून के दायरे में मध्य प्रदेश बोर्ड, एमपीपीएससी और कर्मचारी चयन मंडल की सभी परीक्षाएं आएंगी। इस पर बात करते हुए अधिकारियों ने बताया कि पिछले कई सालों में एमपी बोर्ड व्यापम और एमपीपीएससी की परीक्षाओं में पेपर लीक और सामूहिक नकल की घटनाएं बढ़ती दिखी हैं। इसी कारण इस कानून में बदलाव किया जा रहा है।

**ड्राफ्ट बनाकर तैयार**

सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग ने इस कानून के लिए ड्राफ्ट बनाकर तैयार कर लिया है। शीतकालीन सत्र के दौरान इसे विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा और इसे पास करवाया जाएगा।

**नए कानून में क्या-क्या होगा बदलाव?**

ड्राफ्ट में लिखा गया है कि यदि अब किसी ने पेपर लीक किया तो उसे उम्रकैद और 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भरना होगा। नकल करते हुए पकड़े जाने पर युवाओं को एक साल तक परीक्षा में बैठने की परमिशन नहीं दी जाएगा। हालांकि छात्र होने के नाते उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा।


**क्यों पड़ी इसे बदलने की जरूरत?**

सरकार का मानना है कि इस कड़े कानून से प्रदेश में परीक्षा की पारदर्शिता बढ़ेगी और नकल, पेपर लीक की घटनाओं पर अंकुश लगेंगे। पिछले कई सालों में, कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान पेपर लीक की कई घटनाएं सामने आती रहीं है, जिसके बाद राज्य के माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कुछ सख्त कदम उठाए थे, जैसे कि 10 साल की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना। पर ये कदम भी पर्याप्त साबित नहीं लगे। बस इसी कारणवश राज्य की मोहन यादव सरकार ने कानून को और अधिक कड़ा बनाने का फैसला लिया।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 27 नवंबर- 2024

# ममता का जलवा रखने के साथ कांग्रेस व भाजपा पर हमले भी जारी



अशोक भाटिया

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल उपचुनाव में क्लीन स्वीप किया है उससे तो यही लगता है कि पश्चिम बंगाल में ममता का जलवा कायम है । टीएमसी ने अपनी पांच सीटें बरकरार रखीं और मदारीहाट सीट भाजपा से छीन लिया। इस जीत के साथ पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राजनीतिक प्रभुत्व और मजबूत हो गया है। यहां तक कि आरजी कर की जघन्य घटना पर चल रहे विरोध प्रदर्शन भी मतदाताओं को प्रभावित करने में विफल रहे। पश्चिम बंगाल के छह निर्वाचन क्षेत्रों- नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा, सीताई (एससी), और मदारीहाट (एसटी) में उपचुनाव हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने के बाद विधायकों द्वारा अपनी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण ये सभी सीटें रिक्त हुई थीं। आरजी कर मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन के बीच 13 नवंबर को हुए इन चुनावों को राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण माहौल के बीच सत्तारूढ़ दल के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में देखा जा रहा था। अनेक विरोधों के बावजूद, टीएमसी ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विजयी हुई और 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। छह में से पांच निर्वाचन क्षेत्र दक्षिण बंगाल में स्थित हैं, जो टीएमसी का गढ़ है, जबकि मदारीहाट उत्तर में है, जिसे भाजपा ने 2021 में जीता था। हरोआ में, जहां 70 प्रतिशत से अधिक मतदाता अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, भाजपा तीसरे स्थान पर रही और अपनी जमानत बचाने में विफल रही, जिसके बाद पार्टी नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, 'अल्पसंख्यक भाजपा को वोट नहीं देते।' सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा ने खुद को राज्य में पुनर्जीवित करने के लिए आरजी कर विरोध प्रदर्शनों को भुनाने की कोशिश की थी। लेकिन लेफ्ट को करारी हार का सामना करना पड़ा। सीताई, तालडांगरा, मेदिनीपुर और मदारीहाट में वाम मोर्चे ने अपनी जमानत गंवा दी। वाम मोर्चे में शामिल सीपीआई (एमएल) की नैहाटी में जमानत जब्त हो गई, जबकि ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट को हरोआ में जमानत गंवानी पड़ी। कांग्रेस ने 2021 के बाद पहली बार वाम दलों के साथ गठबंधन के बिना चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे सभी छह निर्वाचन क्षेत्रों में जमानत गंवानी पड़ी। सीताई (एससी) में, टीएमसी की संगीता रॉय ने भाजपा के दीपक कुमार रे पर 1,30,636 के अंतर से जीत हासिल की, जिन्हें केवल 35,348 वोट मिले। टीएमसी का वोट शेयर 2021 के राज्य चुनावों में 49 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 76 प्रतिशत हो गया, जबकि भाजपा का वोट शेयर 45 प्रतिशत से गिरकर सिर्फ 16 प्रतिशत रह गया। मदारीहाट (एसटी) सीट, जो पहले भाजपा के पास थी, वहां टीएमसी ने जीत दर्ज की। सत्तारूढ़ दल के जयप्रकाश टोप्पो ने 79,186 वोटों प्राप्त किए और बीजेपी के राहुल लोहार को 28,168 वोटों के अंतर से मात दी। यह जीत टीएमसी के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह पहली बार है जब पार्टी ने चाय बागान बेल्ट की एक प्रमुख सीट मदारीहाट पर कब्जा कर लिया है। उम्मीदवार के चयन को लेकर भाजपा के अलीपुरद्वार सांसद मनोज तिग्गा और पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला के बीच मतभेद के कारण पार्टी को यह सीट गंवानी पड़ी। मदारीहाट में टीएमसी का वोट शेयर 2021 की तुलना में 34.13 फीसदी से बढ़कर 54.05 फीसदी हो गया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर गिरकर 34 फीसदी हो गया। नैहाटी में टीएमसी के सनत डे ने 78,772 वोटें प्राप्त किए। उन्होंने बीजेपी के रूपक मित्रा को 49,277 वोटों से हराया। टीएमसी का वोट शेयर 2021 में 50 फीसदी से बढ़कर 62.97 फीसदी हो गया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर 2021 में 38 फीसदी से गिरकर 23.58 फीसदी हो गया। हरोआ में, टीएमसी के एसके रबीउल इस्लाम ने 1,57,072 वोट प्राप्त किए। उन्होंने आईएसएफ के पियारुल इस्लाम पर 1,31,388 वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। पियारुल इस्लाम को सिर्फ 25,684 वोट मिले। यह परिणाम दक्षिण बंगाल में अल्पसंख्यकों के बीच टीएमसी के प्रभुत्व को रेखांकित करता है। टीएमसी का वोट शेयर बढ़कर 76.63 फीसदी हो गया, जबकि आईएसएफ सिर्फ 12.153 फीसदी ही हासिल कर पाई, जबकि 2021 में टीएमसी का वोट शेयर 57.34 फीसदी था। मेदिनीपुर में, टीएमसी के सुजॉय हाजरा ने 115,104 वोट हासिल किए और बीजेपी के सुभजीत रॉय को 33,996 वोटों के अंतर से हराया। बीजेपी प्रत्याशी को 81,108 वोट मिले। बीजेपी के 37.67 फीसदी की तुलना में टीएमसी का वोट शेयर मेदिनीपुर में 53..43 फीसदी तक पहुंच गया। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में इस आदिवासी बहुल सीट पर टीएमसी का वोट शेयर 50.72 फीसदी और बीजेपी का 40.151 फीसदी था। तालडांगरा में, टीएमसी की फाल्गुनी सिंहबाबू ने 98,926 वोट प्राप्त किए और बीजेपी की अनन्या रॉय चक्रवर्ती को 34,082 वोटों के अंतर से हराया। टीएमसी ने अपना वोट शेयर 2021 में 46 फीसदी से बढ़ाकर 52 फीसदी कर लिया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर 39.19 फीसदी से गिरकर 34 फीसदी हो गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राज्य के लोगों को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं अपने दिल की गहराइयों से मां, माटी और मानुष को धन्यवाद और बधाई देना चाहती हूं। आपका आशीर्वाद हमें आने वाले दिनों में लोगों के लिए काम करने में मदद करेगा।' टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सभी छह टीएमसी उम्मीदवारों को उनकी निर्णायक जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल की जनता ने जमींदारों, मीडिया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक वर्ग द्वारा अपने निहित स्वार्थों के लिए राज्य को बदनाम करने के लिए बनाए गए नैरेटिव को खारिज कर दिया। उन्होंने मदारीहाट की जनता को भी विशेष धन्यवाद दिया। अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'मैं बांग्ला विरोधियों, उनके फर्जी नैरेटिव को लोकतांत्रिक तरीके से खत्म करने और हम पर अपना भरोसा जताने के लिए पश्चिम बंगाल के लोगों के सामने शीश झुकाता हूं।' गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार-हत्या के मामले को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के कारण तृणमूल कांग्रेस दबाव में थी। लेकिन उपचुनावों के परिणामों से साफ है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस तूफान से पार पा लिया है। इससे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पकड़ और भी मजबूत हो गई है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के विरोध प्रदर्शनों के बीच ये चुनाव राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अग्नि परीक्षा सरीखे माने जा रहे थे। इसका मतलब यह है कि आरजी कर घटना के बाद राज्य सरकार के खिलाफ नकारात्मक अभियान के बावजूद पश्चिम बंगाल के लोगों ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में अपना विश्वास बनाए रखा है। बीजेपी के लिए इस बार भी कई कारक अनुकूल नहीं रहे। लोकसभा चुनाव में भी उसको मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। 2024 में उसकी सीटें घटकर 12 हो गईं, जबकि 2019 में उसने 18 सीटें जीती थीं। उस समय भी बीजेपी की चुनावी रणनीति, संगठनात्मक ढांचे और नैरेटिव पर कई सवाल उठे थे। इसके अलावा बीजेपी की केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भरता, मुस्लिम विरोधी बयानबाजी और नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) को समर्थन न मिलना भी नुकसानदायक साबित हुआ। इसके विपरीत ममता बनर्जी ने खुद को बंगाल के हितों की रक्षक के रूप में पेश किया। उनका यह अवतार भ्रष्टाचार और लॉ एंड ऑर्डर के मामले में फेल रहने के आरोपों के बावजूद मतदाताओं के साथ जुड़ गया। कमाल की बात यह है कि पश्चिम बंगाल में भगवा फहराने का सपना देख रही बीजेपी ममता की काट निकालने में असफल रही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने उपचुनाव के नतीजों को महत्व नहीं दिया।

# पांच महीने में ही मोह भंग

लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद महाराष्ट्र के एमवीए खेमे का उत्साह देखते ही बनता था। उसी नतीजे से उत्साहित इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उम्मीद पाल ली कि कुछ भी हो जाए विधानसभा चुनाव में भी उनकी जीत पक्की है। बस इसी आत्ममुग्धता ने उनका मोह भंग कर दिया। सवाल है कि ऐसा क्या हुआ कि 5 महीने में ही पूरी कहानी बदल गई। इसके पीछे के कारणों की चर्चा विजयी दलों में तो हो ही रही है थके-हारे विपक्षी दल भी इसी सोच में दुबले हुए जा रहे हैं। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे आए चार दिन हो गए हैं लेकिन अभ भी यही चर्चा है कि ऐसा क्या हो गया जो महायुति को इतना जबर्दस्त समर्थन मिल गया। विपक्षी दलों के कई नेता जहां ईवीएम पर ठीकरा फोड रहे हैं तो वहीं शरद पवार ने हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण की बात कही है। साथ ही यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नारे बटेंगे तो कटेंगे के नारे को भी एक कारण बताया है। इस बात से तो किसी को इंकार नहीं है कि हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण महायुति के पक्ष में हुआ है। लेकिन कई मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर भी वोटों का बंटवारा विपक्षी दलों के खिलाफ गया। महाराष्ट्र की 38 सीटें जहां मुस्लिम आबादी 20 फीसदी से अधिक है उन सीटों पर भी विपक्षी दलों को नुकसान हुआ। इन सीटों पर वोटों के बंटवारे से कांग्रेस को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले चुनाव में जहां कांग्रेस को इन सीटों से 11 सीटें मिली थीं वहीं इस बार उसे केवल पांच सीटों से ही संतोष करना पडा है। वहीं दूसरी ओर महायुति इन्ही 38 में से 22 सीटें जीतने में कामयाब रहीं। 38 सीटों में से, बीजेपी ने 2019 के 11 सीटों के मुकाबले 14 सीटें जीतीं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 6 सीटें और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 2 सीटें जीतीं। दूसरी ओर कांग्रेस 5,उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना को 6 सीटें और शरद पवार के एनसीपी गुट को 2 सीटें मिलीं। बाकी बची 3 सीटों में से समाजवादी पार्टी को 2 और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को सिर्फ 1 सीट मिली। लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोट एमवीए के साथ थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में कम उत्साह, वोटों का बंटवारा और ध्रुवीकरण ने एमवीए को धूल चटा दी। कई सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों की अधिक संख्या ने वोटों का बंटवारा किया। नवाब मलिक, जीशान सिद्दीकी और आरिफ नसीम खान जैसे बड़े मुस्लिम नेता चुनाव हार गए। चुनाव परिणामों से पता चलता है कि मुस्लिम समुदाय के सामूहिक फैसले पर धर्मगुरुओं का दबदबा नहीं दिखाई पड़ा। सत्तारूढ़ गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के पीछे एकनाथ शिंदे सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को श्रेय दिया जा रहा है। लाडली बहन योजना का काफी जिक्र है लेकिन एक और मुख्य वजह रही मुस्लिम वोटों का बंटवारा। इन सीटों पर नतीजों और वोट के आंकड़े को देखा तो औरंगाबाद पूर्व में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद इम्तियाज जलील बीजेपी के अतुल सावे से 2,161 वोटों से हार गए। वहीं इस सीट पर वंचित बहुजन आघाड़ी के अफसर खान (6,507 वोट) और एसपी के अब्दुल गफ्फार सैयद (5,943 वोट) ने सीट पर मुस्लिम वोटों को विभाजित कर दिया, जिससे जलील हाथ मलते ही रह गए। एआईएमआईएम ने सिर्फ मुस्लिम बहुल मालेगांव सेंट्रल सीट जीती, जहां उसके उम्मीदवार और मौजूदा विधायक मुफ्ती इस्माइल सिर्फ 162 वोटों से जीते, जो राज्य में सबसे कम अंतर से जीत है। भिवंडी पश्चिम में, बीजेपी के महेश चौगुले ने एसपी के रियाज आजमी को हराया। इस सीट पर एआईएमआईएम के वारिस पठान को 15,800 वोट मिले।

# गांव- गांव संविधान के निहितार्थ



डॉ.वेदप्रकाश

संविधान दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार ने गांव-गांव संविधान का संदेश पहुंचने का निर्णय लिया है,यह बहुत महत्वपूर्ण है। भारतवर्ष गांवों का देश है। इन गांवों में रहने वाला सामान्य नागरिक भी देश का महत्वपूर्ण अंग है। एक ओर यह चुनावों में मतदान के माध्यम से सरकार को चुनकर भूमिका निभाता है तो वहीं दूसरी ओर अपने कार्य-व्यवसाय अथवा परिश्रम के द्वारा राष्ट्र निर्माण में भी योगदान करता है। विगत कुछ समय से भारतीय राजनीति में विपक्षी दल संविधान को हथियार बनाकर भिन्न-भिन्न प्रकार के भ्रम फैला रहे हैं। संविधान खतरे में है, संविधान खत्म कर दिया जाएगा, संविधान बचाओ अभियान आदि अनेक मुहिम विपक्ष की राजनीतिक लोलुपता के कारण निरंतर चल रही हैं। आज यह समझने की आवश्यकता है कि संविधान एक ऐसा ग्रंथ है जो भारतवर्ष की समुचित शासन व्यवस्थाओं को निर्देशित और नियंत्रित करता है। यह कोई खिलौना या वस्त्र नहीं है, जिसे कोई खत्म कर दे अथवा खतरे में डाल दे। आज यह आवश्यक है कि गांव में रहने वाला एक सामान्य व्यक्ति भी संविधान के सही अर्थों को समझे, संविधान की उद्देशिका का क्या संदेश है? इसकी जानकारी उसे भी हो। साथ ही संविधान में प्रत्येक नागरिक के लिए विभिन्न अधिकारों और कर्तव्य का प्रविधान है। गांव का व्यक्ति भी उनसे परिचित हो सके इस निमित्त यह गांव-गांव संविधान का निर्णय अथवा अभियान महत्वपूर्ण है। समाचारों के अनुसार ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब संविधान दिवस पर देश की सभी ग्राम पंचायतों में संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्राम सभाओं सहित अन्य गतिविधियों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। ध्यातव्य है कि 26 नवंबर को देशभर में संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजधानी दिल्ली में अनेक कार्यक्रम होने सुनिश्चित हुए हैं। पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखकर आयोजन संबंधी दिशा निर्देश दिए हैं। संविधान को लेकर इस दिन सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएंगी। संबंधित पंचायत के ग्रामीण ही ग्राम पंचायत सदस्य होते हैं इसलिए उन सभी को आमंत्रित कर संविधान की शपथ दिलाई जाएगी। स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान कर देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान का उल्लेख वक्तागण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों में संवैधानिक मूल्यों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर सभी ग्राम पंचायतों व स्वयं सहायता समूहों को साथ जोड़कर चर्चा करने के लिए कहा गया है। आदिवासी बहुलता वाले अधिसूचित राज्यों के गांवों में अलग से कार्यक्रम करने के निर्देश हैं। यह बड़ा विचार और संकल्प है। मेरे सपनों का भारत नामक पुस्तक में गांधी जी ने गांवों की ओर, ग्राम स्वराज, पंचायत राज, ग्रामोद्योग, ग्राम प्रदर्शनियां, गांवों की सफाई, गांवों का आरोग्य,गांवों का आहार व ग्राम सेवक आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चिंतन और लेखन किया है। यह भी सर्वविदित है कि दसता के कालखंड में सर्वाधिक शोषण व अत्याचारों के शिकार गांववासी ही हुए और स्वतंत्रता संग्राम में भी सर्वाधिक भूमिका गांवों की ही रही। स्वतंत्रता के बाद 26 जनवरी 1950 में संविधान लागू होने के बाद पंचवर्षीय योजनाएं तो चलीं, लेकिन गांव उपेक्षित ही रहे। अनेक योजनाएं व्यवस्थित भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। गांव से उत्पादन और निर्माण तो करते रहे, लेकिन विकास की मुख्य धारा से दूर ही रहे। शासन व्यवस्था में बैठे लोगों ने लोकतंत्र को परिवारतंत्र बना दिया। केवल चुनाव के समय ये गांव राजनीतिक टूरिज्म का केंद्र बनते रहे। केवल चुनाव के समय उनकी बदहाली पर आंसू बहाए जाते थे। अधिकांश नेता गांवों से दूर महानगरों में ऐश्वर्य का जीवन जीते रहे और चुनाव के समय भोली जनता को मोहक नारों से छलते और गुमराह करते रहे। विगत कुछ वर्षों में ज्ञान-विज्ञान और सूचना-तकनीक का तेजी से विकास और विस्तार हुआ है। आज सुदूर गांव देहात में भी टेलीविजन, कंप्यूटर और मोबाइल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। फलस्वरूप अब गांव की जड़ता टूट रही है। गांव में रहने वाला सामान्य व्यक्ति भी मुख्य धारा से जुड़ना चाहता है। विगत कुछ वर्षों में राजनीतिक नेतृत्व में परिवर्तन के साथ-साथ गांव की स्थिति में भी बदलाव आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामोदय से भारतोदय के संकल्प को तेजी से आगे बढ़ाते हुए काम कर रहे हैं। अब देश के लाखों गांव बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, शौचालय, उन्नत कृषि, पशुपालन व मधुमक्खी पालन आदि से जुड़कर जहां मूलभूत सुविधाएं पा रहे हैं वहीं रोजगार के नए अवसरों तक भी पहुंच रहे हैं। देश की विभिन्न पंचायतें इंटरनेट से जुड़ रही हैं। अनेक गांव स्वयं के प्रयासों से और सरकारी सहायता से उन्नत हो रहे हैं। ऐसे में संविधान का संदेश ग्रामवासियों को भ्रम- भय से दूर करके नवजागरण हेतु प्रेरित करेगा। समाचारों के अनुसार खेल व युवा मामलों के मंत्रालय द्वारा भी संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान पदयात्रा और विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई है। इस कार्यक्रम में हजारों युवा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करेंगे, ऐसे भी समाचार हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम सराहनीय तो हैं ही लेकिन यह भी आवश्यक है कि संविधान की प्रस्तावना के सही अर्थ जन-जन तक पहुंचे। यह विडंबना ही है कि विगत कुछ वर्षों से राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु कुछ लोग युवाओं और सामान्य लोगों को देश के विरुद्ध खड़ा करने का भी प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं में संविधान की प्रस्तावना का पाठ और गांव-गांव संविधान का संदेश जन जागरण के साथ-साथ राष्ट्र शक्ति को संगठित करने का भी काम करेगा।

# सद्भाव और भरोसे को तोड़ने वाला है संभल का उपद्रव



मनोज कुमार अग्रवाल

यूपी के संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान जिस तरह उपद्रवियों ने उत्पात मचाया वह चिंता जनक संकेत है। पता रहे कि संभल की जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश स्थानीय अदालत ने दिया था। अदालत के आदेश पर रविवार को जामा मस्जिद में सर्वे शुरू होते ही लोग उग्र हो उठे। मस्जिद के बाहर भीड़ ने जमकर पथराव किया व पुलिसकर्मियों के वाहन जला दिए,उपद्रवियों को नियंत्रित करने को पुलिस को गोलियां चलानी पड़ी। आमने-सामने की फायरिंग में चार लोगों की मौत हुई।कौन लोग हैं जो अदालत के आदेश पर अमल करने में बाधा उत्पन्न करना अपना अधिकार समझते हैं और सीधे पुलिस से टकराने के लिए पत्थरबाजी गोलीबारी आगजनी की तैयारी रखते हैं। संभल में पुलिस पर बरसाए गए सात ट्राली ईंट के टुकड़े चीख चीख कर कह रहे हैं कि देश के भीतर साजिश और तैयारी जारी है। आखिर ये सात ट्राली ईंट के टुकड़े करीब सात हज़ार पांच सौ ईंट कहाँ और क्यों जमा कर रखीं गयीं थीं? रिपोर्ट्स के अनुसार पथराव में एसडीएम, सीओ, एसपी के पीआरओ समेत 30 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हैं। डेढ़ दर्जन उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। संभल बाजार बंद है व अफवाहें रोकने के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। कमिश्नर व डीआइजी संभल में ही कैंप किए हुए हैं। कमिश्नर अनुसार नखासा क्षेत्र में भी पथराव हुआ। वहां से महिलाओं व कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में पेश किया था। अदालत ने सर्वे कराने का आदेश दिया था। उस दिन वीडियोग्राफी के बाद टीम चली गई थी। दूसरे चरण का सर्वे करने रविवार सुबह सात बजे एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव एवं अधिवक्ता विष्णु जैन व अन्य मस्जिद में पहुंचे। क्षेत्र की नाकेबंदी कर एडवोकेट कमिश्नर डीएम और एसपी की मौजूदगी में मस्जिद की वीडियोग्राफी करा ही रहे थे कि बाहर भीड़ जुटने लगी। कुछ लोगों ने मस्जिद में घुसने का प्रयास किया। पुलिस के रोकने पर हालात बेकाबू हो गए। साढ़े आठ बजे भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस बल प्रयोग कर खदेड़ने लगी तो फायरिंग कर दी। उपद्रवियों ने धार्मिक नारे लगाकर एक एसडीएम की कार व दो एसएचओ की मोटरसाइकिल समेत कई वाहन जला दिए। वहीं डीएम ने जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। इसके बाद पुलिस फोर्स और भीड़ आमने-सामने आ गई। रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले छोड़ने पर भी हालात काबू में नहीं आए तब पुलिस ने भी फायरिंग की। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार अनुसार पुलिस पत्थरबाजी करने वालों की पहचान कर रही है। आरोपितों की पहचान के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभी स्थिति नियंत्रण में है। संभल हिंसा मामले में डीएम राजेंद्र पेंसिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जामा मस्जिद के सदर जफर अली का भ्रामक बयान आया। इसलिए हमें पीसी करनी पड़ी। उनके बयानों की डिटेलिंग हो रही है। एसपी विश्नोई ने कहा कि जफर अली को ना हिरासत में लिया गया. ना ही अरेस्ट किया गया है। केवल जो वार्ता उन्होंने की उसके बारे में बातें की गई। मामले में लगातार अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने के बयान सामने आ रहे हैं। अब जामा मस्जिद सदर के वकील जफर अहमद ने कहा कि पुलिस ने गाड़ियां जलाईं थीं। एसडीएम ने जबरदस्ती हौद का पानी खुलवाया. जफर ने कहा कि, लोग समझे मंदिर में खुदाई हो रही है। इतना ही नहीं बल्कि जफर अहमद ने उपद्रव में मारे गए युवकों को शहीद तक कह डाला. साथ ही परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है। उनका आरोप है कि पूरा घटनाक्रम पुलिस प्रशासन का प्रायोजित प्रोग्राम था। संभल में मस्जिद के बाहर हुई हिंसा के मामले में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत समाजवादी पार्टी के सांसदों ने आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की है। जिसमें उन्होंने मामले की जांच की बात की है। यूपी पुलिस तावड़तोड़ एक्शन करती नजर आ रही है। जफर अली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संभल डीएम को रविवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था. जफर अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। संभल जिले में हुई हिंसा के बाद से पुलिस ने अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया है और 2500 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ड्रोन के फुटेज से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। इस बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में हिंसा जानबूझकर भड़काई गई है. वहीं सपा के सांसद पर भी एफआईआर दर्ज की गई है. संभल के विधायक के बेटे पर भी दंगा भड़काने का आरोप लगा है।


# स्माइल, सेल्फी और हरियाली का खेल



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हर साल की तरह इस साल भी 'महानगर का महोत्सव' बड़े धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव का यह वार्षिक आयोजन प्रशासन के अद्वितीय प्रयासों का प्रतीक माना जाता है, क्योंकि इसमें आम जनता को बताया जाता है कि 'हम' कितने संवेदनशील हैं और आप सब कितने 'विनम्र' हैं। आयोजन का मुख्य विषय था – सफाई हमारे हाथों में है, और यह सुनिश्चित करना था कि गंदगी पर कुछ तो नियंत्रण रखा जा सके, भले ही बस पोस्टरों पर ही क्यों न हो। इस बार कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए मंत्री महोदय स्वयं उपस्थित हुए थे, जो इस अवसर पर गंगा जल लेकर 'स्वच्छता की कसम' लेने को तैयार थे। मंच सजाया गया था, सफेद गुलाबों और कृत्रिम पौधों से – क्योंकि असली पौधों में पानी देने का झंझट न हो, इसलिये नकली ही ठीक। मंच के पीछे एक बड़े बैनर पर लिखा था, देश स्वच्छ हो रहा है – लेकिन धीरे-धीरे, मानो किसी फिल्म का नाम हो। कार्यक्रम की शुरुआत 'स्वच्छता प्रतिज्ञा' से हुई, जिसमें सभी सरकारी कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई गई कि वे हर साल एक बार झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाएंगे और उसे सोशल मीडिया पर डालकर अपने कर्तव्य का निर्वाह करेंगे। इस प्रतिज्ञा में एक लाइन यह भी जोड़ी गई थी कि वे झाड़ू पकड़ने की ट्रेनिंग भी लेंगे, ताकि 'सही कोण से झाड़ू कैसे पकड़ा जाए,' यह वे समझ सकें इसके बाद मंत्री महोदय का भाषण हुआ। उन्होंने माइक के सामने खड़े होकर, वैसे तो खुद से, परंतु मानो जनता से संवाद कर रहे हों, बोलना शुरू किया – हमें सफाई के प्रति गंभीर होना चाहिए। देश को स्वच्छ बनाना हमारी जिम्मेदारी है, पर हम यह अकेले नहीं कर सकते। जनता को आगे आना होगा। आपको समझाना होगा कि यह आपके ही लिए है।इस बीच वह इधर-उधर देख रहे थे, जैसे किसी गुमशुदा दर्शक को ढूंढ रहे हों। फिर माइक से कुछ दूरी पर खड़े उनके सहायक ने धीरे से याद दिलाया, सर, कैमरा यहाँ है। मंत्री महोदय तुरंत मुस्कुराए और कैमरे की ओर निहारते हुए कहा, हमें अपने बच्चों के लिए स्वच्छ भविष्य छोड़ना है। यह एक महान कार्य है। भाषण खत्म होते ही माइक के पास खड़ी टीम ने तुरंत तालियां बजाईं, ताकि उनकी गंभीरता का आभास होता रहे। इसके बाद 'स्वच्छता कर्मवीरों' को सम्मानित करने का दौर आया। अब इन्हीं कर्मवीरों में वह सफाई कर्मचारी शामिल थे, जो सालभर सिर्फ तभी दिखते हैं जब कोई वीआईपी दौरा हो। इन कर्मवीरों को स्मृति-चिह्न और एक जोड़ी सफेद दस्ताने प्रदान किए गए। उनके चेहरों पर हंसी और घबराहट का अजीब सा मिश्रण था। इनमें से एक कर्मवीर ने पूछ लिया, साहब, ये दस्ताने हर साल मिलते हैं, क्या कभी सफाई के उपकरण भी मिलेंगे? इस सवाल का जवाब मंत्री महोदय ने नहीं दिया; वह तब तक प्रेस से घिर हुए थे और अपनी तस्वीरें खिंचवा रहे थे। अब महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण भाग था – 'प्रदूषण मुक्त रैली।' इसमें स्कूली बच्चे शामिल किए गए थे, जिन्हें छोटे-छोटे झंडे पकड़ा दिए गए थे।

# नशे का जाल ,बुरा हो रहा है हाल



सुनील कुमार महला

पाकिस्तान, अफगानिस्तान आतंकवाद के साथ ही देश-दुनिया में नशे का ज़हर घोल रहे हैं। दुबई से नशा तस्कर, ड्रग माफिया भी भारत में आज सक्रिय हैं। पहले देश में पंजाब को नशे का बड़ा केंद्र माना जाता था लेकिन आज राजधानी दिल्ली, राजस्थान की शिक्षा नगरी कहलाने वाले सीकर और कोटा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मुंबई, पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र गोवा,केरल के साथ-साथ लगभग लगभग संपूर्ण भारत में ड्रग्स तस्कर, ड्रग्स माफिया, दलाल, ड्रग्स सप्लायर सक्रिय हैं। सीकर और कोटा में आज लाखों बच्चे नीट, जेईई परीक्षा की तैयारी करते हैं, और आज बहुत से बच्चों को ड्रग्स माफिया उनका तनाव, अवसाद कम करने व पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के बहाने उन्हें बहला-फुसला कर ड्रग्स से जोड़ रहे हैं। आज बच्चों के कोचिंग, हास्टल, स्कूल बाहुल्य क्षेत्रों में आज नशे का बड़ा तगड़ा जाल फैला हुआ है।नशे में एमडी, गांजा, अफीम, स्मैक,चरस, हेरोइन , कोकीन, सिंथेटिक ड्रग्स जैसे खतरनाक नशे शामिल हैं। नशे की पुड़िया आज हमारी युवा पीढ़ी को जड़ से बर्बाद करने पर तुली है। आज हालात यह हैं कि सौ रुपए से लेकर हजारों रूपए तक खुलेआम नशा बिक रहा है। चाय की थड़ियों, रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, शहर की पाश कालोनियों में नशे के दलाल सक्रिय हैं। गुटखा, तंबाकू पदार्थ बेचने वालों के साथ ही में मेडिकल स्टोर्स तक इसमें शामिल हों, इस बात से ईंकार नहीं किया जा सकता है। आज खाली पड़े पार्कों, सुनसान जगहों, रेलवे स्टेशनों पर दूर तक फैले प्लेटफार्मों को ये ड्रग्स माफिया और तस्कर निशाना बनाते हैं और वहां से अपना नशे का गंदा धंधा जारी रखते हैं। हाल ही में हिंदी के एक अत्यंत प्रतिष्ठित दैनिक के हवाले से यह खबरें भी आईं हैं कि पुलिस तक के कुछ अधिकारियों की भी इसमें मिलीभगत है और उनको उनका हफ्ता टाइम पर इन ड्रग्स माफिया और तस्करों द्वारा पहुंचाया जाता है ताकि उन्हें नशे का जाल शहर में फैलाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानियों को सामना न करना पड़े। पहले देश में सिर्फ पंजाब ही नशे में डूबा रहता था, लेकिन आज देश के बहुत से क्षेत्र नशे में उड़ते नजर आ रहे हैं। पंजाब से लगते राजस्थान के हनुमानगढ़ और गंगानगर क्षेत्र भी नशे से अछूते नहीं हैं, जैसा कि गंगानगर क्षेत्र पंजाब और पाकिस्तान से तथा हनुमानगढ़ पंजाब से जुड़ा है। पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को नशे के लिए इस्तेमाल कर रहा है, अनेक बार सीमा सुरक्षा बल ने ड्रोनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई भी की है। आज यहां नशे के इंजेक्शन, चिट्टा, अफीम, गांजा,चरस और न जाने कितने प्रकार के महंगे से महंगे नशे आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे। इस आशय की खबरें तो आए दिन मीडिया की सुर्खियों में रहतीं ही हैं, जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि आज देश उड़ता देश बनने की कगार पर है। युवा पीढ़ी जो नशा करती है,उनमें युवा महिलाओं की संख्या भी काफी है।



# क्या आप भी गलत दिशा में रखते हैं गणपति की मूर्ति ?

आप तो जानते हैं कि वास्तु शास्त्र में दिशा को विशेष महत्व दिया जाता है, जबकि जीवन में ऊर्जा का अनूठा स्थान है। सकारात्मक ऊर्जा जीवन को खुशहाल बनाती है, जबकि नकारात्मक ऊर्जा निर्णय क्षमता को खत्म कर देती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के फर्नीचर से जुड़े वास्तु नियमों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। घर में फर्नीचर किस दिशा में और कैसे होना चाहिए,

**मुख्य द्वार का महत्व**

बता दें कि वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर का मुख्य द्वार सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसलिए कई लोग द्वार पर शुभ चिन्ह, स्वस्तिक और रंगोली बनाते हैं, ताकि नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश न कर सके।वास्तु विशेषज्ञ नरेंद्र धरने ने बताया है कि प्रवेश द्वार के पास नकारात्मक चीज़ें रखने से अनैतिक ऊर्जा घर में आती है, जिससे वास्तु दोष उत्पन्न होता है। इससे कई काम रुक जाते हैं और धन की कमी होती है। इन बातों का ध्यान रखना भी ज़रूरी है।

**गणपति की मूर्ति कहां न लगाएं ?**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, नए घर में प्रवेश करने या घर बनाने के बाद भगवान गणेश की पूजा की जाती है, लेकिन अगर घर में परेशानियां बढ़ रही हैं, तो इसका कारण वास्तु दोष हो सकता है।

गौरतलब है कि कई लोग मुख्य द्वार पर गणपति की फोटो लगाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं यह शुभ है या अशुभ? अगर गणपति जी की मूर्ति लगानी हो, तो उसकी दिशा क्या होनी चाहिए?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर घर का मुख्य द्वार उत्तर या दक्षिण की ओर हो, तो गणपति की फोटो लगाना शुभ है, लेकिन अगर मुख्य द्वार पूर्व या पश्चिम की ओर हो, तो गणपति की मूर्ति न लगाएं, तो कौन-सी दिशा में क्या होना चाहिए?

**पूर्व दिशा**

**यह सूर्य उदय की दिशा है।**

इस दिशा से सकारात्मक ऊर्जा और किरणें घर में प्रवेश करती हैं।

मुख्य द्वार इस दिशा में होना बहुत शुभ है।

**पश्चिम दिशा**

रसोईघर या शौचालय इस दिशा में होना चाहिए।

ध्यान रखें कि रसोई और शौचालय पास-पास न हों।

उत्तर दिशा

इस दिशा में घर की सबसे ज़्यादा खिड़कियां और दरवाजे होने चाहिए।

बालकनी और वॉश बेसिन भी इसी दिशा में होना बेहतर है।

मुख्य द्वार उत्तर दिशा में हो, तो यह लाभकारी है।

**दक्षिण दिशा**

इस दिशा में शौचालय नहीं होना चाहिए।

भारी सामान इस जगह पर रखें।

अगर इस दिशा में खिड़की या दरवाजा हो तो नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करती है।

**ईशान दिशा (उत्तर-पूर्व)**

**यह जल तत्व की दिशा है।**

यहां बोरिंग, स्विमिंग पूल, पूजा स्थल आदि होना चाहिए।

मुख्य द्वार इस दिशा में होना बहुत शुभ है।

उत्तर-पश्चिम दिशा

आपका बेडरूम और गैराज इस दिशा में होना चाहिए।

**दक्षिण-पूर्व दिशा**

यह अग्नि तत्व की दिशा है।

गैस चूल्हा, बॉयलर, ट्रांसफॉर्मर आदि इसी दिशा में रखें।

**दक्षिण-पश्चिम दिशा**

इस दिशा में खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

घर के मुखिया का कमरा इस दिशा में शुभ माना जाता है।

नकदी रखने का काउंटर या मशीनें भी यहां रख सकते हैं।

**घर का आंगन**

अगर घर में आंगन न हो, तो वह अधूरा माना जाता है। चाहे घर छोटा हो, लेकिन आगे और पीछे आंगन होना चाहिए।

आंगन में तुलसी, अनार, अमरूद, मीठा या कड़वा नीम, आंवला और सकारात्मक ऊर्जा वाले फूलों के पौधे लगाएं। वास्तु विशेषज्ञ नरेंद्र धरने का कहना है कि अगर घर का वास्तु सही हो, तो घर में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# पूजा करते समय खड़े होकर आरती करनी चाहिए या नहीं?



हिंदू धर्म में पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इसके साथ जुड़े कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनका पालन करना चाहिए। आपने देखा होगा कि आरती के बिना कोई भी पूजा पूर्ण नहीं होती। आरती करने के बाद भगवान से आशीर्वाद लिया जाता है और प्रार्थना की जाती है।

**आरती करने का सही तरीका**

कई लोग खड़े होकर आरती करते हैं, जबकि कुछ लोग बैठकर आरती करते हैं। चलिए जानते हैं कि आरती खड़े रहकर क्यों करनी चाहिए। आरती करने से भगवान का आशीर्वाद मिलता है। माना जाता है कि इसके बिना पूजा अधूरी रहती है। आरती से घर में सुख-समृद्धि का वास रहता है।

**शास्त्रों के अनुसार आरती**

शास्त्रों के अनुसार, खड़े होकर आरती करनी चाहिए, जिसे बहुत शुभ माना जाता है। इससे पूजा पूर्ण मानी जाती है और ईश्वर का आशीर्वाद मिलता है। यह कहा जाता है कि जब हम खड़े होकर आरती करते हैं, तो हम ईश्वर के प्रति अपना सम्मान दर्शाते हैं। इसलिए, आरती खड़े होकर करनी चाहिए।

**आरती के लाभ**

भगवान के प्रति प्रार्थना करने से मन का बोझ हल्का हो जाता है। साथ ही, खड़े होकर आरती करने से व्यक्ति का क्रोध और अहंकार भी समाप्त हो जाता है। आरती करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और यह घर के वातावरण को शुद्ध करती है। घर में रोजाना आरती करने से मन में शांति मिलती है। इसलिए आरती करना शुभ माना जाता है। यह भगवान के प्रति हमारा प्रेम भी दर्शाती है।

**विशेष परिस्थितियों में आरती**

ध्यान देने योग्य बात यह है कि जिनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, वे बैठकर भी आरती कर सकते हैं। आरती करने के लिए साफ और शुद्ध मन होना आवश्यक है। इस प्रकार, आरती करने से न केवल पूजा पूर्ण होती है, बल्कि घर में सुख, शांति और समृद्धि भी आती है। उम्मीद है, इस जानकारी से आपको आरती के सही तरीके और उसके महत्व के बारे में जानकारी मिली होगी

# लाभ तो छोड़ो... कंगाली ही लगेगी हाथ! अगर घर में गलत दिशा में लगा है मनी प्लांट!




सनातन धर्म में कुछ घरेलू पौधे बहुत शुभ माने गए हैं। फिर चाहें वो तुलसी हो, क्रासुला हो, बांस हो या फिर मनी प्लांट का पौधा हो। ये न सिर्फ घर की सुंदरता को बढ़ाते हैं, बल्कि घर की निगेटिविटी भी दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए लोग घर बनवाने के बाद इनमें से कोई भी पौधे को घर में जरूर लाते हैं। अगर बात मनी प्लांट की करें तो ये पौधा धन प्राप्ति का प्रतीक माना जाता है। हालांकि, कई लोग जानकारी के अभाव में मनी प्लांट को कहीं भी और किसी भी दिशा में लगा देते हैं। ऐसी स्थिति में लाभ तो छोड़ो घर में कंगाली आने लगती है। अब सवाल है कि आखिर घर में मनी प्लांट किस दिशा में लगाएं? गलत दिशा में मनी प्लांट लगाने से जीवन पर क्या पड़ेगा प्रभाव? घर में मनी प्लांट को कहां और कैसे लगाएं? ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, किचन से लेकर बेडरूम, वॉशरूम के साथ ही घर में रखने वाले पौधों को लेकर भी दिशाओं का बहुत महत्व बताया गया है। अगर इन पौधों को सही दिशा में न लगाया जाए, तो यह घर में नकारात्मकता का प्रसार सकते हैं। इन्हीं में से एक है मनी प्लांट का पौधा। वास्तु शास्त्र में मनी प्लांट के कई महत्व बताए गए हैं। इसलिए मनी प्लांट को लगाने से पहले नियमों की जानकारी होना जरूरी है।

**मनी प्लांट लगाने की सही दिशा क्या ?**

वास्तु शास्त्र के मुताबिक, मनी प्लांट को हमेशा घर की दक्षिण पूर्व दिशा यानी अग्नि कोण में लगाना शुभ माना जाता है। इस दिशा का प्रतिनिधित्व शुक्र ग्रह करते हैं और इस दिशा के देवता भगवान गणेश हैं। इसलिए इस दिशा में मनी प्लांट लगाने से घर में सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। आर्थिक लाभ होता है। इसके साथ ही मनी प्लांट को कभी भी घर के उत्तर पूर्व दिशा यानी ईशान कोण की तरफ बिल्कुल भी नहीं रखना चाहिए।

**घर में कौन सी दिशा में न लगाएं मनी प्लांट**

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, उत्तर-पूर्व दिशा का प्रतिनिधि बृहस्पति करते हैं और यह शुक्र के विरोधी माने जाते हैं। इसलिए मनी प्लांट को इस दिशा में रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा आती है। इसके अलावा घर के पश्चिम और पूर्व दिशा में भी मनी प्लांट का पौधा लगाना अशुभ माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिशा में मनी प्लांट का पौधा लगाने से व्यक्ति को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

**मनी प्लांट लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान**

1- वास्तु शास्त्र के मुताबिक, घर में रखा मनी प्लांट का पौधा कभी भी नहीं सूखना चाहिए। यह अशुभ माना जाता है। मान्यता है कि यदि घर में लगा मनी प्लांट सूख रहा है तो यह घर की आर्थिक स्थिति को हानि पहुंचा सकता है। इसलिए मनी प्लांट के पौधे को नियमित रूप से पानी देना चाहिए और इसके सूखे पत्तों को तुरंत हटा देना चाहिए।

2- वास्तु शास्त्र के मुताबिक, मनी प्लांट का पौधा बहुत तेजी से बढ़ता है। इसलिए यह बढ़ते-बढ़ते जमीन तक भी पहुंच जाता है। लोगों को इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि यह पौधा कभी भी जमीन को छू ना पाए। यह अशुभ माना जाता है।

# ब्रह्म मुहूर्त क्या है ? इस समय उठने की क्यों दी जाती है सलाह




सनातन धर्म में ब्रह्म मुहूर्त का विशेष महत्व है। इस दौरान बिस्तर छोड़ना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। यही वजह है कि ऋषि-मुनियों से समय से यह परंपरा चली आ रही है। विद्वानों की मानें तो ब्रह्म मुहूर्त में उठने से सौंदर्य, बल, विद्या, बुद्धि और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, पूरा दिन ऊर्जा से भरा रहता है और कार्यों में सफलता मिलती है। यही नहीं, ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पूजा पाठ करने से आपकी प्रार्थना सीधे पर्मात्मा तक पहुंचती है। अब सवाल है कि आखिर ब्रह्म मुहूर्त क्या है? ब्रह्म मुहूर्त का समय क्या होता है?

**क्या होता है ब्रह्म मुहूर्त ?**

ब्रह्म अर्थात परमात्मा और मुहूर्त अर्थात समय,यानी परमात्मा का समय। जी हां, ब्रह्म मुहूर्त 48 मिनट का वह शुभ काल है, जो सूर्योदय से लगभग 1 घंटा 36 मिनट पहले प्रारंभ होता है, और सूर्योदय से 48 मिनट पूर्व समाप्त होता है। इसका समय सुबह 4 से 5:30 तक का हो सकता है।

**ब्रह्म मुहूर्त का महत्व**

प्राचीन काल में ऋषि-मुनि ध्यान साधना करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त को सबसे उत्तम समय मानते थे। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में की गई भगवान की पूजा का फल जल्द ही प्राप्त होता है। इस समय सोना वर्जित माना जाता है।

**मुहूर्त में उठने के फायदे**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में देवी-देवता और पितृ हमारे घर में आगमन करते हैं। जिसके कारण हमारे घर की उन्नति होती है।

जब व्यक्ति ब्रह्म मुहूर्त में उठता है तो उस समय वातावरण में फैली सकारात्मक ऊर्जा मनुष्य के शरीर में प्रवेश करती है जिसकी वजह से मन में अच्छे विचार उत्पन्न होते हैं।

ब्रह्म मुहूर्त में किया गया ध्यान आत्म विश्लेषण और ब्रह्म ज्ञान के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इस समय उठने से शारीरिक शक्ति बढ़ती है। साथ ही सहनशीलता में वृद्धि होती है।

जो व्यक्ति ब्रह्म मुहूर्त में उठता है उसे अच्छा स्वास्थ्य, बल ,बुद्धि और विद्या प्राप्त होती है। इसके अलावा जो व्यक्ति ब्रह्म मुहूर्त में उठते हैं वे जीवन में ज्यादा सफल होते हैं।

**ब्रह्म मुहूर्त में उठने के लिए करें ये उपाय**

ब्रह्म मुहूर्त में उठने के लिए अपने शरीर को जल्दी सोने के लिए तैयार करें। इसलिए प्रतिदिन रात में 7 से 9 घंटे के बीच सोने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।

ब्रह्म मुहूर्त से 15 मिनट पहले का अलार्म लगाएं। इससे आपकी नींद तुरंत खुलेगी। हालांकि, 1-2 दिन सुस्ती या थकान महसूस हो सकती है लेकिन फिर ऊर्जावान महसूस करेंगे।

ब्रह्म मुहूर्त में उठने के लिए इस बात का ध्यान रखें की रात में हैवी फूड लेने से परहेज करें। इसके बजाय खिचड़ी या इसी तरह का हल्का भोजन लेना शुरू करें।

किसी सी भी प्रकार की आध्यात्मिक गतिविधियों को करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त आदर्श समय होता है। इस समय ध्यान करने से व्यक्ति को ज्ञान, शक्ति, सौंदर्य और अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।

# हनुमानजी का चमत्कार देखने यहां ऊंचा पहाड़ चढ़ते है हजारों लोग





**दर्शन मात्र से पूरी हो जाती हैं सारी मनोकामनाएं!**

छतरपुर जिले में वैसे तो बहुत से हनुमान मंदिर हैं, लेकिन छतरपुर शहर से लगभग 13 किमी दूर गढ़ीमलहरा रोड पर स्थित है। ये स्थान प्रमुख हनुमान मंदिरों में से एक है। मान्यता है कि यहां सभी की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

पहाड़ के चढ़ाई पर बसा यह हनुमान मंदिर अनोखा हैं। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए पहले पहाड़ पर चढ़ना होता है फिर उतरना होता है तब जाकर हनुमान जी के दर्शन होते हैं। उंचाई पर स्थित होने के कारण इनका नाम पड़ा है अटरा सरकार। मान्यता है कि यहां सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

अटरा सरकार मंदिर के इतिहास के बारे में बात करें, तो मंदिर बनने के पहले यहां एक नीम का पेड़ लगा था। जिसके नीचे हनुमान जी की मूर्ति विराजमान थी। बता दें, पहले यहां मंदिर नहीं बना था, सिर्फ नीम का पेड़ था।

बता दें, यहां मंगलवार और शनिवार को मंदिर के महंत द्वारा दरबार भी लगाया जाता है, जहां भक्त अपनी-अपनी अर्जी हनुमान जी के चरणों में लगाते हैं। मान्यता है कि यहां से कोई भी भक्त खाली हांथ नहीं लौटा है। पुजारी के मुताबिक यहां जिन श्रद्धालुओं को संतान प्राप्ति की मनोकामनाएं पूरी हुई हैं उनके नाम से मंदिर परिसर में घंटे लगाए गए हैं।

पुजारी के मुताबिक यहां एमपी के श्रद्धालु तो आते ही हैं। साथ ही यूपी के महोबा और लखनऊ से भी श्रद्धालु आते हैं। मंगलवार और शनिवार को यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। क्योंकि यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# घर की इस दिशा में लगाएं फैमिली फोटो, परिवार में बढ़ेगा ढेर सारा प्यार

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में परिवार की फोटो लगाना एक महत्वपूर्ण कार्य है क्योंकि यह घर के वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भरता है और परिवार के बीच प्रेम और सौहार्द बढ़ाता है। परिवार की तस्वीर को सही दिशा में लगाना घर में शुभ वृद्धि और मानसिक शांति के लिए बहुत आवश्यक होता है-

**उत्तर दिशा :** उत्तर दिशा को समृद्धि, खुशी और सकारात्मकता से जोड़कर देखा जाता है। परिवार की तस्वीर को उत्तर दिशा में लगाना बहुत शुभ माना जाता है क्योंकि यह दिशा धन, समृद्धि और आत्मविश्वास को आकर्षित करती है। यहां परिवार की सामूहिक तस्वीर रखने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और रिश्तों में सामंजस्य होता है।



**पूर्व दिशा :** पूर्व दिशा भी परिवार की तस्वीर लगाने के लिए एक अच्छी दिशा मानी जाती है। यह दिशा सूर्य के उदय से जुड़ी है, जो जीवन में ऊर्जा और शक्ति का प्रतीक है। परिवार की तस्वीर को पूर्व दिशा में लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार के सदस्य मानसिक रूप से स्वस्थ और खुश रहते हैं।

**दक्षिण-पश्चिम दिशा :** दक्षिण-पश्चिम दिशा को घर के मालिक (मुख्य व्यक्ति) के स्थान के रूप में माना जाता है। यहां परिवार की तस्वीर लगाना घर में रिश्तों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह दिशा घर के सामूहिक सशक्तिकरण को दर्शाती है।

**कई बातें ध्यान रखें:** परिवार की तस्वीर में सभी सदस्य मुस्कुराते हुए दिखने चाहिए, ताकि यह सकारात्मकता का प्रतीक बने। फोटो को ऐसे स्थान पर न लगाएं, जहां से वह बार-बार दीवार या कोने में दिखाई दे, जिससे नकारात्मकता का प्रभाव पड़ सकता है। किसी भी महत्वपूर्ण तस्वीर को शयनकक्ष (बेडरूम) में नहीं लगाना चाहिए, खासकर यदि वह पर्सनल या अधिक संवेदनशील हो। सही दिशा में परिवार की तस्वीर लगाना घर में समृद्धि, शांति और सुख का संचार करता है।

# शाहरुख ने अपनी सफलता को कई लोगों के सहयोग का नतीजा बताया, बोले-यह दो तरफा सड़क है



**शाहरुख खान** ने अपने शुरुआती करियर में एक रोमांटिक हीरो के तौर पर खुद को बॉलीवुड में स्थापित किया। पर्दे पर उनके जैसा रोमांस करना किसी दूसरे हीरो के बस की बात नहीं है। पिछले कुछ सालों में तो शाहरुख खान अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हुए भी नजर आए। दर्शकों ने उन्हें हर तरह की फिल्मों में पसंद किया। फैंस के बीच भी उनकी दीवानगी पहले जैसे ही बरकरार है। अपनी इस सफलता से शाहरुख खान भी खुश हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता में कई लोगों का सहयोग है। इसके अलावा अपने फैंस के बारे में भी उन्होंने काफी कुछ कहा।

### जो मिला है उसका करते हैं सम्मान

हाल ही में शाहरुख ने एक इवेंट में अपनी सफलता के बारे में बात की। वह कहते हैं, 'मुझे जो मिला है, मैं उसका सम्मान करता हूं। मैं दिल से सभी को धन्यवाद देता हूं। मैं जानता हूं कि यह सफलता सिर्फ मेरी नहीं है। मेरे करियर और निजी जीवन में कई लोग एक साथ आए। मैंने अपना जीवन उनके साथ बिताया है।' इस बयान के जरिए शाहरुख का कहना है कि उनकी सफलता में कई लोगों का हाथ है, कई लोगों के सहयोग से वह आज यहां तक आए हैं।

### अपने लिए ईमानदार रहे हैं

सफल होने के बाद भी शाहरुख बहुत ही विनम्र नजर आते हैं। इस पर वह कहते हैं, 'मैं जानता हूं कि यह सब कुछ मेरा नहीं है, मैं इस बात को लेकर ईमानदार हूं। यह सोचना बेवकूफी होगी कि यह सिर्फ मेरी वजह से है। यह कभी भी एकतरफा रास्ता नहीं है। शाहरुख का कहने का मतलब है कि उनकी मेहनत के अलावा कई लोगों के साथ के कारण वह इतने सफल हो पाए हैं।

### फैंस के लिए ऐसी बात

अपने फैंस के लिए शाहरुख ने एक प्यारी बात कही। वह कहते हैं, 'मैं अपने घर की रेलिंग पर खड़ा हो सकता हूं, किसी को भी मुझसे प्यार करने की जरूरत नहीं है। लेकिन फैंस प्यार देते हैं। यह भी दो तरफा रास्ता है। दरअसल, आज भी शाहरुख के घर मन्नत के बाहर हजारों की संख्या में फैंस आते हैं।

फैंस उनकी बस एक झलक पाना चाहते हैं क्योंकि वह शाहरुख को बहुत चाहते हैं। वहीं शाहरुख भी अपने घर की रेलिंग पर रोज आते हैं और अपने फैंस से मिलते हैं। इस तरह से वह अपने फैंस को उनका दिया हुआ प्यार लौटाते हैं। यही बात शाहरुख को बॉलीवुड का किंग खान भी बनाती है।

### किंग में बेटी संग करेंगे अभिनय

शाहरुख खान जल्द ही एक एक्शन फिल्म करने वाले हैं। इस फिल्म का नाम 'किंग' बताया जा रहा है। सुनने में आया है कि वह इसमें अपनी बेटी सुहाना खान के साथ अभिनय करेंगे।

# ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में कृति सेनन का सिजलिंग हॉट लुक



**कृति सेनन** ने कुछ ही देर पहले अपना लेटेस्ट हॉट लुक सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस नए लुक में कृति बेहद खूबसूरत लग रही हैं। कृति ने इस ब्लैक ड्रेस में कई दिसकश पोज दिए। कृति का यह लुक उनके प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। कृति सेनन बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं।

# नयनतारा ने बॉडी शेमिंग को लेकर तोड़ी चुप्पी, दिया करारा जवाब, बोलीं- मैंने बिल्कुल वही पहना था



**अपनी डॉक्यूमेंट्री** 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरीटेल' के एक वीडियो क्लिप में अभिनेत्री ने याद किया कि कैसे 2005 में उनकी फिल्म गजनी रिलीज होने पर उन्हें किस तरह भद्दी टिप्पणियों से गहरा असर पड़ा था। डॉक्यूमेंट्री का एक वीडियो क्लिप अब निर्माताओं द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है, जिसमें नयनतारा को अपने करियर के सबसे बुरे दौर के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है।

गजनी के दौरान नयनतारा को किया गया था ट्रोल

नयनतारा ने 2005 में एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म 'गजनी' की शूटिंग के दौरान की बात को लेकर खुलासा किया। तमिल फिल्म गजनी में नयनतारा के अलावा सूर्या और असिन ने भी अभिनय किया था। नयनतारा ने कहा, उनके करियर की सबसे खराब फिल्म गजनी थी।₹ वीडियो क्लिप में नयनतारा को लेकर कई खबरे दिखाई गईं, जिसमें उन्हें मोटापे के लिए शर्मिंदा किया गया और उन्हें 'अधिक वजन वाला' कहा गया। अभिनेत्री ने कहा कि वह भद्दे कमेंट्स देखती थीं और बहुत प्रभावित होती थीं। ऐसे दिन थे जब मैं सभी कमेंट्स देखती थी और लोग कहते थे 'वह अभिनय क्यों कर रही है? वह फिल्म में क्यों है? वह इतनी मोटी है।''

### नयनतारा का करारा जवाब

नयनतारा ने कहा, आप किसी कलाकार के बारे में बॉडी शेमिंग को लेकर ऐसी बातें नहीं कह सकते। आप फिल्म में प्रदर्शन के हिस्से के बारे में बात कर सकते हैं। हो सकता है, मैं अच्छी नहीं थी, लेकिन मैं बिल्कुल वही कर रही थी, जो मेरे निर्देशक ने मुझे करने के लिए कहा था और मैंने बिल्कुल वही पहना, जो उन्होंने मुझे पहनने के लिए कहा था। मैं एक नई कलाकार थी इसलिए मुझे इसमें कुछ कहने का मौका नहीं मिला।

### जब नयनतारा ने पहनी थी बिकनी

गजनी के बाद नयनतारा ने विष्णुवर्धन की 2007 की फिल्म बिल्ला में अपनी बिकनी पहने उपस्थिति के बारे में बात की। नयनतारा ने बताया, पूरा ड्रामा बिकनी सीन के बारे में था, जो सभी के लिए एक मुद्दा था। लेकिन मैंने सोचा..इस तरह से सब कुछ बदल जाता है। मैंने ऐसा इसलिए नहीं किया क्योंकि मैं कोई बात साबित करना चाहती थी। यह जरूरी था, इसलिए मैंने इसे किया। और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए कारगर रहा।

# पुष्पा 2 के सितारों पर निर्माताओं ने बहाया पानी की तरह पैसा, अल्लू अर्जुन की फीस 300 करोड़

फिल्म 'पुष्पा 2' ने दर्शकों के बीच हलचल बढ़ा दी है। फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह साफ नजर आ रहा है। अल्लू अर्जुन एक बार फिर अपने मशहूर किरदार 'पुष्पा राज' के रूप में पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए फिल्म के निर्माताओं ने मोटी रकम अदा की है, जो भारतीय सिनेमा में किसी अभिनेता को दी गई अब तक की सबसे बड़ी फीस है। इस रिकॉर्ड-ब्रेकिंग सैलरी के साथ, अल्लू अर्जुन अब भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक बन गए हैं। उनका यह पारिश्रमिक बॉलीवुड के बड़े सितारों को भी पीछे छोड़ चुका है। आइए जानते हैं कि 'पुष्पा 2' के लिए सितारों को कितनी रकम दी गई है।

### अल्लू अर्जुन

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा 2' के लिए 300 करोड़ रुपये की रकम हासिल की है, जो न केवल दक्षिण भारत के अभिनेताओं के पारिश्रमिक से कहीं अधिक है, बल्कि यह फीस बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान को भी मात दे रही है।

### रश्मिका मंदाना



रश्मिका मंदाना ने 'पुष्पा' में श्रीवल्ली के अपने किरदार से दर्शकों का दिल जीता था। अब वह 'पुष्पा 2' में एक बार फिर नजर आने वाली हैं। अपनी आकर्षक छवि और बेहतरीन स्क्रीन पर उपस्थिति के लिए मशहूर रश्मिका की परफॉर्मेंस इस फिल्म का एक अहम आकर्षण होने वाली है। रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें इस फिल्म के लिए 10 करोड़ रुपये की फीस मिली है, जो उनके बढ़ते करियर और इंडस्ट्री में उनकी बढ़ती मांग को दर्शाता है।

### फहद फासिल

'पुष्पा 2' में एक और शानदार अभिनेता फहद फासिल भी नजर आएंगे, जो अपनी शानदार अभिनय क्षमता के लिए मशहूर हैं। उम्मीद की जा रही है कि वह 'पुष्पा 2' में अपनी अदाकारी से दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें इस फिल्म के लिए आठ करोड़ रुपये की फीस मिली है, जो उनके करियर की सबसे बेहतरीन डील्स में से एक है।

### श्रीलीला

'पुष्पा 2' में एक और बेहतरीन कलाकार श्रीलीला को अदाओं का जलवा दिखाते हुए देखा जाएगा। फिल्म में वह बस एक गाने में नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार श्रीलीला ने अपनी डांस नंबर के लिए दो करोड़ रुपये की फीस हासिल की है, जो उनकी लोगों के बीच लोकप्रियता को दर्शाता है।

## पुष्पा 2 के आइटम नंबर किसिक सॉन्ग के हिंदी वर्जन पर उठे सवाल

**अल्लू अर्जुन** और रश्मिका मंदाना 'पुष्पा 2' इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म को लेकर फैंस के बीच एक्साइटमेंट बनी हुई है। फिल्म की कहानी क्या होगी, इसका कुछ-कुछ अंदाजा फैंस पुष्पा 2 के पोस्टर और टीजर देखकर पहले ही लगाना शुरू कर चुके हैं। इस बीच मेकर्स की ओर से पुष्पा 2 के आइटम नंबर 'किसिक' लिरिकल वीडियो शेयर किया गया, जिसे सुनने के बाद लोगों ने इसकी आलोचना शुरू कर दी है। पुष्पा 2 के इस गाने को सुनकर लोगों को ढिंचैक पूजा की भी याद आ गई है।

### किसिक का हिंदी वर्जन लोगों को नहीं आया पसंद

साउथ सिनेमा की डांस क्वीन श्रीलीला और अल्लू अर्जुन पर फिल्माए गए 'किसिक' के बोल ही कुछ ऐसे हैं, जिसको सुनने के बाद लोगों का कहना है कि- ये गाना लिखा गया नहीं है, बल्कि गूगल ट्रांसलेट किया गया है। लोगों को इस गाने के बोल बेहद बेतुके लग रहे हैं, ऐसे में अब लोगों ने फिल्म पर भी शक जताना शुरू कर दिया है।

पुष्पा 2 का 'किसिक' सुनने के बाद एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- 'सुनकर हंसी आ रही है। ऐसा लगता है कि ढिंचैक पूजा का अपडेटेड वर्जन है।' एक अन्य ने लिखा- 'मैं इस गाने को अपने अलार्म में लगाने वाला हूं, ताकि इसके बजने से पहले ही उठ जाऊं।' एक और यूजर ने लिखा- 'किसिक गाना सुनकर तो मेरा दिमाग ही खिसक गया।'

### फिल्म पर भी होने लगा शक

पुष्पा 2 जैसी 500 करोड़ के बजट वाली फिल्म में किसिक जैसा गाना सुनकर फैंस भी अब निराश हो रहे हैं। गाने में जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है, वो लोगों को बहुत ही बचकाना लग रहा है। गाना सुनने के बाद पुष्पा 2 से उम्मीद लगाए बैठे दर्शक भी काफी निराश हैं और उन्हें अब फिल्म पर ही शक होने लगा है। गाना सुनकर लोगों को ऐसा धक्का पहुंचा है कि वो ये तक कहने को मजबूर हो गए कि पुष्पा नहीं झुकेगा लेकिन, इस गाने ने उनकी उम्मीदों को जरूर झुका दिया है। किसिक का लिरिकल वीडियो टी-सीरीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया है, जिसे अब तक 91 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।

# मोहिनी डे ने एआर रहमान के साथ लिंक-अप पर अपनी प्रतिक्रिया दी, बोलीं- मेरे लिए पिता समान हैं

**मोहिनी ने** अपने पति मार्क हार्टसच से भी तलाक ले लिया, जिसकी वजह से इस तरह की अफवाहें फैली, लेकिन मेहिनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि एआर रहमान उनके लिए पिता समान हैं। मोहिनी के इस वीडियो ने उन ट्रोलर्स को मुंह बंद करा दिया गया, जो गलत सूचना फैला रहे थे और निराधार धारणाएं बना रहे थे।



इंस्टाग्राम वीडियो में मोहिनी डे ने ऑस्कर विजेता संगीतकार के साथ लिंक-अप की अफवाहों को संबोधित किया। उन्होंने उन्हें अपना आदर्श और पिता जैसा बताया। उन्होंने यह भी बताया कि एआर रहमान की एक बेटी भी डे की ही उम्र की है और उनके साथ साढ़े आठ साल तक बेसिस्ट के तौर पर काम करने से उनके करियर को काफी आकार मिला है। उन्होंने आगे कहा कि वे एक-दूसरे के लिए परस्पर सम्मान और प्यार साझा करते हैं। मोहिनी ने लोगों से दयालु होने और उनकी निजता का सम्मान करने को कहा, क्योंकि उनका तलाक व्यक्तिगत और दर्दनाक दोनों था।

वीडियो के साथ, उन्होंने अपने प्रशंसकों के लिए एक लंबा नोट लिखा, मेरे और एआर रहमान के खिलाफ इतनी सारी गलत और निराधार जानकारियां गलत हैं। यह गलत है। मैं एआर रहमान के साथ उनके साथ फिल्मों और टूर में काम करने के दौरान एक बच्चे के रूप में अपने समय का सम्मान करती हूं। यह देखना निराशाजनक है कि लोगों में इस तरह के भावनात्मक मामलों के लिए कोई सम्मान, सहानुभूति या सहानुभूति नहीं है। लोगों की सोच देखकर मुझे दुख होता है। एआर रहमान एक लीजेंड हैं, और वह मेरे लिए एक पिता की तरह हैं।''

मोहिनी ने आगे लिखा, मेरे जीवन में कई रोल मॉडल और पिता समान हैं, जिन्होंने मेरे करियर और पालन-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेरे पिताजी, जिन्होंने मुझे संगीत के बारे में सब कुछ सिखाया (जिन्हें मैंने एक साल पहले खो दिया), जिन्होंने मुझे इस इंडस्ट्री से परिचित कराया, जिन्होंने मुझे आकार दिया और एआर रहमान, जिन्होंने मुझे रिकॉर्डिंग के दौरान अपने शो और संगीत के जरिए चमकने की स्वतंत्रता दी। मैं इसे हमेशा ऐसे ही करती रहूंगी। मुझे किसी को कोई सफाई नहीं देनी है, लेकिन साथ ही, मैं नहीं चाहती कि यह मेरे दिन को खराब करे। इसलिए कृपया झूठे दावे करना बंद करें और हमारी गोपनीयता का सम्मान करें।''



आरोपों के खिलाफ संगीतकार का बचाव करते हुए, सायरा ने एक वॉयस नोट में साझा किया कि वह पिछले कुछ महीनों से शारीरिक रूप से अस्वस्थ हैं, जिसकी वजह से वह अपना मुंबई में इलाज करा रही हैं। यही वजह है कि उन्होंने एआर रहमान से अलग होने का फैसला किया। वॉयस नोट में, जिसे उनकी वकील वंदना शाह ने साझा किया, सायरा ने एआर रहमान की प्रशंसा की और लोगों से उनका नाम खराब ना करने के लिए कहा। सायरा ने कहा, यह सायरा रहमान हैं। मैं वर्तमान में बॉम्बे में हूं। मैं पिछले कुछ महीनों से शारीरिक रूप से अस्वस्थ हूं। यही वजह है कि मैं एआर से ब्रेक लेना चाहती थी, लेकिन मैं पूरे यूट्यूबर्स और तमिल मीडिया से अनुरोध करूंगी कि कृपया उनके खिलाफ कुछ भी बुरा न कहें। वह एक रत्न हैं, दुनिया के सबसे अच्छे इंसान हैं।

# शाहरुख-अमिताभ के स्टारडम पर भारी पड़ा ये सुपरस्टार, बना भारत का 'सबसे चहेता', दे चुका है दो 1000 करोड़ी फिल्म

**हिंदी सिनेमा** में एक ऐसा सितारा है जिसने तेलुगु फिल्मों से अपने करियर की शुरुआक की थी। अपनी एक्टिंग के दम पर इस एक्टर ने लोगों का दिल जीत लिया और अब देश भर में पैन इंडिया स्टार बनकर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। अब तो ये भारत के सबसे चहेते एक्टर बन गए हैं। इन्होंने शाहरुख खान से लेकर अमिताभ बच्चन जैसे सितारों को पीछे छोड़ दिया है। ये एक्टर्स मेकर्स की भी पहली पसंद है और यही वजह है कि इसके ऊपर पैसा लगाने से वो नहीं कतराते। कई फिल्म मेकर्स तो प्रभास को सफला का फॉर्मुला भी मानते हैं। इस एक्टर के पास एक से बढ़कर एक हैवी बजट वाली फिल्में हैं। 'बाहुबली', 'बाहुबली 2', 'सलार', 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस हिट देने वाले इस एक्टर को तो अब आप पहचान गए होंगे। ये एक्टर कोई और नहीं बल्कि प्रभास हैं।

### सबसे पसंदीदा बने ये एक्टर



जी हां, प्रभास भारत के सबसे पसंदीदा एक्टर बन गए हैं। वो दर्शकों के चहेते एक्टर हैं। ओरमैक्स की लिस्ट में उनका नाम इस बार टॉप पर है। बॉलीवुड सितारों की भी पॉपुलेरिटी को भी पीछे छोड़ते हुए एक्टर के सिर ये ताज सजा है। भारत में सबसे ज्यादा प्यार हासिल करने वाले एक्टर्स की लिस्ट में प्रभास के बाद दूसरे नंबर थलापति विजय हैं। तीसरे नंबर पर किंग खान शाहरुख खान हैं, चौथा स्थान जूनियर एंटीआर ने हासिल किया है और पांचवें स्थान पर अजीत कुमार हैं। इस लिस्ट में अल्लू अर्जुन, महेश बाबू, सूर्या, राम चरण और सलमान खान भी टॉप 10 की लिस्ट में जगह बना पाए हैं। इस लिस्ट सिर्फ बॉलीवुड के दो एक्टर्स को ही जगह मिली है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों की तरह ही साउथ सिनेमा के सितारों का जलवा इस लिस्ट में भी कायम है।

### इन फिल्मों से बनाया रिकॉर्ड

बता दें, प्रभास के नाम दो बड़े रिकॉर्ड हैं। उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सबसे सफल दो फिल्में दी हैं जिनकी कमाई 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकी हैं। तीन 1000 करोड़ी फिल्म देने वाले वो दूसरे एक्टर हैं। इसके अलावा उनके पास कई फिल्में ऐसी हैं जिन्होंने 400-500 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। प्रभास की हालिया रिलीज 'कल्कि 2899 एडी' ने दुनिया भर में 1042.25 रुपये की कमाई की। इसके अलावा 'बाहुबली 2' ने 1788.06 करोड़ रुपये की दुनिया भर में कमाई की। 'बाहुबली' और 'सलार' दोनों ने दुनिया भर में 600 करोड़ से ज्यादा की कमाई की हैं। अब जल्द ही एक्टर कई और बिग बजट फिल्मों में नजर आएंगे। 'सलार 2', 'स्पिरिट', 'हनु राघवपुडी प्रोजेक्ट', 'द राजासाब', 'कल्कि 2' जैसी कई फिल्में इनकी झोली में हैं।






## बेहद संवेदनशील है आपका पार्टनर तो रिश्ता निभाते समय रखें इन बातों का ध्यान



अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति को डेट करना अविश्वसनीय अनुभव हो सकता है, ऐसे व्यक्ति गहराई से प्यार करते हैं। बहुत अधिक मिलनसार होते हैं और आपके जीवन में शामिल अधिकांश लोगों से बेहतर वह आपको समझते हैं।

वह बिना पूछे आपकी देखभाल करते हैं और कभी-कभी आपकी जरूरतों का ध्यान जरूरत से ज्यादा रखते हैं। हालांकि वह भी चाहते हैं कि उनका साथी उन्हें समझे और देखभाल करें। अगर आप किसी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति के साथ रिश्ते में हैं या डेट कर रहे हैं, तो यह किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने का मौका है जो आपको गहराई से समझेगा और आपकी भावनाओं की परवाह करेगा। हालांकि, एक संवेदनशील व्यक्ति के साथ होने के लिए आपको प्रभावी संचार के माध्यम से अपने साथी की आंतरिक जरूरतों को समझने की जरूरत होती है, साथ ही अपने जीवन में पर्याप्त स्थान देने की भी आवश्यकता होती है।

### अच्छे श्रोता

संवेदनशील लोग बिना कहे किए गए इशारों को समझने में बेहतर होते हैं। इस कारण उन्हें पता होता है कि आपको क्या चाहिए। जरूरी है कि आपके बीच प्रभावी संवाद हो और अच्छे श्रोता की तरह उन्हें सुनें ताकि आपको भी उनकी पसंद या जरूरतों के बारे में पता हो सके। उन्हें समझ कर ही आप दोनों के बीच का बॉन्ड मजबूत बन सकता है।

### कुछ स्पेस दें

अत्यधिक सेंसिटिव व्यक्ति को अपनी भावनाओं और स्थिति को समझने में समय लगता है। उनकी पहली प्रवृत्ति सूचनाओं और अपने आस-पास के लोगों से अभिभूत हो जाना है। जब जब चीजें गलत हो जाती हैं तो आपको लगता है कि उनके साथ रहना सही निर्णय है, लेकिन कभी-कभी उन्हें सोचने और अपनी भावनाओं को शांत करने के लिए कुछ स्पेस की आवश्यकता होती है।

### उनकी भावनाओं को अपनाएं

ऐसे लोग दूसरों की तुलना में अधिक गहराई के साथ भावनाओं को महसूस करते हैं। इसका अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि वह अव्यवहारिक हैं और ओवररिएक्ट करते हैं। उनकी भावनाओं को अस्वीकार करना और उनसे कहना कि वह ज्यादा सोच रहे हैं, उन्हें और भी अधिक हताश कर सकता है। भले ही आप उन्हें समाधान न बता सकें लेकिन उन्हें बताएं कि आप उनकी भावनाओं को समझते हैं।

### उन्हें सरप्राइज दें

सेंसिटिव लोग नकारात्मक और सकारात्मक भावनाओं को तेजी से महसूस करते हैं। उन्हें सरप्राइज आउटिंग पर ले जाना और उनकी रुचि के मुताबिक कोई तोहफा देना , उन्हें अधिक जीवंत और सकारात्मक महसूस कराता है। उनके लिए एक कप चाय बनाना या उनके घरेलू कामों में हाथ बंटाना जैसे साधारण काम भी काफी मददगार साबित होंगे।

### उनके साथ वक्त बिताएं

अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति अपने प्रियजनों का साथ, उनका लगाव चाहते हैं। ऐसे लोगों के साथ वॉक पर जाना, उनकी इंद्रियों को शांत कर सकता है और बेहतर निर्णय लेने में सहायता कर सकता है, खासकर जब कोई व्यक्ति भावनाओं से अभिभूत हो। उन्हें सैर पर ले जाएं और अपने डर के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन चीजों के बारे में निर्णय लेने में उनकी मदद करें, जिनसे वे जूझ रहे हैं।

## शादी के बाद हर लड़की को अपना लेनी चाहिए ससुराल में ये आदतें, शादीशुदा जीवन हो जाएगा आसान



शादी के बाद लड़की के जीवन में कई बदलाव आते हैं। सबसे पहला बदलाव लड़की के घर और परिवार में होता है। शादी के बाद लड़की अपने पति के घर में उनके परिवार के साथ रहना शुरू करती है। नए और अनजान लोगों के बीच रहना नई दुल्हन के लिए आसान नहीं होता। इस दौरान उसे अपने ससुरालीजनों के सामने अच्छा इम्प्रेशन भी बनाना होता है। पति और सास-ससुर के साथ ही ससुराल के हर सदस्य का दिल जीतना होता है। ऐसे में नई बहू को ससुराल के नियम कायदों को जल्द से जल्द अपना लेना चाहिए ताकि उसके ससुराल में रहने में दिक्कत न आए और ससुराल वालों को भी बहू से कोई शिकायत का मौका न मिले। यहां कुछ ऐसी आदतें बताई जा रही हैं जो शादी के तुरंत बाद बहू को अपना लेना चाहिए ताकि उसका शादीशुदा जीवन खुशहाल हो जाए।

### ससुराल की जीवनशैली अपनाएं

शादी के बाद ससुराल जाएं तो सबसे पहले ये समझें कि ससुराल वालों की जीवनशैली कैसी है। ससुराल में सब कितने बजे उठ जाते हैं। उनके सोने का समय क्या है। लंच और डिनर की क्या टाइमिंग है। ससुराल की जीवनशैली को समझकर उसे जल्द से जल्द अपना लें। इससे आप परिवार से साथ जल्द ही एडजस्ट कर सकेंगी और ससुराल वालों के लिए आपको अपनाना आसान हो जाएगा।

### सास-ससुर का ध्यान रखें

शादी के बाद लड़की की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती है। उसे अपने पति की जिम्मेदारियों में साथ देना होता है। पति के माता पिता को अपने माता पिता के समान मानकर उनका ध्यान रखें। सास-ससुर की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानें और उसी के मुताबिक उनके खान-पान और दवाओं की देखरेख करें। जब आप पति के माता पिता की देखभाल करेंगी और उन्हें अपना अभिभावक बना लेंगी तो इससे आपका वैवाहिक जीवन खुशहाल बन सकता है, क्योंकि आपका ससुराल पक्ष खुशहाल हो जाएगा।

### पति की पसंद नापसंद जानें


ससुराल में सबसे करीबी आपका पति होता है। इसलिए जरूरी है कि पति के साथ आपका रिश्ता प्यार और भरोसे पर टिका हो। इसके लिए पति की पसंद और नापसंद को जानें। आप पति से उनकी पसंद के बारे में पूछ सकती हैं या अपनी सास व परिवार के अन्य सदस्यों से पति की रुचि के बारे में जानकारी एकत्र कर सकती हैं। इससे पति भी आपकी रुचि और पसंद पर ध्यान दे सकते हैं और ससुराल में एडजस्ट होने में आपकी मदद कर सकते हैं।

### धैर्य बनाए रखना

शादी के बाद बहुत सारे बदलाव होते हैं। कई ऐसी बातें या चीजे नई बहू को अपनानी होती हैं जो शायद उन्हें पसंद भी न हों। कई बार नई बहू जिम्मेदारियों और अत्यधिक कामकाज में व्यस्तता के कारण दबाव में आ जाती हैं और तनाव महसूस करने लगती हैं। ऐसी स्थिति में झुंझलाहट, गुस्सा आना सामान्य है लेकिन आपको धैर्य बनाए रखना चाहिए। गुस्से पर नियंत्रण रखें। शारीरिक और मानसिक तौर पर बदलावों को अपनाने के लिए तैयार रहें। धैर्यवान रहकर आप आसानी से हर समस्या का समाधान तलाश सकते हैं।

## खरीदने जा रही हैं शादी के गहने तो इन बातों का रखें ध्यान

शादी के सीजन में दुल्हन के आउटफिट से लेकर उनका मेकअप और ज्वेलरी भी काफी अहम होती है। अपने लिए



परफेक्ट लहंगा और ज्वेलरी खरीदने के लिए हर होने वाली दुल्हन न जाने कितनी बार बाजारों के चक्कर लगाती है। पसंद का लहंगा खरीदने के बाद उसके लिए परफेक्ट मैचिंग वाली ज्वेलरी ढूढंना एक काफी कठिन काम है।

बहुत सी लड़कियां शादी के लहंगे के साथ गोल्ड और डायमंड जड़ी ज्वेलरी पहनती हैं, तो वहीं बहुत सी लड़कियां आर्टिफिशियल ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं। यदि आप भी अपनी शादी के लिए ज्वेलरी की तलाश कर रही हैं और बाजारों के चक्कर काट रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। हमारी बताई गई बातों का ध्यान



रखके आप अपने लिए परफेक्ट ज्वेलरी की तलाश कर सकती हैं।

### बजट तय करना जरूरी

शादी के लहंगे के लिए ज्वेलरी खरीदने का सोच रहे हैं तो सबसे पहले अपना बजट का निर्धारण करें। इससे आपको विकल्पों को सीमित करने में मदद मिलेगी और अनावश्यक खर्च से बचा जा सकेगा। यदि आप सिर्फ ये सोच के बाजार जाएंगी कि जो पंसद आएगा खरीद लेंगे तो आपको परेशानी हो सकती हैं।

### क्वालिटी पर ध्यान दें

शादी की ज्वेलरी खरीद रही हैं तो उसकी क्वालिटी का ध्यान रखें। यदि सोने-डायमंड की ज्वेलरी खरीद रही हैं तो BIS हॉलमार्क, कट, क्लैरिटी, और कैरेट की जांच करें। वहीं यदि आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी खरीद रही हैं तो पहले ही कंफर्म कर लें कि कहीं ये काली न पड़े जाए। इसकी फिनिशिंग सही से हो, ताकि लुक भद्दा न लगे।

### ट्रेंड का रखें ध्यान

शादी की ज्वेलरी के लिए हमेशा पारंपरिक डिजाइन का चयन करें क्योंकि वे समय के साथ पुरानी नहीं लगती। यदि आप ट्रेंडी डिजाइन पहनना पसंद करती हैं, तो सुनिश्चित करें कि वे लंबे समय तक पहनने योग्य हों। कई बार ऐसा होता है कि हम खरीद तो लेते हैं लेकिन एक साल बाद ही वो ज्वेलरी हमें पसंद नहीं आती।

### वजन का ध्यान रखें

भारी ज्वेलरी केवल शादी के दिन के लिए उपयोगी हो सकती है, इसलिए ऐसी ज्वेलरी खरीदें जो देखने में तो भारी हो लेकिन पहनने में हल्की हो। अगर चोकर और नेकपीस खरीदेंगी तो आपका लुक भी अच्छा दिखेगा और आप इसे दोबारा खरीद पहन सकती हैं।

### ऑफ-सीजन खरीदारी

अभी शादी का सीजन चल रहा है, ऐसे में अभी आपको ज्वेलरी महंगी ही मिलेगी। ऐसे में यदि शादी में काफी समय है तो ऑफ सीजन खरीदारी करें। ऑफ सीजन में आपको छूट और ऑफर्स का लाभ मिल सकता है।

## बिना धूप के भी तैयार हो जाएगा अचार, सर्दियों में करें फटाफट तैयार

सर्दियों में खाने का स्वाद दोगुना बढ़ जाता है। बाजार में तरह तरह की मौसमी सब्जियां आ जाती हैं ,जो रंग-बिरंगी होने के साथ ही स्वाद और सेहत के लिए भी फायदेमंद होती हैं। इस मौसम में पालक-बथुआ के पराठे, आलू-प्याज के पराठे और मूली और गोभी के पराठे खाना लोग काफी पसंद करते हैं। इस तरह के खाद्य सामग्रियों का स्वाद अचार बढ़ा देता है।

### अचार बनाने के लिए सामग्री

दो गाजर कद्दूकस किए हुए, एक मूली कद्दूकस की हुई, (चाहे तो पतले और छोटे टुकड़ों में भी काट सकते हैं) एक चम्मच अदरक कद्दूकस किया हुआ नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच सौंफ, चुटकीभर मेथी दाना, दो चम्मच सरसों का तेल, एक-दो चम्मच सिरका।

### अचार बनाने की विधि

सबसे पहले गाजर और मूली को अच्छी तरह से धोकर छील लें। अब इसे कद्दूकस कर लें। एक बड़े बर्तन में कद्दूकस किया हुआ गाजर और मूली एकत्र करके उसमें स्वादानुसार नमक, चुटकी भर हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, सौंफ, मेथी दाना और अदरक डालकर अच्छे से मिला लें।

एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें। इसमें थोड़ा सा मेथी दाना डालकर भूनें। जब तेल गर्म हो जाए और मेथी दाना हल्का सुनहरा हो जाए तो इसमें मूली और गाजर का मिश्रण मिलाएं। ऊपर से सिरका डालकर अच्छी तरह से मिला लें। तेल और सिरका अचार को जल्दी पका देंगे और इसमें ताजगी भी बनी रहेगी। जब सभी सामग्री अच्छे से मिल जाए और मसाले व तेल गाजर-मूली के टुकड़ों में अच्छे से समा जाए तो समझिए अचार तैयार है।

इसे आप तुरंत खाने के साथ सर्व कर सकते हैं। आप चाहें तो इसे कुछ घंटों के लिए रख भी सकते हैं। बिना फ्रिज में स्टोर किए ये अचार एक हफ्ते तक ठीक रहता है। लेकिन अगर लंबे समय तक स्टोर करना हो, तो इसे एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख सकते हैं।

## बच्चा करता है बात-बात पर शिकायतें तो डांटे नहीं, समझें वजह

'मम्मी, यह अच्छा नहीं बना है, मुझे नहीं खाना।' 'मां, मुझे गर्म नहीं, ठंडा दूध चाहिए।' 'पापा, आज मेरे दोस्त ने मेरी पसंद का गेम नहीं खेला।' 'पापा, भाई मुझे मारता है, फिर भी मम्मी उसे नहीं डांटतीं।' क्या आपका बच्चा भी ऐसी कई सौ शिकायतों की पोटली लेकर आपके आस-पास मंडराता रहता है? अगर हां तो बेवजह छोटी-छोटी बातों पर नाराज होकर शिकायत करना उसके व्यवहार और भविष्य को नुकसान पहुंचा सकता है।

बच्चे आपसे अक्सर किसी-न-किसी की शिकायत करते रहते हैं। कई बार आप उन्हें डांटकर चुप करा देती हैं, मगर वास्वत में इसका उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ सकता है।

### क्या है असल वजह

कुछ बच्चे ज्यादा ही संवेदनशील होते हैं



और छोटी-छोटी बातों पर प्रतिक्रिया देते हैं। यही उन में शिकायत करने का कारण भी बनती है। वहीं कुछ बच्चों में झूठी शिकायत करके अपने भाई-बहन या दोस्तों को डांट पड़वाने की आदत होती है। इसलिए पहले शिकायतों की सच्चाई को जानें।

### ध्यान आकर्षित करना

बच्चे में हर समय शिकायत करने की आदत कई मामलों में ध्यान आकर्षित करने का एक तरीका भी होती है। ऐसा करके बच्चा चाहता है कि दोस्त, माता-पिता और शिक्षक उसे सुनें, उस पर ध्यान दें और उसकी समस्याओं को सुलझाएं।

### छोटे झगड़े, बड़ी सीख

बच्चे खेल-कूद के दौरान होने वाले छोटे-छोटे झगड़ों से कई ऐसी बातें सीखते हैं, जो जिंदगी भर उनके काम आती हैं। ऐसे में आप उन्हें समझाएं कि छोटी-छोटी बातों के लिए शिकायत न करें, बल्कि उसे खुद ही सुलझाने की कोशिश करें।

### असंतुष्टि की भावना

मन में असंतुष्टि की भावना होना, शिकायत करते रहने का सबसे जरूरी पहलू है। इसलिए आपको बच्चे की इस असंतुष्टि के बारे में जानने का प्रयास करना चाहिए।

### सुनें पूरी बात

सबसे पहले आप यह समझने की कोशिश करें कि क्या बच्चे को वास्तव में कोई परेशानी है या नहीं। ऐसा इसलिए कि बच्चों में यह तय करने की क्षमता नहीं होती कि कौन-सी बात या स्थिति शिकायत योग्य है और कौन-सी नहीं। ऐसे में माता-पिता की यह जिम्मेदारी है कि बच्चे पर नजर रखें और उसे समझने की कोशिश करें।

### खुद में सुधार



कई बार माता-पिता भी अपने कामों में इतने उलझे रहते हैं कि बात-बात पर एक-दूसरे से शिकायत करने लगते हैं। ऐसे में बच्चा भी उनको देखकर यह व्यवहार अपना लेता है। उसे लगता है कि गुस्सा आने या मन खराब होने पर शिकायत करना जरूरी है। इसलिए बच्चे के सामने किसी की भी शिकायत करने से बचें और अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

### सीखते हैं आपके आचरण से

फैमिली रिलेशनशिप काउंसलर शोभना कहती हैं, सात साल की उम्र तक बच्चा जो भी सीखता है, वही जीवन भर उसके काम आता है। इसलिए इस उम्र तक माता-पिता को अपने बच्चे की हर बात को सुनना चाहिए और ऐसा समाधान निकालना चाहिए, जिससे कोई भी आहत न हो। कई मामलों में बच्चे के कामों के लिए माता-पिता एक-दूसरे को दोष देने लगते हैं, जो कि अपरिपक्वता की निशानी है। इस कारण बच्चा सोचता है कि उनसे शिकायत करने का कोई फायदा नहीं है और वह अपने मामले खुद ही सुलझाने का प्रयास करने लगता है। इस स्थिति में कई बार बच्चे के लिए नई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए बच्चे से संपर्क बनाए रखें, क्योंकि बच्चे आपकी बातों से नहीं, बल्कि आप के आचरण से सीखते हैं।

## घर पर नहीं है गमले रखने की जगह तो लगाएं इस तरह के पौधें, पानी में भी खिल जाते हैं

फ्लैट्स में लोगों के पास पेड़-पौधे लगाने के लिए जगह नहीं होती है। लेकिन कुछ ऐसे पौधे हैं, जिनको आप पानी में भी उगा सकती हैं। पौधों से हरा-भरा घर सुंदर लगता है। ये पौधे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं, लेकिन अगर आप भी उनमें से हैं, जिन्हें हरा-भरा घर पसंद तो है, मगर पौधे उगाने के लिए पर्याप्त जगह और सही मिट्टी मौजूद नहीं है तो परेशान न हों। आप कुछ पौधे पानी में भी उगा सकती हैं। पानी में उगे ये पौधे न केवल खूबसूरत नजर आते हैं, बल्कि घर में शुद्ध हवा का संचार भी करते हैं।



### फिलोडेंड्रोन स्कैंडेंस

यह वायु शुद्ध करने वाला होम प्लांट है, जिसे इसके बड़े दिल के



आकार के हरे पत्तों के कारण पसंद किया जाता है। आप इसे पानी में बेल के रूप में भी लगा सकती हैं, जो कि देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। बस, आप इसे ऐसी जगह पर रखें, जहां सूरज की किरणें इसकी पत्तियों को छू पाएं। साथ ही इसे लगाते समय आपको पानी के लेवल पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि इसे कम पानी में ही उगाया जाता है।

### पीस लिली

यह एक खूबसूरत फूल का पौधा है, जिसका इस्तेमाल घर और व्यावसायिक स्थानों की साज-सज्जा के लिए किया जाता है। वास्तु शास्त्र में भी पीस लिली को घर में शांति और सद्भाव लाने के लिए सुझाया गया है। पीस लिली को सही से उगने के लिए मिट्टी की आवश्यकता होती है, मगर यह पानी में भी आसानी से लग जाता है। आप इसे सुंदर से कांच के जार में लगा सकती हैं। यह पौधा पानी में लगा हो या मिट्टी में, दोनों ही रूपों में आकर्षक लगता है, मगर इस बात का ध्यान रखें कि पौधे को सही से धूप मिलें, वरना इसकी जड़ें सड़ भी सकती हैं।

### मनी प्लांट

यह सबसे आम पौधा है, जो लगभग हर भारतीय घर में मिल जाता है। कांच के जार में भरे पानी में लगा खूबसूरत मनी प्लांट आपके लिविंग रूम, बेड रूम और घर के हर कोने की शोभा बढ़ा सकता है। मनी प्लांट मिट्टी और पानी, दोनों में अच्छी तरह उपज सकता है, लेकिन पानी में लगे मनी प्लांट की खूबसूरती देखते ही बनती है।

जब आप पानी में मनी प्लांट लगाएं तो ध्यान दें कि तना पूरी तरह पानी में डूबा हो। साथ ही आप इसे ऐसी जगह रखें, जहां 2-3 घंटे धूप आती हो और समय पर उसका पानी बदलना बिल्कुल न भूलें।

### बैंबू

इसे लकी बैंबू भी कहा जाता है, जो कि पानी में पनपने वाला एक सुंदर, लोकप्रिय और देखभाल में आसान इंडोर प्लांट है। यह पौधा जहां रखा होता है, उस जगह को खूबसूरती से निखार देता है। इसे पानी में उगाना सबसे आसान है, लेकिन बैंबू प्लांट फ्लोराइड और क्लोराइड जैसे रसायनों के प्रति बहुत संवेदनशील है। इसलिए अगर आप आरओ का पानी इसमें डालें तो अच्छा है। आप बैंबू प्लांट को खिड़की के पास रखें, जहां इसे पर्याप्त धूप मिले। वहीं समय-समय पर इसकी छंटाई भी करती रहें।

### स्नेक प्लांट

अपनी आकर्षक और खूबसूरत लंबी-लंबी पत्तियां से पहचाना जाने वाला यह प्लांट आपके घर की हवा को फिल्टर कर अस्वास्थ्यकर प्रदूषक को दूर करता है। स्नेक प्लांट लगाने के लिए आपको किसी बीज या नए पौधे की जरूरत नहीं होती, बल्कि जरूरत होती है इस पौधे की बस एक पत्ती की। इसकी एक पत्ती को आप पानी से भरे जार में लगा दें और जार के पानी को हफ्ते में एक बार जरूर बदलें। कुछ दिन में यह बढ़ने लगेगा और फिर यह आपके घर की शोभा बढ़ाएगा।





# फिच ने निगेटिव वॉच में रखे अडानी ग्रुप के कुछ बॉन्ड, शेयरों में आई 8% तक की गिरावट



नई दिल्ली,26 नवंबर (एजेंसियां)। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने अडानी ग्रुप के कुछ बॉन्ड्स को नेगेटिव वॉच में डाला है। अमेरिका के अभियोजकों ने अडानी ग्रुप के कुछ अधिकारियों पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। इसके बाद फिच ने यह कदम उठाया है। इससे मंगलवार को ग्रुप के शेयरों में 8% तक की गिरावट आई। अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखी गई। यह कारोबार के दौरान 8% गिरकर 52 सप्ताह के निचले स्तर 893 रुपये पर आ गया। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस और अडानी टोटल गैस में भी क्रमशः लगभग 5% और 3% की महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई। इस बीच, अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स, अडानी पावर और अडानी विल्मर के शेयरों में 2% से 3% के बीच की गिरावट आई।

फिच ने कहा कि अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड, अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई और अडानी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन के कुछ रुपये और डॉलर बॉन्ड अब वॉच नेगेटिव पर हैं। एजेंसी ने कहा कि अडानी की चार सहायक कंपनियों के सीनियर अनसिक्योर्ड डॉलर बॉन्ड की रेटिंग को स्थिर से घटाकर नेगेटिव कर दिया गया है। फिच ने कहा कि वह अडानी की वित्तीय स्थिति पर किसी भी प्रभाव के लिए अमेरिकी जांच की निगरानी करेगा। विशेष रूप से निकट-से-मध्यम अवधि के वित्तपोषण तक पहुंच में किसी भी तरह की गिरावट शामिल हैं।

बॉन्ड में गिरावट

इस बीच, फ्रांसीसी दिग्गज तेल कंपनी टोटलएनर्जीज ने अडानी ग्रुप ने अपने निवेश को रोकने की बात कही है। अमेरिकी अभियोजकों ने अडानी ग्रुप के फाउंडर गौतम अडानी और सात अन्य पर बिजली आपूर्ति के सौदे हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। अडानी ग्रुप ने कहा है कि इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। अडानी के डॉलर बॉन्ड मंगलवार को स्थिर रहे और तीन दिनों की भारी गिरावट के बाद कीमतों में थोड़ी वृद्धि हुई। अमेरिका में अभियोग की खबर के बाद से इनमें करीब 8-12 सेंट गिरावट आई है।

# पीएलआई का असर: एपल ने 7 माह में 10 अरब डॉलर का आईफोन उत्पादन किया

## भारत में 4 साल में 1.75 लाख से अधिक रोजगार



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। एपल ने चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों (अप्रैल से अक्तूबर) के बीच 10 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन का भारत में उत्पादन किया है। इसमें से सात अरब डॉलर का फोन निर्यात किया गया है। कुल स्मार्टफोन का निर्यात 10.6 अरब डॉलर से ज्यादा रहा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) से यह संभव हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इस वित्त वर्ष में 37 फीसदी ज्यादा उत्पादन एपल ने किया है। भारत में एपल के लिए अक्तूबर ऐतिहासिक महीना था, क्योंकि किसी एक माह में पहली बार कंपनी का उत्पादन दो अरब डॉलर के पार रहा। स्मार्टफोन क्षेत्र में पीएलआई योजना ने अपने निवेश का 19 गुना ज्यादा राजस्व उत्पन्न किया है। इससे सरकार को 1.10 लाख करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। सैमसंग को छोड़कर सभी स्मार्टफोन कंपनियों के लिए पीएलआई योजना वित्त वर्ष 2025-26 में समाप्त हो जाएगी।

# दो दिन मजबूत होकर फिर लाल निशान पर बाजार

## सेंसेक्स 105 अंक फिसला, निफ्टी 24200 से नीचे

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों को लेकर चिंता के बीच कमजोर वैश्विक बाजार रुख के अनुरूप मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी में दो दिन की तेजी थम गई और ये गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 105.79 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 80,004.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 311.18 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 79,798.67 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 27.40 अंक या 0.11 प्रतिशत गिरकर 24,194.50 अंक पर आ गया।

**अल्ट्राटेक सीमेंट और अदाणी पोर्ट्स में गिरावट, एशियन पेंट्स-इंफोसिस में बढ़त**

सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टूब्रो और पावर ग्रिड सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। एशियन पेंट्स, इंफोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज सर्वाधिक लाभ में रहे। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इस टिप्पणी से उत्पन्न चिंताओं के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट आई कि 20 जनवरी को पदभार ग्रहण करते ही वे मैक्सिको, कनाडा और चीन पर नये टैरिफ लगाने की योजना बना रहे हैं।

**सोमवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में हुए बंद**

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और शंघाई में गिरावट दर्ज की गई जबकि हांगकांग में तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। अदाणी समूह के सभी शेयरों में गिरावट रही, जिसमें अडानी ग्रीन एनर्जी में 7.05 प्रतिशत की गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत बढ़कर 73.58 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक में तेजी आई, जिसमें भाजपा द्वारा महाराष्ट्र में शानदार प्रदर्शन करने, रिकॉर्ड संख्या में सीटें जीतने और पार्टी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को भारी जीत दिलाने से मदद मिली।

सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 992.74 अंक या 1.25 प्रतिशत बढ़कर 80,109.85 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 314.65 अंक या 1.32 प्रतिशत बढ़कर 24,221.90 अंक पर बंद हुआ था। पिछले कई दिनों से जारी बिकवाली के बाद सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने खरीदारी की। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने 9,947.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# जियो की 2025 में स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग संभव

## जैफरीज ने कहा, रिलायंस का स्टॉक देगा बंपर रिटर्न!




नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज अपनी टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो को जल्द ही स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करा सकती है। ऐसे में ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस जेफ्फरीज ने अपने रिसर्च रिपोर्ट में निवेशकों को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर को खरीदने की सलाह देते हुए कहा कि स्टॉक में जोरदार तेजी की संभावना है। जेफ्फरीज के मुताबिक साल 2025 में जियो की लिस्टिंग की पूरी संभावना है।

**रिलायंस का स्टॉक देगा बंपर रिटर्न!**

जेफ्फरीज ने अपने रिसर्च नोट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर को खरीदने की सलाह देते हुए कहा कि स्टॉक 1700 रुपये तक जा सकता है। मंगलवार 26 नवंबर को रिलायंस का स्टॉक 1290 रुपये के करीब ट्रेड कर रहा है। यानि मौजूदा लेवल से शेयर अपने निवेशकों को 32 फीसदी तक का रिटर्न दे सकता है।

**रिलायंस जियो की 2025 में लिस्टिंग संभव!**

ब्रोकरेज हाउस ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि, रिलायंस की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो होम ब्रॉडबैंड में बेहद मजबूत है और 5जी के मॉनिटाइजेशन के लिए बेहतर स्थिति में है। समूह के रिटेल बिजनेस को लेकर ब्रोकरेज हाउस ने कहा रिटेल कारोबार के लिए अक्टूबर महीना शानदार रहा है लेकिन लगातार रिकवरी के लिए दो तिमाही का इंतजार करना होगा। जेफ्फरीज ने रिलायंस रिटेल का वैल्यूएशन 57 बिलियन डॉलर आंका है।

**2019 में लिस्टिंग के मिले थे संकेत**

रिलायंस जियो अगर स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होती है तो रिलायंस इंडस्ट्रीज और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के अलावा ये समूह तीसरी कंपनी होगी जो स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होगी। दरअसल साल 2019 में ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने अगले पांच वर्षों में रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराने का एलान किया था।

**सीएसएलए ने भी 2025 में जियो की लिस्टिंग का जताया अनुमान**

इससे पहले विदेशी ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने भी अपने रिपोर्ट में रिलायंस जियो के महा-आईपीओ (रिलायंस जियो आईपीओ) के 2025 की दूसरी या तीसरी तिमाही में लॉन्च होने की संभावना जताई है। सीएलएसए ने जियो और रिटेल कारोबार के चलते होने वाले वैल्यू अनलॉकिंग और नए एनर्जी बिजनेस के ऑयल टू केमिकल्स बिजनेस के साइज जितना बड़ा होने की संभावना के चलते रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्टॉक का 2186 रुपये का टारगेट दिया है जो कि मौजूदा लेवल से 70 फीसदी ज्यादा है।

# पाकिस्तान को रोजाना 6000 करोड़ रुपये का नुकसान

## इमरान खान की एक जिद से कंगाली में आटा हो रहा गीला



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं। उनकी रिहाई की मांग के लिए उनके समर्थक पाकिस्तान में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। करीब 200 समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 1200 से ज्यादा को हिरासत में रखा गया है। इस विरोध-प्रदर्शन के कारण पाकिस्तान के कई शहरों में इंटरनेट और मोबाइल सर्विस तक बंद हैं। इमरान के समर्थक मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से यह विरोध प्रदर्शन जारी है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने न केवल उन्हें गिरफ्तार किया है लाठीचार्ज और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया है। इस विरोध प्रदर्शन के कारण पाकिस्तान को रोजाना करीब 6 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। कर्ज में डूबे पाकिस्तान के लिए यह नुकसान कंगाली में आटा गीला होने से कम नहीं है।

**बड़े स्तर पर हो रहा विरोध प्रदर्शन**

इमरान की रिहाई के लिए यह विरोध प्रदर्शन बड़े स्तर पर हो रहा है। झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो चुकी है। विरोध प्रदर्शन का आह्वान करने वाले इमरान खान ने इसे आजादी की लड़ाई के रूप में पेश किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, '24 नवंबर गुलामी से मुक्त होने का दिन है। देश को यह तय करना होगा कि बहादुर शाह जफर की तरह गुलामी का जुआ पहनना है या टीपू सुल्तान की तरह आजादी का ताज पहनना है।' इमरान खान की पोस्ट से स्पष्ट है कि उनकी जिद 'टीपू सुल्तान की तरह आजादी का ताज' पहनने की है। पूर्व प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया है कि उन्हें जेल में डालना उन्हें सत्ता में वापस आने से रोकने के लिए एक राजनीतिक चाल है। उनकी पार्टी नए चुनावों की मांग कर रही है, उनका दावा है कि पिछले चुनावों में धांधली हुई थी।

यह विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान के लिए बहुत महंगा साबित हो रहा है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि विपक्ष के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों और लॉकडाउन से प्रतिदिन 190 बिलियन पाकिस्तानी रुपये (भारतीय मुद्रा में लगभग 6,000 करोड़ रुपये) से अधिक का नुकसान हो रहा है।औरंगजेब के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के कारण टैक्स कलेक्शन नहीं हो पा रहा है।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक मे | वृश्चिक- | 05-42 बजे |
| चंद्र- | कन्या मे | धनु---- | 07-56 बजे |
| मंगल | कर्क मे | मकर... | 10-01 बजे |
| बुध- | वृश्चिक मे | कुंभ-- | 11-53 बजे |
| गुरु- | वृष मे | मीन-- | 13-31 बजे |
| शुक्र- | धनु मे | मेष--- | 15-06 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | वृष--- | 16-52 बजे |
| राहु- | मीन मे | मिथुन- | 18-52 बजे |
| केतु- | कन्या मे | कर्क--- | 21-05 बजे |
| | | सिंह--- | 23-16 बजे |
| | | कन्या-- | 01-23 बजे |
| | | तुला--- | 03-29 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत् -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-31
सूर्यास्त. -17-35
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी 06-23 पूर्ण दिनरात तक
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण, बुधवार 27 November
नक्षत्र - चित्रा 07-35 पूर्ण दिनरात तक
योग - आयुष्मान 15-12 तक उप सौभाग्य
करण- कौलव 17-07 तक उप तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार - काल दंड योग

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 12:04 से 13:28 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ. | 06:31 - 07:53 | शुभ | उत्पात | 17:35 - 19:15 | अशुभ |
| अमृत | 07:53 - 09:16 | शुभ | शुभ. | 19:15 - 20:51 | शुभ |
| काल. | 09:16 - 10:40 | अशुभ | अमृत. | 20:51 - 22:28 | शुभ |
| शुभ | 10:40 - 12:04 | शुभ | चंचल. | 22:28 - 00:04 | शुभ |
| रोग. | 12:04 - 13:28 | अशुभ | रोग | 00:04 - 01:41 | अशुभ |
| उत्पात | 13:28 - 14:51 | अशुभ | काल. | 01:41 - 03:17 | अशुभ |
| चंचल | 14:51 - 16:15 | शुभ | लाभ. | 03:17 - 04:53 | शुभ |
| लाभ | 16:15 - 17:35 | शुभ | उत्पात | 04:53 - 06:31 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आज का दिन शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है परन्तु आपको अपने निवेश को लेकर सतर्क रहना होगा। आज के दिन अगर आप वाहन, दवाई या सौन्दर्य प्रसाधन उद्योग में निवेश करेंगे तो वो काफी फायदेमंद साबित होगा। ये बहुत जरुरी है की आप अपने निवेश को दोबारा परखे और जहा जरुरी हो उसमे बदलाव लाये जिससे की आपकी लाभ की सीमा बढे।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपको लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मुश्किलो का सामना करना पड़ सकता हैं। उन क्षेत्रों को देखे जहा पहले आपने कार्य नहीं किया है। अन्वेषण आप के लिए आज महत्वपूर्ण रहेगा।आपको कुछ सार्थक मिल सकता है। अगर आप अपनी नौकरी स्थानांतरण की योजना बना रहे है, तो आज का दिन काफी शुभ हो सकता है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
अगर आपने व्यावसायिक साझेदारी को तोड़ने का फैसला कर लिया है, तो आप एक विनम्र और यथार्थवादी तरीके से ऐसा करे। आपको इस शीत युद्ध के अंत के लिए बहुत प्रभावी ढंग से और आसानी से संवाद स्थापित करना होगा और हो सके तो आपको ही पहल करनी होगी ताकि बर्फ कुछ पिघले।

**कर्क** ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,
आज आपको एक सुपर हीरो की तरह शक्तिया मिल सकती है। आपके लंबित कार्य और परियोजनाओं के पूरा होने के संकेत दिखाई देंगे। आप अपने करीबी लोगों के साथ आज मिल सकते है। अपनी टीम को प्रेरित और प्रोत्साहित करे। आपका सहयोगी अपनी जिम्मेदारियों से दूर भाग सकता है इसलिए चालाकी से काम ले। आप अपने पुराने निवेश पर ब्याज मिलने से हैरान हो सकते है जिसे आपने लगभग भुला ही दिया था।

**सिंह** मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,
आप ऐसे लोगों को खोजने की कोशिश करें जो आप के लिए कुछ उपयोगी जानकारी की आपूर्ति कर सकते हैं। आप कुछ बड़ा सोच रहे हो और इस जोखिम को लेने के लिए यह सही समय है। महत्वहीन मुद्दों के हल के लिए अपने समय की बचत करें। जितनी चादर हो उतने ही पैर फैलाये अर्थात आमदनी के हिसाब से धन का व्यय करे।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
हालाँकि आप अपने कार्य क्षेत्र से संतुष्ट है और आगे की तरफ जा रहे है लेकिन ये समय अपना हुनर, रचनात्मकता एवं प्रतिबद्धता को दिखाने का है और हो सकता है की आपको अपनी परिवार की प्रतिबद्धता को पीछे छोड़ना पड़े लेकिन ये आपके करियर को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अगर आप इस काम को सही ढंग से कर पायेंगे तो ये आपको उस मंजिल तक ले जा सकता है।

**तुला** रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,
हालाँकि की आज आप अपने सभी कार्यों को जल्द पूरा करने में बहुत ज्यादा सक्षम हैं लेकिन आप अपने में बेचैनी, असावधानी और सुस्ती महसूस करेंगे और नतीजतन अधिक समय होने के बावजूद आपका बकाया कार्य और जिम्मेदारियां बढ़ती हुई चली जाएंगी। एक दिन की छुट्टी लेना इस का उपाय है ताकि अगले दिन आप तरोताजा महसूस करे।

**वृश्चिक** तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,
आज आप अपने आप पर संदेह कर सकते है और अपनी खुद की क्षमता को नजरअंदाज कर सकते हैं। यह सब आपके असुरक्षित व्यवहार की वजह से है जिसे आपको नियंत्रित करना होगा। एक गहरे स्तर पर दूसरों के साथ संदेशो का आदान प्रदान करने का प्रयास करें। इससे न केवल आप उन लोगों के साथ बेहतर सम्बन्ध बना सकोगे।

**धनु** ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
आज आपको अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। आप हमेशा अपने धन को लेकर उत्तरदायी और जिम्मेदार रहे है पर ये समय अपने आप को थोड़ी खुशिया देने का समय है। आप अपने लिए कुछ उपहार ले सकते है जो की काफी हद तक आपको तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होगा। आप दुसरो का काफी ध्यान रखते है पर आज अपने लिए कुछ समय निकालकर अपने ऊपर कुछ खर्च करे।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
यात्रा के अवसरों के लिए बहुत ही खुले दिल से स्वागत करे। ये धन कमाने का एक बेहतरीन मौका है! जो लोग अध्यन कर रहे है उन्हें अप्रत्याशित स्रोतों से अद्भुत अवसर मिल सकते है। आप जिस भी स्थिति मैं है, आप ये याद रखे की एकता में बल है इसलिए सामूहिक प्रयास ही संतोषजनक परिणाम ला सकता है।

**कुंभ** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज के दिन आपकी प्रतिभा को आपके उच्च अधिकारी पहचानेगें और आपके कार्य क्षेत्र में आपकी काफी प्रशंसा होगी और साथ ही साथ आपको घर में उपहार भी मिल सकता है जो आपके दिन को प्रज्जवलित करेगा और आप इस के हक़दार भी है। आपने अपने करियर को उठाने के लिए बहुत प्रयास किए है जिससे की आपको अपने कार्य की सराहना मिलेगी।

**मीन** दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
अब आपके करियर में कितनी बाधाएं आती है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्यों की आप उन सब बाधाओं को पार कर जाएंगे जैसे की वो कभी थी ही नहीं। सफलता अब सहजता से आएगी, लेकिन आपको अति आत्मविश्वास की भावना से बचना होगा। आपको ये एहसास करने की जरूरत है की भाग्य की भूमिका भी उतनी ही है जितनी आपकी क्षमता।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# एस्सार ग्रुप के को-फाउंडर शशि रुइया का निधन, शोक में डूबा उद्योग जगत



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। एस्सार ग्रुप के को-फाउंडर शशि रुइया का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से एस्सार समूह के साथ-साथ पूरा उद्योग जगत शोक में डूबा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो बीती रात यानी 25 नवंबर की रात के करीब 12 बजे मुंबई में उन्होंने आखिरी सांसें लीं। रुइया हाउस में शशि रुइया का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। शाम 4 बजे के करीब उन्हें पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए रुइया हाउस से बाणगंगा शमशान घाट के लिए ले जाया जाएगा। शशि रुइया के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर अपने पोस्ट में कहा, दूरदर्शी नेतृत्व वाले महान शख्स थे जिसने भारत के कारोबारी परिदृश्य को बदल दिया। उनका निधन काफी दुखद है।उद्योगपति शशि रुइया ने साल 1965 में उद्योग की दुनिया में अपना कदम रखा और अपने पिता नंद किशोर रुइया के मार्गदर्शन में अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने साल 1969 में अपने भाई रवि रुइया के साथ मिलकर एस्सार की स्थापना की थी। यह समूह स्टील, एनर्जी, शिपिंग, पोर्ट्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती है। एस्सार समूह की वेबसाइट के अनुसार, फंड की पोर्टफोलियो कंपनियां कुल मिलाकर 14 बिलियन डॉलर की कमाई करती है।

# सोलर कंपनी को मिला 1100 करोड़ का ऑर्डर, रॉकेट बने शेयर



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। हाल ही में लिस्टिड सोलर कंपनी प्रीमियर एनर्जी के शेयर में मंगलवार, 26 नवंबर को अच्छी देखने को मिली. बीएसई पर कंपनी के शेयर बीएसई पर 4 फीसदी बढ़कर 1,136 रुपए पर आ गए. जानकारी के अनुसार कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को अपनी फाइलिंग में कहा था कि उसकी सहायक कंपनियों, प्रीमियर एनर्जी ग्लोबल एनवायरनमेंट, प्रीमियर एनर्जीज इंटरनेशनल और प्रीमियर एनर्जीज फोटोवोल्टिक को दो बड़ी इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्यूसर्स और दूसरी कंपनियों से कुल मिलाकर 1,087 करोड़ रुपए के कई ऑर्डर मिले हैं. इन ऑर्डर्स में सोलर मॉड्यूल के लिए 964 करोड़ रुपए और सोलर सेल्स के लिए 123 करोड़ रुपए शामिल हैं. इन मॉड्यूल की सप्लाई जनवरी 2025 में शुरू होने वाली है. सितंबर में, सोलर सेल और मॉड्यूल मेकर प्रीमियर एनर्जी के शेयरों को 450 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 120 फीसदी से अधिक के प्रीमियम के साथ लिस्ट किया गया था. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर मंगलवार को कंपनी के शेयरों में कितनी तेजी देखने को मिली है।

**यहां पर खर्च किया है पैसा**

कंपनी ने तब कहा था कि नए इश्यू से प्राप्त राशि में से 968.6 करोड़ रुपए को कंपनी की सहायक कंपनी, प्रीमियर एनर्जीज ग्लोबल एनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड में निवेश में लगाया जाएगा. ताकि 4 गीगावॉट सोलर पीवी टॉपकॉन सेल और हैदराबाद, तेलंगाना में 4 गीगावॉट सोलर पीवी टॉपकॉन मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा की स्थापना को आंशिक रूप से फाइनेंस किया जाके। बाकी रकम को इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। 1995 में स्थापित, प्रीमियर एनर्जीज मौजूदा समय में देश की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत सौर फोटोवोल्टिक सेल और मॉड्यूल मेकर है. पिछले ढाई दशकों में प्रीमियर एनर्जीज ने 3 मेगावाट/वर्ष क्षमता वाली पहली सौर पैनल असेंबली लाइन शुरू करने से लेकर पूरी तरह से इंटीग्रेटिड 2 गीगावॉट सोलर सेल और 2.5 गीगावॉट सोलर मॉड्यूल लाइन स्थापित करने तक का सफर तय किया है।

**कंपनी के शेयरों में तेजी?**

बीएसई के आंकड़ों के अनुसार सुबह जब बाजार खुला तो प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में तेजी देखने को मिली। कंपनी का शेयर कारोबारी सत्र के दौरान 4 फीसदी की तेजी के साथ 1136 रुपए के साथ दिन के हाई पर पहुंच गया। वैसे कंपनी का शेयर सोमवार के 1092.20 रुपए के क्लोजिंग प्राइस के मुकाबले 1134.60 रुपए के तेज के नोट के साथ ओपन हुआ। मौजूदा समय यानी 1 बजकर 20 मिनट पर कंपनी का शेयर करीब एक फीसदी की तेजी के साथ 1102.35 रुपए पर कारोबार कर रहा है। वैसे कंपनी का मार्केट कैप 49,691.11 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

**इश्यू प्राइस कितना हो गया फायदा**

खास बात तो ये है कि निवेशकों को इस शेयर से इश्यू प्राइस से काफी फायदा हो चुका है. कंपनी का इश्यू प्राइस 450 रुपए था. बीएसई पर कंपनी के शेयरों ने निवेशकों को 152 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न मिल चुका है। प्रीमियर एनर्जीज के आईपीओ को सब्सक्रिप्शन के आखिरी दिन 74.09 गुना सब्सक्राइब किया गया था।

# सोना 1,630 गिरकर 75,451 पर आया

## चांदी 1,345 सस्ती होकर 88,100 प्रति किलो बिक रही, कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत



सोने के भाव में मंगलवार (26 नवंबर) को बड़ी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,630 रुपए कम होकर 75,451 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 77,081 रुपए प्रति दस ग्राम थी। वहीं, चांदी के दाम में भी आज गिरावट रही। ये 1,345 रुपए गिरकर 88,100 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,445 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,390 रुपए है।

**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,240 रुपए है।

**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 70,800 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,240 रुपए है।

**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,240 रुपए है।

**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,290 रुपए है।

**हैदराबाद:** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 77,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 70,800 रुपये है।

# खत्म होने वाली है फ्री में आधार कार्ड अपडेट कराने की डेडलाइन, 14 दिसंबर है आखिरी दिन

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। सरकार ने सभी आधार कार्ड धारकों से कहा है कि हर 10 साल में आधार दस्तावेज अपडेट करना जरूरी है। इससे आपके आधार की जानकारी सही बनी रहेगी और सभी जरूरी सेवाएं आसानी से मिल पाएंगी। आधार डेटाबेस को सही रखना बहुत जरूरी है, इससे सरकारी या निजी सेवाओं में कोई रुकावट नहीं आती। ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरीकों से आधार अपडेट कराना बहुत आसान है। अगर आपने अबतक अपनी जानकारी अपडेट नहीं की हैं तो जल्द से जल्द करा लें और इसका फायदा उठाएं। सरकार ने ऑनलाइन दस्तावेज अपडेट के लिए 14 दिसंबर 2024 तक का समय दिया है। इस तारीख तक आप फ्री में मायआधार पोर्टल पर अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

# कौन हैं बांग्लादेश की हिंदू आबादी के सबसे प्रमुख चेहरे चिन्मय दास ?




## जिनकी हिरासत पर मचा बवाल

ढाका, 26 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में सोमवार को इस्कॉन पुंडरीक धाम के अध्यक्ष चिन्मय कृष्ण दास को हिरासत कर लिया गया। चिन्मय प्रभु के नाम से प्रसिद्ध धार्मिक अल्पसंख्यक नेता की हिरासत ी राजधानी ढाका से लगभग 300 किमी उत्तर में स्थित रंगपुर शहर से हुई है।इस्कॉन मंदिर ने बताया कि कथित तौर पर ढाका खुफिया पुलिस के अधिकारियों ने ढाका हवाई अड्डे से कृष्ण को हिरासत किया है। दरअसल, शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ वह लगातार आवाज उठा रहे थे। आइए जानते हैं वह कौन हैं।

**› 'पांच अगस्त को हसीना को देश छोड़कर जाना पड़ा था'**

बता दें कि बांग्लादेश में कई महीनों से तनाव का माहौल है। हालात ऐसे हो गए कि इस साल पांच अगस्त को शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा और देश छोड़कर भागना पड़ा। इसके बाद भी हिंदुओं भी इस हिंसा की चपेट में आने लगे। अक्तूबर के महीने में चटगांव में हजारों बांग्लादेशी हिंदुओं ने अपने अधिकार और सुरक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन किया था। उन्होंने मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सामने अपनी आठ मांगें रखी थीं। बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के नेता चिन्मय प्रभु ने बीते शुक्रवार हिंदुओं पर हो रहे अत्यचारों के विरोध में रंगपुर में एक विशाल रैली की थी। बाद में उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं में आक्रोश फैल गया। अब उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

**› कौन हैं चिन्मय प्रभु ?**

चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रमुख नेता और इस्कॉन चटगांव के पुंडरीक धाम के अध्यक्ष हैं। उनको लोग चिन्मय प्रभु नाम से भी जानते हैं। वह बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सशक्त आवाज उठाते रहे हैं। बांग्लादेश में इस्कॉन के 77 से अधिक मंदिर हैं और लगभग 50,000 से ज्यादा लोग इस संगठन से जुड़े हुए हैं। वह बांग्लादेश समिलित सनातन जागरण जोते समूह के सदस्य भी हैं।

उनका संबंध अंतरराष्ट्रीय कृष्ण चेतना समाज (इस्कन) से भी है। वह इस्कॉन के प्रवक्ता भी रह चुके हैं।

**› क्या चल रहा बांग्लादेश में ?**

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या कुल जनसंख्या का लगभग आठ फीसदी है। यह समुदाय लंबे समय से धार्मिक भेदभाव और हिंसा का शिकार हो रहा है। हिंदू समुदाय के सदस्य कथित तौर पर लक्षित हत्याओं और हमलों का सामना कर रहे हैं। कई बार इन हमलों में मंदिरों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। इसी के विरोध में चिन्मय प्रभु लड़ाई लड़ रहे हैं। चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी ने हमेशा हिंदू धर्म के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाई है और बांग्लादेश के मंदिरों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई है।

**› बांग्लादेश में मंदिरों की सुरक्षा को लेकर जताई थी चिंता**

चिन्मय प्रभु विशेष रूप से चटगांव के तीन मंदिरों को खतरे में महसूस कर रहे थे, जिनकी सुरक्षा के लिए मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग हिंदू समुदाय के साथ मिलकर काम कर रहे थे। एक टीवी चैनल से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'चटगांव में तीन मंदिर खतरे में हैं, लेकिन हिंदू समुदाय ने मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों के साथ मिलकर अब तक उन्हें बचाया है।' उन्होंने दावा किया था कि हिंदू समुदाय चटगांव में पुलिस और रैपिड एक्शन बटालियन से मदद के लिए अनुरोध कर रहा है, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिल रहा। उन्होंने यह भी कहा था, 'कई हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के रास्ते भारत भाग रहे हैं।'

**› हिरासत के बाद हालात बिगड़े**

बांग्लादेश के चटगांव इस्कॉन पुंडरीक धाम के अध्यक्ष चिन्मय कृष्णन दास की हिरासत ी के बाद हालात बिगड़ते जा रहे हैं। चिन्मय प्रभु की हिरासत ी के विरोध में हिंदू समाज के लोग सड़कों पर उतर आए, इस दौरान उन पर बीएनपी और जमात के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। इस हमले में 50 हिंदू घायल हो गए। वहीं देर रात हजारों हिंदूओं ने जय सिया राम और हर हर महादेव के जयनारे के साथ मौलवी बाजार में मशाल रैली निकाली।

**› इन जगहों पर किया गया हमला**

चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की हिरासत ी के बाद बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने हर जिले में शांतिपूर्ण सभाएं आयोजित कीं। हालांकि इन शांतिपूर्ण सभाओं पर चरमपंथी समूहों द्वारा क्रूर हमले किए गए। इस्लामिक समूहों ने चटगांव में हिंदू समुदाय के सदस्यों पर हमला किया। ढाका के शाहबाग में एक शांतिपूर्ण सभा के दौरान हिंदू समुदाय के लोगों और चटगांव विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुशाल बरन पर हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चरमपंथी समूहों द्वारा किए गए हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**› इसलिए किया गया हिरासत**

बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया ने बताया कि चिन्मय प्रभु को एक रैली में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में हिरासत किया गया है। मीडिया के अनुसार, उन्होंने यह रैली अक्तूबर में संबोधित की थी। अपनी रैलियों में चिन्मय प्रभु ने हिंदुओं से एकजुट होने की अपील की और हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ निरंतर विरोध जताया था। साथ ही, उन्होंने अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

**› इस्कॉन ने क्या कुछ कहा ?**

इस्कॉन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'हमें परेशान करने वाली खबरें मिली हैं कि इस्कॉन बांग्लादेश के प्रमुख नेताओं में से एक चिन्मय कृष्ण दास को ढाका पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह निराधार आरोप लगाना अपमानजनक है कि इस्कॉन का दुनिया में कहीं भी आतंकवाद से कोई लेना-देना है। इस्कॉन इंक भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह तत्काल कदम उठाए और बांग्लादेश सरकार से बात करे। साथ ही यह बताए कि हम एक शांतिप्रिय भक्त हैं। हम चाहते हैं कि बांग्लादेश सरकार चिन्मय कृष्ण दास को तत्काल रिहा करे। इन भक्तों की सुरक्षा के लिए भगवान कृष्ण से हमारी प्रार्थना है।'

# चिन्मय प्रभु को बांग्लादेशी कोर्ट से झटका

**राजद्रोह केस में जमानत याचिका खारिज**

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए बांग्लादेश के हिंदू संत चिन्मय प्रभु को बांग्लादेश के कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. इस मामले में अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. बांग्लादेश पुलिस ने चिन्मय दास की रिमांड नहीं मांगी है. इसलिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया है. कोर्ट ने यह भी कहा है कि उन्हें जेल में सभी धार्मिक लाभ दिए जाएं।

बता दें कि चिन्मय प्रभु को 25 नवंबर की दोपहर ढाका के हजरत शाहजलाल हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था. अदालत में पेश किए जाते समय चिन्मय दास ने मीडिया से कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं से उनकी अपील है कि वे अपने आंदोलन की प्रक्रिया को योजना के मुताबिक जारी रखें. बांग्लादेश की अंतरिम यूनुस सरकार के कार्यकाल में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के दौरान चिन्मय प्रभु लगातार इस मुद्दे को उठा रहे थे. इस दौरान 25 अक्टूबर को राजधानी ढाका के न्यू मार्केट में हिंदुओं के समूह 'सनातन जागरण मंच' ने एक विशाल धरना-प्रदर्शन किया. रैली के दौरान कुछ युवाओं ने बांग्लादेशी झंडे के ऊपर भगवा झंडा लगा दिया. रैली में हुई इस घटना को ही बांग्लादेश की पुलिस ने चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी की वजह बनाया है. बांग्लादेश की पुलिस का कहना है कि इस तरह देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया है। बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रमुख नेता और इस्कॉन चटगांव के पुंडरीक धाम के अध्यक्ष हैं. उनको लोग चिन्मय प्रभु नाम से भी जानते हैं. वह बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सशक्त आवाज उठाते रहे हैं. बांग्लादेश में इस्कॉन के 77 से ज्यादा मंदिर हैं, और लगभग 50 हजार से ज्यादा लोग इस संगठन से जुड़े हुए हैं. वह बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोते समूह के सदस्य भी हैं. उनका संबंध अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना समाज (इस्कॉन) से भी है और वह इस्कॉन के प्रवक्ता भी रह चुके हैं.

# हेमंत सोरेन शपथ ग्रहण कल : 2 हजार फोर्स की तैनाती

## › वीआईपी गेस्ट के स्वागत के लिए खास इंतजाम

### हाइलाइट्स

- › 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में हेमंत सोरेन की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा।
- › इस समारोह में इंडिया गठबंधन के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।
- › मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सुरक्षा और व्यवस्था के लिए राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह के साथ बैठक की।



रांची, 26 नवंबर (एजेंसियां)। 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में हेमंत सोरेन की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसको लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह के साथ-साथ राज्य के आलाधिकारियों के साथ बैठक भी की है।

**नवनिर्वाचित विधायकों के बैठने के लिए खास इंतजाम**

सुरक्षा व्यवस्था और शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले मेहमानों के अलावा आम लोगों की सुविधा के लिए भी विशेष ध्यान देने के लिए जिला प्रशासन काम कर रही है। इस समारोह के लिए दो स्टेज तैयार किए जाएंगे। मुख्य स्टेज पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होगा। दूसरे स्टेज पर नवनिर्वाचित विधायकों के बैठने की व्यवस्था होगी।

**शपथ ग्रहण में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

इसके साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। आईजी और डीआईजी ने शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारी को लेकर बैठक भी की है। पुलिस मुख्यालय से 2000 अतिरिक्त फोर्स शपथ ग्रहण समारोह में सुरक्षा के लिहाज से दिया जा रहा है। इसके साथ ही एसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर, दारोगा रैंक के अधिकारी भी तैनात किए जाएंगे।

**वीआईपी मोमेंट को देखते हुए खास तैयारी**

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर वीआईपी मोमेंट के लिए अलग से प्लान तैयार किया जा रहा है। मोरहाबादी मैदान में होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह को लेकर रांची डीसी वरुण रंजन ने तैयारी का जायजा भी लिया है। इसके बाद उन्होंने दूर दराज क्षेत्र से काफी संख्या में आने वाले लोगों के व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले लोगों को किसी भी तरह की समस्या ना हो।इसको लेकर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से इस कार्यक्रम में शामिल होने आने वाले लोगों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करने की तैयारी है।

## धनबाद में आईटीबीपी के जवान को लगी गोली, मौत

धनबाद, 26 नवंबर (एजेंसियां)। धनबाद के बलियापुर स्थित विनोद बिहारी कैंप में गोली लगने से आईटीबीपी जवान संदीप सिंह (29) की मौत हो गई। वो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग के रहने वाले थे। आशंका जाहिर की जा रही है कि पारिवारिक विवाद के बाद उन्होंने खुद को गोली मार सुसाइड कर लिया। वहीं, कुछ लोग राइफल की साफ-सफाई के दौरान गोली चलने की बात कह रहे हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि घटना कैसे हुई। इस संबंध में नगर अधीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में आए हुए आईटीबीपी के जवान बलियापुर के विनोद बिहारी कैंप में ठहरे हुए थे। जहां उसने खुद को गोली मार कर सुसाइड कर लिया।

# कवर्धा एसपी 2 महीने में दूसरी बार बदले गए

## › पल्लव के बाद अब राजेश अग्रवाल को हटाया गया; 4 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर





रायपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शासन ने फिर कवर्धा एसपी का तबादला कर दिया है। राजेश अग्रवाल की जगह अब धर्मेंद्र छवई कवर्धा (कबीरधाम) एसपी की जिम्मेदारी संभालेंगे। 2 महीने पहले भी कवर्धा कांड के दौरान उस समय के एसपी अभिषेक पल्लव को हटाकर राजेश अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई थी।

राजेश अग्रवाल के ट्रांसफर के पीछे ये वजह भी सामने आई है कि उनकी तबीयत लगातार खराब थी। कुछ दिन पहले उन्हें रायपुर में भर्ती कराया गया था। उन्होंने आवेदन दिया था कि फिलहाल वे स्वास्थ्य लाभ लेना चाहते हैं। इस वजह से उन्हें कवर्धा से हटाया गया। उन्हें सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। राजेश अग्रवाल के साथ ही 4 आईपीएस अधिकारियों का फिर ट्रांसफर किया गया है। गृह (पुलिस) विभाग ने आदेश सोमवार देर शाम जारी किया। मयंक गुर्जर को बीजापुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। वे पहले मोहला-मानपुर जिले के एएसपी थे। वहीं बीजापुर की एएसपी पूजा कुमार को दंतेवाड़ा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

9 नवंबर को ही छत्तीसगढ़ के 4 सीनियर आईपीएस अफसरों के प्रभार में बदलाव हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दीपांशु काबरा को प्रशिक्षण और अजाक (आदिम जाति कल्याण) की जिम्मेदारी दी गई। वहीं आईजी डॉ. आनंद छाबड़ा पुलिस प्रशिक्षण के आईजी में अपनी सेवाएं देंगे।

**कवर्धा कांड के दौरान 20 सितंबर को बदले गए थे एसपी**

कवर्धा लोहारीडीह हत्याकांड के बाद एसपी अभिषेक पल्लव और कलेक्टर जन्मेजय महोबे को हटाया गया था। उस दौरान एएसआई कुमार मंगलम और महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता को सस्पेंड किया गया था। इसके अलावा रेंगाखार थाने के निरीक्षक समेत पूरे 23 स्टाफ को लाइन अटैच कर दिया गया था।

# पेंड्रा में मालगाड़ी के 23 डिब्बे डिरेल

## इंजन सहित पटरी से उतरकर पलटे, ट्रैक पर लगा कोयले का ढेर, 6 ट्रेनें कैंसिल; 9 का रूट डायवर्ट



पेंड्रा, 26 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में मंगलवार को कोयला लोड मालगाड़ी डिरेल हो गई। इंजन सहित 23 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। मालगाड़ी बिलासपुर की ओर जा रही थी, तभी भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास हादसा हो गया। हादसे के तुरंत बाद रेलवे के कर्मचारी और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। राहत कार्य शुरू है। मालगाड़ी के डिब्बे पलटने से ट्रैक पर कोयले का ढेर लग गया है, जिससे इस रूट से गुजरने वाली 6 ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं 9 का रूट डायवर्ट किया गया है। हादसे में अप और डाउन दोनों लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं। रूट पर यातायात बहाल होने में 2 से अधिक दिन लग सकते हैं। हादसे में ओएचई तार और सिग्नल के खंभे भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। हादसे में रेलवे को करोड़ों के नुकसान की आशंका है। अप और डाउन दोनों रूट पर आवागमन पूरी तरह से प्रभावित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे की आवाज सुनकर वे मौके पर पहुंचे।

## प्रिंसिपल-2 शिक्षक और वनकर्मी ने छात्रा से किया गैंगरेप

भरतपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्रिंसिपल, 2 शिक्षकों और वनकर्मी ने मिलकर 11वीं की छात्रा से गैंगरेप किया। मामला जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर जनकपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक शासकीय स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा को प्रिंसिपल अशोक कुमार कुशवाहा (55), लेक्चरर कुशल सिंह परिहार (50) और हेडमास्टर सीएचसी रावेन्द्र कुशवाहा जनकपुर की एक कॉलोनी में किराए के मकान में ले गए। वनकर्मी भी शिक्षकों के साथ था।

**गैंगरेप के बाद वीडियो भी बनाया**

किराए के मकान में चारों ने छात्रा से गैंगरेप किया। इसके बाद आरोपियों ने छात्रा का वीडियो भी बना लिया। जब पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को बताने कही तो आरोपियों ने उसका वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

## भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के घर चोरी

रांची, 26 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोर सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए हूडी पहनकर चोरी करने आए थे।

हालांकि सीसीटीवी फुटेज में एक चोर का चेहरा आ गया है। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चलता है कि चोरों ने चोरी से पहले सीसीटीवी कैमरे को पर्दे से ढक दिया। इस चोरी की घटना को देख यह आशंका जाहिर की जा रही है कि कई दिनों की रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया गया है। हैरत की बात यह है कि जब चोरी की घटना प्रतुल शाहदेव के घर के पहले तल्ले पर बने कमरे में हो रही थी। उस समय पूरा परिवार नीचे के कमरे में सो रहा था। साथ ही उनके घर के बगल में ही पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी खड़ी रहती है। बावजूद इसके चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर निकल गए। प्रतुल शाहदेव ने इस वारदात को लेकर अरगोड़ा थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि यह चोरी की घटना है या फिर उसकी मंशा कुछ और थी।

# 'आध्यात्मिक परंपरा में देवी उपासना महत्वपूर्ण



बेगूसराय, 26 नवंबर (एजेंसियां)। भारत की सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा में देवी उपासना का महत्वपूर्ण स्थान है। यह न केवल आध्यात्मिक साधना का आधार है, बल्कि समाज को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करने का माध्यम भी है। बिहार के बेगूसराय जिले के सेमरिया घाट के रहने वाले संत शिरोमणि करपात्री अग्निहोत्री परमहंस स्वामी चिदात्मन महाराज ने भगवती की कृपा को जीवन की बाधाओं के नाश और सुख-समृद्धि का मूल कारण बताया।

उन्होंने भक्तों को प्रेरित किया कि वे नियमित रूप से देवी भागवत का श्रवण और पाठ करें। भगवती की कृपा न केवल व्यक्तिगत जीवन की समस्याओं का समाधान करती है, बल्कि मानव को परम पद की प्राप्ति की ओर अग्रसर भी करती है।स्वामी चिदात्मन ने सनातन हिंदू संस्कृति की महत्ता को रेखांकित किया। यह संस्कृति केवल धार्मिक मान्यताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला और मानवता के उत्थान का मार्गदर्शन भी करती है। भगवती की कथा के श्रवण और चिंतन-मनन से व्यक्ति न केवल अपने मानसिक तनाव और भय को समाप्त कर सकता है, बल्कि आत्मिक शांति और दिव्यता का अनुभव भी कर सकता है।इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागृति, आत्मिक शुद्धि और भक्ति भाव को बढ़ावा देना है। नौ दिनों तक चले इस कार्यक्रम में जप, पाठ और हवन जैसी विधियों का आयोजन हुआ, जिसने श्रद्धालुओं के मन में एक नई ऊर्जा का संचार किया। भगवती की कथा ने महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित सभी वर्गों को यह समझने का अवसर दिया कि कैसे धर्म और अध्यात्म जीवन को सार्थक बना सकते हैं।आज के समय में, जब लोग तनाव, चिंता और भौतिकता की चकाचौंध में फंसकर अपनी आध्यात्मिक जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे आयोजनों का महत्व और बढ़ जाता है। श्रीमद देवी भागवत जैसी कथाएं और महायज्ञ जैसे धार्मिक अनुष्ठान समाज को उसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने में सहायक हैं। कथा व्यास लक्ष्मण महाराज ने इस संदर्भ में कहा कि भगवती की कथा का श्रवण व्यक्ति के जीवन से बाधाओं को दूर करता है। यह कथा जीवन में शांति, सुख और समृद्धि लाने का साधन बनती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को यह संदेश मिलता है कि भक्ति, साधना और धर्म के प्रति आस्था से जीवन में आने वाली हर चुनौती को पार किया जा सकता है। आधुनिक युग में, जहां विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने अद्भुत प्रगति की है, वहीं आध्यात्मिकता की उपेक्षा के कारण समाज में नैतिक और मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है। ऐसे में श्रीमद देवी भागवत कथा जैसे आयोजनों का महत्व और भी अधिक हो जाता है।

भारत अपनी प्राचीन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के लिए विश्व में विख्यात है। यहां की देवी-देवताओं की उपासना प्रणाली, धार्मिक अनुष्ठान और वेद-पुराणों की कथाएं न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि जीवन को गहराई से समझने और जीने की कला भी सिखाती हैं। श्रीमद देवी भागवत कथा जैसे आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ने और हमारे जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी का स्वरूप माना गया है। इस तरह के आयोजनों में उनकी भागीदारी न केवल उनके आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम है, बल्कि समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है।

श्रीमद देवी भागवत कथा और अनंत श्री लक्षाहुति महायज्ञ जैसे आयोजन भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और संजोने के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह न केवल व्यक्तिगत विकास का साधन है, बल्कि समाज के उत्थान और सामूहिक चेतना के विकास का भी माध्यम है।स्वामी चिदात्मन जी महाराज और कथा व्यास लक्ष्मण जी महाराज जैसे संतों के प्रयासों से समाज को अपनी संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूक बनाया जा रहा है। ऐसे आयोजन हमें यह संदेश देते हैं कि जीवन की सभी समस्याओं का समाधान धर्म, भक्ति और साधना के मार्ग पर चलने में ही निहित है।

# राष्ट्रपति मार्कोस को धमकी देने के मामले ने पकड़ा तूल

## उपराष्ट्रपति दुतेर्ते को पूछताछ के लिए समन



मनीला, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति फर्दिनांद मार्कोस को सार्वजनिक तौर पर धमकी देने के मामले में फिलीपींस की उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल जांच एजेंसियों ने उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते को समन जारी किया है और उन्हें पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। वहीं राष्ट्रपति को धमकी मिलने के बाद उनकी सुरक्षा को पुख्ता कर दिया गया है। फिलीपींस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एडुआरडो एनो ने बताया कि राष्ट्रपति को धमकी मिलना राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते को भेजे गए समन में उन्हें नेशनल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के सामने पेश होने को कहा गया है। वहीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा है कि उन्होंने राष्ट्रपति को कोई असल धमकी नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने सिर्फ अपनी भावनाएं जाहिर की थी क्योंकि खुद उनकी जान के लिए खतरा है। उपराष्ट्रपति ने आरोप लगाया कि उनके एक बयान पर राष्ट्रपति ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी है, वह विरोधियों को दबाने जैसी कोशिश है। दरअसल हाल ही में दुतेर्ते ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि 'मैंने किसी से कहा है कि अगर उनकी (दुतेर्ते) हत्या हो जाती है तो वह तब तक न रुके, जब तक राष्ट्रपति फर्दिनांद मार्कोस, उनकी पत्नी लीजा अरनेटा और प्रतिनिधि सभा के स्पीकर मार्टिन रोमुअलडेज को न मार दिया जाए।'

## ट्रम्प के एक बयान से चीन-कनाडा की करेंसी में गिरावट

वॉशिंगटन, 26 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बयान से कनाडा, मेक्सिको और चीन की करेंसी में गिरावट दर्ज की गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक मेक्सिको की करेंसी पेसो डॉलर के मुकाबले एक दिन में 1.18% कमजोर हुई। वहीं, कनाडा की करेंसी कनाडाई डॉलर, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1% कमजोर हुई है। ये कनाडा की करेंसी में मई 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं, चीन की करेंसी युआन में भी गिरावट आई है। हलांकि यह मेक्सिको और तुलना में कम है। चीनी करेंसी युआन डॉलर के मुकाबले 0.3% कमजोर हुई है। दरअसल, ट्रम्प ने ऐलान किया है कि वे राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही कनाडा, मैक्सिको और चीन से अमेरिका आने वाले सामान पर भारी टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने कहा है कि जब तक ये तीनों देश ड्रग्स और अवैध प्रवासियों पर लगाम नहीं लगाते तब तक उन्हें अमेरिका की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ की मार झेलनी पड़ेगी।

## अमेरिकी सेना से हटाए जाएंगे ट्रांसजेंडर्स

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शायद जल्द ही अमेरिकी सेना के सभी ट्रांसजेंडर मेंबर्स को हटा सकते हैं। टाइम्स की एक रिपोर्ट में इस बारे में जानकारी दी गयी है। जिसके मुताबिक ट्रंप जनवरी 2025 में राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के पहले दिन ही इससे जुड़े एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे।

ऐसे समय में जब अमेरिकी सशस्त्र बल में भर्ती कम हो रही है, सेना से ट्रांसजेंडर कर्मियों को बाहर करने के कदम से हजारों सेवाकर्मियों की बर्खास्तगी हो सकती है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, डोनाल्ड ट्रंप ने 2017 में घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना में अब ट्रांस लोगों को नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे बहुत ज़्यादा मेडिकल खर्च और व्यवधान होगा। सेना में ट्रांसजेंडर लोगों पर प्रतिबंध 2019 में लागू हुआ लेकिन जो लोग पहले से ही सेना में सेवा कर रहे थे उन्हें नौकरी जारी रखने की अनुमति दी गई थी। यह प्रतिबंध का मुद्दा जो अदालत में भी उठाया गया, उसे बाद में राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उलट दिया था।

# बांग्लादेश में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र बनाएंगे पॉलिटिकल पार्टी

> हसीना सरकार को गिराने में थी अहम भूमिका



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त के जन-विद्रोह का नेतृत्व करने वाले स्टूडेंट लीडर्स फरवरी 2025 तक एक राजनीतिक पार्टी बनाने और अगला आम चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। नई पार्टी वामपंथी या दक्षिणपंथी विचारों से बचते हुए संतुलित दृष्टिकोण पर आधारित होगी। यह अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करेगी और किसी भी मुद्दे को संबोधित करते समय बांग्लादेश की वास्तविकता पर विचार करेगी।


गौरतलब है कि हाल ही में बांग्लादेश में आरक्षण के मुद्दे पर स्टूडेंट्स के प्रोटेस्ट के बाद तत्कालीन पीएम शेख हसीना की सरकार गिर गयी थी और उन्हें देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। तब से अब तक शेख हसीना ने भारत में शरण ली हुई है। इस सबके बीच अब नागरिक और छात्र मंचों, जातीय नागरिक समिति और भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के नेता नई पार्टी का नेतृत्व करेंगे। हालांकि, दोनों मंचों को भंग नहीं किया जाएगा। दोनों मंचों के तीन शीर्ष नेताओं ने डेली स्टार के साथ राजनीतिक पार्टी शुरू करने की अपनी योजना बताई। उन्होंने कहा कि नई पार्टी में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**चुनाव में भी भाग लेंगे स्टूडेंट पार्टी के नेता**

दोनों मंचों के नेता सीधे तौर पर इसमें शामिल नहीं होंगे लेकिन उनमें से कुछ चुनाव में भाग लेंगे। एक नेता ने डेली स्टार से कहा, "जो लोग दोनों मंचों से राजनीतिक पार्टी में शामिल होने के इच्छुक हैं, उन्हें पार्टी में शामिल किया जाएगा।" दोनों छात्र मंच अब जिला और संस्था स्तर पर समितियां गठित कर रहे हैं। छात्र मंच और जातीय नागोरिक समिति ने अब तक क्रमशः 12 और 15 जिला स्तरीय समितियों की घोषणा की है। उनकी योजना के अनुसार, नई पार्टी आगामी राष्ट्रीय चुनाव लड़ेगी और ऐसे दिग्गज उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी जिनमें जीतने की क्षमता होगी। उन्होंने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में संभावित उम्मीदवारों तक पहुंचना शुरू कर दिया है। जातीय नागरिक समिति के एक शीर्ष नेता ने डेली स्टार को बताया, "हमारा लक्ष्य राष्ट्रीय हस्तियों को उम्मीदवार बनाना है और जातीय नागरिक समिति इस बात पर भी काम कर रही है कि कैसे अधिक राष्ट्रीय चेहरे तैयार किए जाएं।"

# दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति जॉन टिनिसवुड का निधन

## 112 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



लंदन, 26 नवंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति जॉन टिनिसवुड का निधन हो गया है। उन्होंने 112 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उनका जन्म 26 अगस्त 1912 को ब्रिटेन के लिवरपूल में हुआ था। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसकी घोषणा की। टिनिसवुड जीवनभर लिवरपूल फुटबॉल क्लब (एफसी) के समर्थक रहे।

उनका निधन सोमवार को साउथ पोर्ट स्थित एक देखभाल केंद्र में हुई। उनके परिवार ने कहा, टिनिसवुड आखिरी दिन संगीत में डूबे हुए थे। वह हमेशा धन्यवाद देने के लिए जाने जाते थे और परिवार ने उनकी देखभाल करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# 'जीत तो कोई नहीं पाएगा' ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने वाले ऐलान पर आया चीन का जवाब

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से आने वाले समय में वैश्विक समीकरण बदलते नजर आएंगे. ट्रंप ने शपथ लेने से पहले ही अपने इरादे साफ कर दिए हैं। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि देश की बागडोर संभालते ही चीन, कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं. अब ट्रंप के इस बयान पर चीन ने भी प्रतिक्रिया दी है।

वॉशिंगटन में चीन के दूतावास ने कहा है कि इस ट्रेड वॉर में न तो चीन और और न ही अमेरिका की जीत होगी. चीनी दूतावास के प्रवक्ता लिउ पेंग्यू ने जारी बयान में कहा कि चीन पर अमेरिकी टैरिफ को लेकर हमारा मानना है कि दोनों देशों के आर्थिक संबंध और व्यापारिक सहयोग आपसी हितों पर आधारित है. लेकिन इस ट्रेड वॉर में जीत किसी की भी नहीं होगी। लिउ ने कहा कि पिछले साल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बनी सहमति के बाद हमने ड्रग्स तस्करी से निपटने को लेकर कदम उठाए थे. हमने इस संबंध में अमेरिकी प्रशासन को जानकारी भी दी थी. लेकिन ये कहना कि चीन जानबूझकर फेंटानिल जैसे ड्रग्स की अमेरिका में सप्लाई कर रहा है, यह वास्तविकता से कोसों दूर है।

**चीन से क्यों खफा हैं ट्रंप?**

ट्रंप ने कहा कि मैंने चीन से बड़ी संख्या में अमेरिका में सप्लाई हो रहे ड्रग्स विशेष रूप से फेंटानिल को लेकर चीन प्रशासन से बात की है लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. चीन के प्रतिनिधियों ने मुझे बताया कि वे पकड़ने जाने पर ड्रग्स डीलर्स को मृत्युदंड की सजा देंगे लेकिन दुर्भाग्य से चीन ने कभी इसका पालन नहीं किया और चीन से अमेरिका में लगातार ड्रग्स की खेपें आती रही. ये ड्रग्स मुख्यतौर पर मेक्सिको के रास्ते अमेरिका पहुंचाया जा रहा है. हम चीन पर अतिरिक्त 10 फीसदी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रंप के इस फैसले से उत्तरी अमेरिका की सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है और यहां के कारोबार पर असर पड़ सकता है. इससे पहले चीन के पॉलिसी एडवाइजर झेंग योंगनियान ने ट्रंप की नई टीम को लेकर बड़ा बयान दिया था. उन्होंने कहा था कि एलन मस्क और भारतीय मूल के बिजनेसमैन विवेक रामस्वामी वाली ट्रंप की टीम से चीन को सबसे बड़ा खतरा हो सकता है।

## रब्बी मौत मामले में जारी की गई गिरफ्तार संदिग्धों की तस्वीरें

अबू धाबी, 26 नवंबर (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यहूदी धर्मगुरु रब्बी जवी कोगन की हत्या मामले में तीन संदिग्धों के नाम और तस्वीरें जारी की। रब्बी जवी कोगन का शव पिछले सप्ताह मिला था। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने इस हत्या को यहूदी विरोधी आतंकवादी घटना बताया है।

यूएई के अनुसार, तीनों व्यक्ति उज्बेक नागरिक हैं। तीनों संदिग्धों की पहचान 28 वर्षीय ओलम्पी तोइरोविच, 28 वर्षीय मखमुदजोन अब्दुरखिम और 33 वर्षीय अजीजबेक कामलोविच के रूप में हुई है। मंत्रालय ने तीनों को 'मोल्दोवा नागरिक' की हत्या के लिए जिम्मेदार बताया है। कोगन के पास इजरायल और मोल्दोवन की दोहरी नागरिकता थी। इजरायली मीडिया की कई रिपोर्टों के अनुसार, संदिग्धों को मृत्युदंड का सामना करना पड़ सकता है।

वह 2020 के आखिर में अमेरिका की मध्यस्थता में अब्राहम समझौते के तहत यूएई के साथ इजरायल के संबंधों को सामान्य होने के बाद से अबू धाबी चबाड चैप्टर के साथ जुड़े थे। कोगन का अंतिम संस्कार सोमवार रात 11 बजे यरुशलम में स्थित माउंट ऑफ ओलिव्स पर किया गया है। कोगन, इजरायल रक्षा बल के पूर्व सैनिक थे और संयुक्त अरब अमीरात में यहूदी धार्मिक संस्था चबाड के रब्बी और दूत थे। वह गुरुवार को लापता हुए थे।

# पाकिस्तान के कुर्रम में सांप्रदायिक हिंसा मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 88



इस्लामाबाद, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में सांप्रदायिक हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 88 हो गई। अस्पताल प्रशासन ने मीडिया को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले गुरुवार को हिंसा उस वक्त भड़की थी, जब शिया मुसलमानों को ले जा रहे यात्री डिब्बों के काफिले पर पाराचिनार क्षेत्र में घात लगाकर हमला किया गया था। इस हमले ने शिया और सुन्नी समुदायों के बीच सांप्रदायिक हिंसा को जन्म दिया, जिसके बाद के दिनों में कई जवाबी हमले हुए, जिससे मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ। प्रांतीय सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले का दौरा किया और दोनों संप्रदायों के बीच सात दिनों के लिए संघर्ष विराम पर सहमति बनी। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के सूचना मंत्री और प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुहम्मद अली सैफ ने रविवार को मीडिया को बताया कि सात दिनों के लिए संघर्ष विराम पर सहमति बनी है। इसके अलावा, तनाव कम करने के लिए सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी टीम बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ मिलकर काम कर रही है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के बंदियों को वापस करने के लिए भी पूर्ण समझौते पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत में सकारात्मक प्रगति हुई है। कुर्रम जिले में सांप्रदायिक हिंसा का इतिहास रहा है।

## पीटीआई समर्थकों के हुड़दंग पर अमेरिका ने लगाई पाकिस्तान को फटकार

इस्लामाबाद, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आह्वान पर व्यापक विरोध-प्रदर्शन हो रहा है। इमरान की पार्टी पीटीआई की अपील पर बड़ी संख्या में पाकिस्तानी राजधानी इस्लामाबाद की ओर मार्च कर रहे हैं। खान के समर्थकों और पुलिस के बीच लगातार झड़पों की खबर सामने आ रही है। यहां हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। ऐसे में, अब अमेरिका ने पाकिस्तान को फटकार लगाई है। उसने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले लोगों के अधिकार का समर्थन किया। साथ ही पाकिस्तानी अधिकारियों से मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का सम्मान करने का आह्वान किया।

# यूक्रेन के कीव पर रूस का बड़ा ड्रोन हमला

## मेयर का दावा : जगह-जगह धमाके सुनाई दे रहे



कीव, 26 नवंबर (एजेंसियां)। रूस द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा ड्रोन हमला करने की खबर सामने आई है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने मंगलवार की सुबह टेलीग्राम चैनल पर इसकी जानकारी दी। कीव के मेयर ने बताया कि राजधानी कीव पर यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) से हमला जारी है। कई स्थानों पर धमाके की आवाज सुनाई दी है। कीव की वायु रक्षा प्रणाली ने कई ड्रोन्स को हवा में ही तबाह कर दिया है।

**रूसी हमले में 23 लोग घायल**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कीव पर हुए ड्रोन्स हमले में 23 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। इससे पहले खार्कीव में हुए ड्रोन हमले में भी 10 लोग घायल हुए थे। रूस का यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब हाल ही में यूक्रेन ने रूस पर लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। इसके बाद हाल ही में रूस ने यूक्रेन पर 73 ड्रोन्स दागे थे। ये हमले यूक्रेन के कुर्स्क क्षेत्र पर हुए। रूस ने यूक्रेन की तरफ से दागी गईं आठ बैलेस्टिक मिसाइलों को भी तबाह करने का दावा किया है। हालांकि रूस ने इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

रूस के यूक्रेन के शहर ओडेसा पर हुए हमले में भी 11 लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं ब्रिटेन की सरकार ने रूस के टैंकों की शैडो फ्लीट पर कड़े प्रतिबंध लगाने का एलान किया है। रूस की यह फ्लीट तेल निर्यात से जुड़ी है। ब्रिटेन की यह कोशिश रूस को आर्थिक तौर पर कमजोर करने की है। ब्रिटेन ने जी7 देशों की बैठक के बाद प्रतिबंधों का एलान किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस के बढ़ते खतरे को देखते हुए नाटो सदस्य देशों ने अपने रक्षा खर्च को बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, नाटो देश अब अपनी कुल जीडीपी का 3 फीसदी सेना पर खर्च करेंगे।

# यूएन : हर 10 मिनट में एक महिला की मौत

## महिलाओं को जान से मारने की भयावह वास्तविकता



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। वर्ष 2023 में हर दिन 140 महिलाएं-लड़कियां अपने साथी या करीबी रिश्तेदार के हाथों मौत का शिकार हुई हैं - यानी हर 10 मिनट में, एक महिला की मौत। महिला सशक्तिकरण के लिए यूएन संस्था और मादक पदार्थों एवं अपराध पर यूएन कार्यालय की सोमवार को एक जारी एक रिपोर्ट में यह भयावह वैश्विक वास्तविकता सामने आई है।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर जारी इस रिपोर्ट में, 'फेमिसाइड' यानी लैंगिक कारणों से महिलाओं व लड़कियों को जान से मार दिए जाने के वैश्विक संकट पर प्रकाश डालते हुए, तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया गया है। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस अवसर पर कहा है, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा की महामारी, मानवता को शर्मसार करती है। दुनिया को इस आह्वान पर ध्यान देना होगा। हमें न्याय और जवाबदेही के लिए तत्काल कार्रवाई और मुद्दे की पैरोकारी करने के लिए समर्थन की आवश्यकता है।" यह रिपोर्ट, 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले, 16 दिनों के वार्षिक सक्रियता अभियान के शुरू में जारी की गई है। इस वर्ष, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में चिंताजनक वृद्धि की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए यूनिट अभियान की थीम है, हर 10 मिनट में एक महिला की हत्या होती है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने के लिए एकजुट हों।"

**क्षेत्रीय असमानताएं, सार्वभौमिक मुद्दा**

'फेमिसाइड' यानी लैंगिक वजहों से महिलाओं व लड़कियों को जान से मार दिए जाने की घटनाएं, सीमाओं, सामाजिक आर्थिक स्थितियों और संस्कृतियों से परे है। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों के अनुरूप, इसकी गंभीरता में अंतर हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अफ्रीका में अंतरंग साथी हिंसा और पारिवारिक कारणों से संबंधित महिलाओं की हत्या की सबसे अधिक दर दर्ज की गई। यहां 2023 में 21 हजार 700 महिलाओं की हत्या हुई।

इसके बाद अमेरिका और ओशीनिया का स्थान रहा। यूरोप और अमेरिका में, 'फेमिसाइड' के क्रमशः 64 प्रतिशत और 58 प्रतिशत मामले सामने आए, जिसमें से अधिकांश पीड़ितों को उनके अंतरंग साथियों के हाथों मारा गया था। इसके विपरीत, अफ्रीका और एशिया में महिलाओं के अपने साथियों की तुलना में, परिवार के सदस्यों द्वारा मारे जाने की अधिक संभावना नजर आई, जिसे लैंगिक भेदभाव के लिए जिम्मेदार सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयाम का सूचक माना जा सकता है।

**आंकड़ों और जवाबदेही में गंभीर अंतर**

चिंताजनक संख्या सामने आने के बावजूद, सुसंगत और व्यापक आंकड़ों की कमी एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। 2023 में केवल 37 देशों ने अंतरंग साथी और पारिवारिक वजहों से महिलाओं को जान से मारने की घटनाओं के आंकड़े रिपोर्ट किए, जो 2020 में 75 देशों की तुलना में बड़ी गिरावट है।

## इजरायल के हवाई हमले जारी, 36 की मौत

बेरूत, 26 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने सोमवार को बताया कि पूर्वी लेबनान के बालबेक-हर्मेल प्रांत पर इजरायली एयर स्ट्राइक में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें नबी चिट गांव के एक रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में आठ और हर्मेल में तीन अन्य लोग शामिल हैं। एनएनए के मुताबिक दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में 25 लोगों की मौत हुई। इनमें माराकेह गांव में नौ, ऐन बाल गांव में तीन, गाजीह शहर में दो, टायर जिले में 10 और योहमोर गांव में एक व्यक्ति शामिल है। टायर में 17 लोग घायल भी हुए हैं। एनएनए की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को हिजबुल्लाह ने कब्जे वाले शहर एक्रे के उत्तर में स्थित इजरायल की गोलानी ब्रिगेड कमांड के प्रशासनिक मुख्यालय श्रगा बेस पर रॉकेट दागे।

# 'हमारी चिंताओं का जिम्मेदार रूस'

## यूक्रेन जंग में उत्तर कोरियाई सैनिक शामिल करने पर भड़का यूएस



वॉशिंगटन, 26 नवंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन के साथ युद्ध में उत्तर कोरिया के सैनिकों को शामिल करने पर अमेरिका ने रूस को खरी-खरी सुनाई। अमेरिकी विदेश विभाग ने दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं के लिए मॉस्को को जिम्मेदार ठहराया। उसने कहा कि इसका अकेला जिम्मेदार रूस है।

**'केवल रूस रक्षा चिंताओं के लिए जिम्मेदार'**

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'केवल और केवल रूस वास्तविक सुरक्षा चिंताओं के लिए जिम्मेदार है। दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जापान और किसी भी अन्य देशों की चिंता यूक्रेन के खिलाफ रूस में लड़ाई में शामिल होने के लिए डीपीआरके सैनिकों की आवाजाही के बारे में हैं।'

**यमन के नागरिकों को लुभा रहा रूसः मिलर**

रूस द्वारा युद्ध के लिए यमन के भाड़े के सैनिकों की भर्ती करने की खबरों पर मिलर ने चिंता जताई। उन्होंने अमेरिका की चिंताओं के साथ-साथ चल रहे संघर्ष के बीच अपनी सेना को मजबूत करने के रूस की कोशिशों पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमने वो खबरें पढ़ी हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में लड़ने के लिए नौकरियों, नागरिकता और विश्वविद्यालय प्रवेश के वादे के साथ संभावित यमनी नागरिकों सहित विदेशी नागरिकों को लुभा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं कहूंगा कि यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जो हमें परेशान कर रहा है। हमने इन रिपोर्टों को देखा है, मुझे ध्यान देना चाहिए, न केवल यमन के संबंध में, बल्कि आपने उन्हें कई बार अन्य देशों के संबंध में देखा है।

खबरे हैं कि रूस भाड़े के सैनिकों की भर्ती करने की कोशिश कर रहा है। इसलिए रूस को जिस हताशा का सामना करते हुए हमने देखा है, उसे देखते हुए मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं होगा, जहां उन्हें लड़ाई में शामिल होने के लिए रूस में आने के लिए एक विदेशी सेना की भर्ती करनी पड़ी है।

**यूक्रेन को समर्थन देना जारी रहेगा**

यूक्रेन में रूस द्वारा किए गए हाल ही में किए गए मध्यम दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल के प्रायोगिक हमले पर मिलर ने कहा कि अमेरिका के परमाणु रुख या यूक्रेन को दिए जाने वाले समर्थन में कोई बदलाव नहीं होगा। साथ ही उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की लड़ाई के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।



# सीएम भजनलाल बोले, आगामी माह में वितरित होगी बालिकाओं को फ्री साइकिल



जयपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की बालिकाओं का इंतजार खत्म हो रहा है। फ्री में साइकिल का कब वितरण होगा। इस पर नया अपडेट है। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी माह में 1 लाख 25 हजार बालिकाओं को साइकिल वितरित की जाएगी। इसके साथ ही सीएम भजनलाल ने अफसरों को निर्देश दिया कि कक्षा 1 से 8 के समस्त विद्यार्थियों व 9 से 12 तक की बालिकाओं को जल्द ही स्कूल बैग भी दिए जाएं।

सीएम भजनलाल ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

सीएम भजनलाल ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें यह निर्देश दिए हैं। साथ ही बताया कि विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चले इस के लिए सत्र के प्रारंभ में ही विद्यार्थियों को लगभग साढ़े 3 करोड़ पाठ्यपुस्तक फ्री में बांट दी गई है।

**ड्रेस कोड में एकरूपता लाने का निर्देश**

सीएम भजनलाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के ड्रेस कोड में एकरूपता लाई जाए। स्कूलों में कक्षों तथा बालिका विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत और नव निर्माण करवाने के निर्देश दिए। भौतिक सत्यापन के कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**समीक्षा बैठक में मौजूद थे मंत्री और अफसर**

स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान अविचल चतुर्वेदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी सहित स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# चिकित्सा मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर ने बेनीवाल को निशाने पर लिया

## बेटे और संगठन को दिया जीत का श्रेय



जयपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राज्य के चिकित्सा मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर ने एक निजी अस्पताल के कार्यक्रम में सांसद हनुमान बेनीवाल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने चुनावी जीत का श्रेय अपने बेटे और पार्टी संगठन को देते हुए खींवसर में विकास कार्यों के लिए जनता का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि 2003 और 2008 के बाद पार्टी को 15 वर्षों तक खींवसर में जीत नहीं मिल सकी थी लेकिन संगठन और विकास कार्यों के माध्यम से जनता का विश्वास बनाए रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि खींवसर में कॉलेज लाने के उनके प्रयासों का श्रेय बेनीवाल ने लिया और जनता को गुमराह किया।

चुनाव के दौरान कठिन परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ₹हार के दबाव के बावजूद जब मैंने जनता के बीच जाकर वोट मांगे, तब जाकर यह जीत संभव हो सकी।₹ उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि लगातार 10 वर्षों की हार के बाद पार्टी का मनोबल टूट चुका था लेकिन उनके बेटे ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए पार्टी को पुनर्जीवित किया।

मंत्री ने बताया कि चुनाव के 9वें राउंड तक पार्टी 2,000 वोटों से पीछे थी, लेकिन जनता की भावनाओं को समझने और संगठन की मेहनत के चलते स्थिति पलट गई। हंसी-हंसी में उन्होंने कहा, अगर हार जाता तो तिरुपति बालाजी जाकर बाल और मूंछ चढ़ा देता।

उन्होंने खींवसर की जनता को उनके स्नेह और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जीत पार्टी की मजबूती और संगठन की मेहनत का परिणाम है। साथ ही बेनीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने जनता को गुमराह करने का काम किया। उन्होंने खींवसर के विकास कार्यों और पार्टी के प्रति जनता के विश्वास को लेकर भी आभार जताया और भविष्य में और बेहतर कार्य करने का वादा किया।

# हाइवे पर 3 वाहनों की जोरदार टक्कर

## पैर पिचक कर कार के अंदर ही फंस गए, 2 की मौत, कड़ी मशक्कत कर जेसीबी से निकाला बाहर



सीकर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। सीकर-सालासर हाईवे पर गनेड़ी गांव के पास दो कार और एक बाइक की भिड़ंत में दो जनों की मौत हो गई वहीं पांच जने घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि एक कार में सवार सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए। कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव, तहसीलदार अविनाश, थानाधिकारी रामकिशन यादव मौके पर पहुंच गए। क्षतिग्रस्त वाहनों में घायल लोग बुरी तरह से फंस थे। जेसीबी की मदद से घायलों को वाहनों से निकाला गया।

थानाधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि कांकरोली के होजाड़ा निवासी शिवकुमार सोनी परिवार के साथ खाटूश्याम व सालासर दर्शनों के लिए आए थे। खाटू दर्शन के बाद परिवार कार से सालासर जा रहे थे। गनेड़ी गांव से निकलते ही सामने से आ रही एक गुजरात नंबर की कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद शिवकुमार की गाड़ी से जा भिड़ी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई।

गाड़ियों में से घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। सालासर, नेछवा, जाजोद व मीठड़ी की 108 एंबुलेंस को बुलाकर सभी घायलों को नेछवा के उपजिला चिकित्सालय लाया गया। जहां बाइक सवार नागौर के झलालड़ निवासी रामदेव हरिजन की मौत हो गई। घायल संजय सोनी ने सीकर में दम तोड़ दिया। गंभीर हालत में शिवकुमार सोनी व उसकी पत्नी ममता सोनी, बहन चन्दा देवी सोनी, चंदा देवी की पुत्री प्रियंका सोनी, बेटा संजय सोनी व चालक किशन लाल को नेछवा से सीकर रैफर कर दिया गया। उसके बाद सभी घायलों को सीकर व जहां से जयपुर रैफर कर दिया गया।

**कड़ी मशक्कत से निकाला चालक को**


होजाड़ा से सालासर दर्शनों के लिए आए वाहन चालक के दोनों पैर बुरी तरह से फ्रेक्चर हो गए। कार का सामने का हिस्सा पिचकने से चालक व उसके पास बैठी सवारी के पैर भी पिचक कर कार में फंस गए। चालक किशनलाल को काफी मशक्कत से जेसीबी की मदद से निकाला गया। बहन के पोते की शादी में आ रहा था रामदेव

हादसे में जान गंवाने वाले बाइक सवार रामदेव हरिजन अपनी बहन के पौते की शादी में शरीक होने आ रहा था। शादी वाले घर में बड़भती होने के कारण सभी उसका इंतजार कर रहे थे, लेकिन हादसे की सूचना पर शादी वाले घर में मातम छा गया। गुजरात नंबर की कार में बामणिया निवासी देवी सिंह व सुजानगढ़ निवासी विक्रम सवार थे। उनके मामूली खरोचें आई।

**एक साल के मासूम का हुआ बुरा हाल**

हादसे में घायल प्रियंका सोनी का एक साल का बच्चा भी कार में साथ था। कार सवार सभी गंभीर घायल होने के कारण रैफर कर दिया गया। लेकिन मासूम बच्चा नेछवा अस्पताल में ही रह गया। मासूम को रोते देख चिकित्साकर्मियों का दिल पसीज गया। बाद में एएनएम सुबिता उसे अपने घर ले गई तथा दूध पिलाकर उसे चुप कराया। मासूम की मां का जयपुर में इलाज चल रहा है।

# सरकार ने इंदिरा गांधी शहरी गारंटी रोजगार योजना का नाम बदलकर महापाप किया: खाचरियावास



जयपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि भाजपा सरकार ने इंदिरा गांधी शहरी गारंटी रोजगार योजना का नाम बदलकर महापाप किया है। राजस्थान में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से अब तक योजना में किसी भी व्यक्ति को रोजगार नहीं दिया। योजना पहले ही सरकार बंद कर चुकी है। जब शहरों में भाजपा सरकार ने रोजगार देना ही बंद कर दिया तो उसके बाद शहरी रोजगार गारंटी योजना का नाम इंदिरा गांधी से बदलकर मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना करने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। भाजपा सरकार उपचुनाव की जीत के घमंड में है।

अब मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना


भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का नाम और लोगो बदल दिया है। अब इसे मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के नाम से जाना जाएगा। स्वायत्त शासन विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए। उपचुनाव से पहले ही इस पर फैसला हो गया था, लेकिन आदेश अब जारी किए गए। सरकार ने इससे पहले इंदिरा रसोई का नाम बदलकर 'श्री अन्नपूर्णा' रसोई किया था।

शहरी रोजगार गारंटी योजना...

शहरी बेरोजगारों को एक वर्ष में 100 दिन का रोजगार देने के लिए 9 सितंबर, 2022 को योजना शुरू की गई थी। 800 करोड़ रुपए का बजट आवंटन किया गया और 9593 कार्य चिन्हित किए गए।

# वारदात के बाद साक्ष्य मिटाने का प्रयास

## जालोर में टुकड़ों में मिले जले हुए मानव कंकाल के अवशेष



जालोर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। भीनमाल के कागमाला गांव के नजदीक कुछ दिन पूर्व सड़क पर पैर के अवशेष मिलने के बाद घटनास्थल के नजदीक में ओरण में मानव कंकाल के जले हुए व क्षत—विक्षत अवशेष मिले। ओरण में जगह-जगह मिले मानव शरीर के अवशेष से पता चलता है कि किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद शव को जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जले शव के अवशेषों को कब्जे में लिया।

अंधेरा होने से घने ओरण में सर्च ऑपरेशन नहीं हो सका। सुबह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्रसिंह, भीनमाल थानाधिकारी रामेश्वर भाटी, जसवंतपुरा थानाधिकारी प्रतापसिंह व बाडमेर से एफएसएल टीम मौके पहुंची। पुलिस ने सरपंच महेन्द्रसिंह देवल व अन्य ग्रामीणों के साथ पूरे ओरण में सर्च ऑपरेशन चलाया तो अलग—अलग जगहों पर जले हुए शव के अवशेष मिले। इसके अलावा मौके से एक चांदी का कड़ा, एक चप्पल व एक पानी की बोतल भी मिली। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर बारीकी से छानबीन कर सैंपल जुटाए।

पुलिस का कहना है कि मानव शरीर के अवशेषों को देखते हुए घटना करीब एक से दो सप्ताह पुरानी है।

किसी ने वारदात के साक्ष्य मिटाने के लिए शव को किसी ज्वलनशील पदार्थ से जलाकर छोड़ दिया, जिससे शव पूरा नहीं जला तो ओरण में जंगली जानवरों नें उसे क्षत-विक्षत कर दिया। शव के पैर का भाग कुछ दिन पूर्व ओरण के बाहर कागमाला गांव आने वाली सड़क पर मिला था।

**साक्ष्य मिटाने के चुना घना ओरण**

पुलिस का कहना है कि किसी ने वारदात को दूसरी जगह अंजाम देकर शव को जलाने के लिए सड़क मार्ग के पास स्थित घने ओरण को चुना। कागमाला गांव से बिलड सरहद तक फैला ओरण घना होने से यहां किसी का आना-जाना नहीं रहता है। ऐसे संगीन वारदात को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाने के सुनसान जगह का प्रयोग किया ताकि साक्ष्य भी मिट जाए और किसी को खबर भी न लगे। कुछ दिन पूर्व शव के पैर के भाग को किसी जंगली जानवर ने गांव में जाने वाले सड़क मार्ग पर लाकर पटक दिया था। वहीं रविवार को बकरी चराने गए चरवाह को जले शव के कुछ अवशेष दिखे तो उन्होंनें ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

**चांदी का कड़ा व चप्पल अहम सुराग**

जालोर पुलिस को सबूत के तौर पर मौके से करीब 8-10 तोला वजनी चांदी का कडा, एक चप्पल व प्लास्टिक की पानी की बोतल मिली। पानी की बोतल में ज्वलनशील पदार्थ लाया गया है। पानी की बोतल पर पैकिंग डेट अक्टूबर 2024 है व इस पर रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाली ब्रांड का नाम लिखा है। इसके अलावा सफेद कमीज के टूकडे भी मिले हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव किसी पुरूष का हो सकता है। पुलिस का कहना है कि चांदी कडा व चप्पल से शव की शिनाख्त करने की कोशिश की जाएगी।

**डीएनए रिपोर्ट के लिए भेजेंगे सेंपल**

घटना स्थल से जली हुई जगह से रेत व अन्य सैम्पल लिए हैं, इन्हें जोधपुर एफएसएल में भेजकर जांच करवाई जाएगी। डीएनए रिर्पोट के बाद ही शव के बारे में पता चल पाएगा।

कागमाला गांव के ओरण में मिले मानव कंकाल के अवशेषों के सेंपल की रिर्पोट आने के बाद ही कुछ पता लग सकेगा। मामले पर गंभीरता जांच जारी है।

# अवैध बजरी खनन ने ली एक और जान

## जेसीबी और ट्रैक्टर के बीच में दबकर युवक की मौत

केकड़ी, 26 नवंबर (एजेंसियां)। केकड़ी क्षेत्र के खारी नदी में अवैध बजरी खनन के दौरान जेसीबी और ट्रैक्टर के बीच में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक को घायल अवस्था में केकड़ी के जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक युवक जेसीबी चलाने का काम करता था।

केकड़ी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन का नासूर फिर एक युवक की जिंदगी लील गया। केकड़ी सदर थाना इलाके के मीणों का नयागांव के पास खारी नदी में रविवार दोपहर को अवैध रूप से बजरी खनन का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान काशीपुरा जिला शाहपुरा निवासी सीताराम मीणा पुत्र रतन लाल मीणा जेसीबी के पीछे खड़ा था। इसी दौरान वहां बजरी परिवहन करने वाले एक ट्रैक्टर ने युवक के पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से वह जेसीबी और ट्रैक्टर के बीच फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे से मौके ओर हड़कंप मच गया। हादसे के बाद युवक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में केकड़ी के राजकीय जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। युवक ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में रविवार रात को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे से मृतक का परिवार सदमे में आ गया।

सदर थानाधिकारी भंवर लाल ने बताया कि अभी परिजनों की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। इस मामले में पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जाएगी। बताया गया कि मृतक युवक सीताराम मीणा जेसीबी चलाने का काम करता है। मृतक युवक की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है तथा मृतक युवक इकलौता पुत्र था। यह युवक घर में इकलौता कमाने वाला था, जो जैसे तैसे कभी मजदूरी तो कभी जेसीबी चलाकर परिवारजनों का पेट पाल रहा था। मृतक के एक पुत्र व पुत्री है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वे सदमें में बताए जा रहे हैं।

# पुलिस की वर्दी में आए बदमाश व्यापारी का अपहरण कर उड़ा ले गए 38 लाख रुपए

कोटा, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा जिले के गुमानपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस की वर्दी पहनकर आए कुछ बदमाशों ने व्यापारी का अपहरण कर 38 लाख रुपए लूट लिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एडिशनल एसपी दिलीप सैनी ने बताया कि गुमानपुरा स्थित टीचर्स कॉलोनी निवासी विशाल ने रिपोर्ट दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपने कमरे में अकेला था। इस दौरान चार बदमाश घर में घुसे। दो ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। उन्हें घर में रुपए कहां पर रखे हुए हैं, इसकी जानकारी थी। बदमाशों 38 लाख रुपयों से भरा बैग कार में रखा और विशाल को साथ में बिठाकर ले गए। बाद में विशाल को हैंगिंग ब्रिज पर छोड़ फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर बदमाशों को तलाश रही है।

# मॉल के चौथे फ्लोर से कूदा स्टूडेंट, मौत

## टू-व्हीलर से स्कूल ड्रेस में पहुंचा था

## बैग बेंच पर रखकर लगा दी छलांग

उदयपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। उदयपुर में मॉल के चौथे फ्लोर से 17 साल का स्टूडेंट कूद गया। मॉल के स्टाफ और लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

छात्र स्कूल की ड्रेस में था और अकेला ही मॉल में घूमने आया था। मामला सुखेर थाना इलाके का भुवाणा स्थित सेलिब्रेशन मॉल का मंगलवार दोपहर 3 बजे का है।

पुलिस ने शव को एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। छात्र के परिजन को सूचना दी गई है।

**स्कूल से पहुंचा था मॉल**

थानाधिकारी हिमांशु सिंह ने बताया- छात्र कृष पामेचा (17) निवासी बेदला (उदयपुर) विद्या भवन स्कूल में पढ़ता था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छात्र के सुसाइड करने की पुष्टि हुई है। वह स्कूल से ड्रेस (यूनिफॉर्म) में अपने टू-व्हीलर से मॉल में पहुंचा था।

वाहन को पार्किंग में खड़ा कर टोकन लिया। इसके बाद सीधे चौथे फ्लोर पर पहुंच गया। जहां लगी बेंच पर उसने बैग रखा और वहां से कूद गया। मॉल स्टाफ और घूमने आए लोगों ने उसे संभाला। छात्र के गंभीर चोट लगने के कारण सिर और हाथ-पैर से खून बह रहा था।

उसे फौरन मॉल के पास के निजी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां से उसे एमबी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मॉल में स्टूडेंट के साथ और कोई नहीं था।

# अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार



हनुमानगढ़, 26 नवंबर (एजेंसियां)। हनुमानगढ़ जिले की सदर थाना पुलिस ने गांव जंडावाली के पास अवैध पिस्टल लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार युवक हनुमानगढ़ जिले के गांव सतीपुरा का निवासी है। सदर पुलिस थाना प्रभारी एसआई अजय कुमार ने बताया कि बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश पासवान एवं ज़िला पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देशानुसार जिले में अवैध हथियारों की रिकवरी कर अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष अभियान के तहत थाना स्तर पर एएसआई जसकरण सिंह के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम रोही जंडावाली में पहुंची तो वहां घूम रहे युवक की गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। शक के आधार पर पुलिस टीम ने युवक से पूछताछ की तो उसकी पहचान जसकरण सिंह (19) पुत्र लखविन्द्र सिंह मजहबी निवासी वाटर वर्क्स के पास, वार्ड छह, गांव सतीपुरा पीएस हनुमानगढ़ जंक्शन के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से अवैध पिस्टल बरामद हुई। मौके से युवक जसकरण सिंह को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर जांच एएसआई गुरबचन सिंह को सौंपी गई है। आरोपी से अनुसंधान जारी है। इस दौरान कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई जसकरण सिंह, हेड कॉन्स्टेबल विजयसिंह, कॉन्स्टेबल जगदीश और सर्वजीत सिंह शामिल रहे। इस कार्रवाई में एएसआई जसकरण सिंह की विशेष भूमिका रही।

बता दें की अवैध मादक पदार्थों व अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस बड़ी ग़हनता से कार्रवाई कर रही है।


# लॉरेंस-रोहित गैंग के डिलीवरी बॉय अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

जयपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। संजय सर्कल थाना पुलिस ने लॉरेंस और रोहित गैंग के चार डिलीवरी बॉय को अवैध देशी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, एक मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि गैंग में जुड़ने के लिए चारों आरोपी पिछले कुछ समय से गैंग के लिए डिलीवरी का काम करते हैं। साथ ही यह भी पता चला है कि इन्होंने ही जयपुर के ब्रह्मपुरी में रहने वाले व्यापारी की जानकारी रोहित गोदारा तक पहुंचाई थी, जिसके बाद रोहित गोदारा ने दो व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी मांगी थी। गिरफ्तार बदमाशों योगेश सैनी (28), मोहम्मद अकील मंसूरी (31), हरेन्द्र विश्नोई उर्फ राकेश (20) के फोन कॉल की जांच में सामने आया है कि लॉरेंस गैंग का गुर्गा भटिंडा जेल में बंद इन्हें हथियार लाने और जयपुर में सप्लाई करने की जानकारी देता था। इनके मोबाइल पर यूएस से भी कुछ कॉल आने की जानकारी सामने आई है। पुलिस फिलहाल इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# सीएम रेवंत रेड्डी की रक्षा मंत्री व नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात की

## बापू घाट के विकास के लिए 222.27 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने का अनुरोध

### मामुनूर हवाईअड्डे के कार्यों की अनुमति देने की मांग



नई दिल्ली/हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से हैदराबाद में ईसा और मूसी नदियों के संगम पर बापू घाट के विकास के लिए रक्षा विभाग की सीमा के भीतर 222.27 एकड़ भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने की अपील की है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि उनकी सरकार ने बापू घाट (जहां महात्मा गांधी की अस्थियों का अंतिम संस्कार किया गया था) को वैश्विक स्तर पर गांधी के दर्शन को फैलाने के केंद्र के रूप में बनाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मंगलवार शाम दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि गांधी सरोवर परियोजना को नॉलेज हब, ध्यान ग्राम, हस्तशिल्प संवर्धन केंद्र, सार्वजनिक मनोरंजन क्षेत्र, लैंडस्केप घाट, शांति विग्रहम (शांति की प्रतिमा) के साथ बापू घाट पर शुरू किया जाएगा। इसके लिए रक्षा विभाग ने जमीन हस्तांतरित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायुडू से कहा कि राज्य सरकार तेलंगाना में औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार शाम दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को दूसरे सबसे बड़े शहर वारंगल में एक हवाई अड्डे की स्थापना के लिए जीएमआर (एक हवाई अड्डे से दूसरे हवाई अड्डे तक 150 किमी की दूरी की आवश्यकता के साथ) से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि 253 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए आवश्यक 205 करोड़ रुपये एयरलाइन ऑफ इंडिया (एएआई) को दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री राममोहन नायुडू से हवाई अड्डे के संचालन के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने और वहां से उड़ानें संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

सीएम रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री राममोहन नायुडू को बताया कि विकल्प के रूप में पलवंचा में 950 एकड़ जमीन की पहचान की गई है क्योंकि अतीत में पहचानी गई भूमि भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले में हवाई अड्डे की स्थापना के लिए उपयुक्त नहीं थी। सीएम ने केंद्रीय मंत्री से एयरपोर्ट की स्थापना के लिए तत्काल अनुमति देने की मांग करते हुए कहा कि एएआई ने जमीन का ब्योरा उपलब्ध करा दिया है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री राममोहन नायुडू को बताया कि एएआई के पूर्व-व्यवहार्यता सर्वेक्षण से पता चला है कि पेद्दापल्ली जिले में पहले से पहचानी गई भूमि हवाई अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है। उसके विकल्प के तौर पर राज्य सरकार ने 591.24 एकड़ जमीन चिन्हित की है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री से वहां हवाई अड्डा बनाने की अनुमति देने को कहा। सीएम रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री राममोहन नायुडू को सूचित किया कि आदिलाबाद में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की कमान के तहत पहले से ही 369.50 एकड़ जमीन है और पूर्ण पैमाने पर संचालन के लिए अतिरिक्त 249.82 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को समझाया कि राज्य सरकार आवश्यक जमीन इकट्ठा कर सौंपने को तैयार है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री से आदिवासियों की बहुलता वाले आदिलाबाद को तुरंत एक हवाई अड्डा देने की अपील की।

उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी, के. रघुवीर रेड्डी, एम. अनिल कुमार यादव, आर. रघुरामी रेड्डी, डॉ. काडीयम काव्या और अन्य ने उन कार्यक्रमों में भाग लिया।

# बीईएसएस की स्थापना की घोषणा

### प्रति माह होगी 13 लाख रुपये की सौर ऊर्जा की बचत

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने मंचेरियल जिले के मंदामरी क्षेत्र में स्थित अपने 28 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र में 1 मेगावाट/2.5 मेगावाट घंटे की क्षमता वाली अत्याधुनिक बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की स्थापना की घोषणा की है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एन बलराम के अनुसार, मार्स इंडिया एंटेना एंड आरएफ सिस्टम्स, कानपुर को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करने का कार्य दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मंदामरी क्षेत्र में 28 मेगावाट के सौर संयंत्र में पायलट परियोजना के रूप में स्थापित की जा रही एक मेगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली से प्रति माह 13 लाख रुपये (प्रति वर्ष 1.6 करोड़ रुपये) की सौर ऊर्जा की बचत होगी। उन्होंने कहा कि यदि पायलट परियोजना सफल रही तो संयंत्र स्थल पर दो और मेगावाट की प्रणालियां स्थापित की जाएंगी, जिससे प्रति माह लगभग 40 लाख रुपये और प्रति वर्ष 4.8 करोड़ रुपये की सौर ऊर्जा की बचत होगी।उन्होंने कहा कि मंदामरी सौर संयंत्र द्वारा उत्पादित बिजली का उपयोग 11 भूमिगत खदानों, 4 खुली खदानों और मंदामरी और श्रीरामपुर क्षेत्रों के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक जरूरतों के लिए किया जा रहा है।

# फुटपाथों को साफ करने का अभियान तेजी से जारी रहेगा : सीवी आनंद

## फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दूसरे राज्यों के अधिकांश विक्रेता गरीब नहीं

## स्थानीय माफिया तत्वों को मोटी रकम देकर सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण




हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने टोलीचौकी मुख्य सड़क पर फुटपाथों और कैरिजवे पर अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। ऑपरेशन आरओपीडी (बाधा उत्पन्न करने वाली पार्किंग और अतिक्रमण हटाना) का नेतृत्व व्यक्तिगत रूप से सी.वी. आनंद, पुलिस आयुक्त ने किया।

ट्रैफिक पुलिस ने जनशक्ति, क्रेन, प्रोक्लेन, एलएमवी जुटाए और अतिक्रमण हटाने का काम किया। सीपी हैदराबाद के निर्देशानुसार, हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने चार पहिया वाहनों में सायरन के अनाधिकृत उपयोग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया क्योंकि वे सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं, भ्रम, दहशत पैदा कर रहे हैं, यातायात प्रवाह को बाधित कर रहे हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। पिछले एक महीने के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 1015 सायरन और 525 मल्टी-टोन हॉर्न जब्त किए। आज सीपी, हैदराबाद ने टोलीचौकी रोड पर रोड रोलर के नीचे कुचलकर जब्त किए गए सायरन और हॉर्न को नष्ट करवाया। फुटपाथों को साफ करने और सड़क की चौड़ाई को ठीक करने के लिए कमिश्नरेट में अतिक्रमण और अवरोधक पार्किंग के खिलाफ आरओपीई के तहत ये विशेष अभियान जारी रहेंगे।



सीपी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद शहर में आरओपीई को तीव्र तरीके से चलाया जाएगा। जब तक फुटपाथ साफ नहीं हो जाते और कैरिजवे अवरोध मुक्त नहीं हो जाता, तब तक यातायात की भीड़ कम नहीं होगी।

इनमें से अधिकांश सड़क किनारे विक्रेता गरीब नहीं हैं। वे अन्य राज्यों से हैं और स्थानीय माफिया जैसे तत्वों को मोटी रकम देकर सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण कर रहे हैं। यह जानकर आश्चर्य होता है कि दुकानदार अपनी दुकानों के सामने की जगह को अच्छी रकम पर पट्टे पर दे रहे हैं। यातायात की समस्या का समाधान खोजने के लिए लोगों, राजनेताओं और सभी विभागों के अधिकारियों को सहयोग करना चाहिए। और स्थानीय राजनेताओं के सहयोग के बिना भी कुछ समस्याएं पैदा होंगी। सीपी हैदराबाद ने कहा कि हमने इस कार्यक्रम के लिए स्थानीय विधायक को आमंत्रित किया था। सड़कों पर यातायात के इस तरह के उच्च प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए हैदराबाद यातायात पुलिस विभाग के साथ-साथ नागरिकों, राजनेताओं, अन्य संगठनों के सहयोग की आवश्यकता है। ऑटो चालकों को अपने वाहनों को ठीक से पार्क करने के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने भी अपने काफिले के लिए ग्रीन चैनल के इस्तेमाल से इनकार कर दिया है। पुलिस गश्ती वाहनों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को सायरन के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। पी. विश्व प्रसाद आईपीएस एडिशनल सीपी ट्रैफिक, वेंकटेश्वरलु आईपीएस डीसीपी ट्रैफिक, वी. चंद्र मोहन, एसीपी ट्रैफिक, धना लक्ष्मी एसीपी ट्रैफिक और अन्य लोग और अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# साइबर जालसाजों ने महिला से 2.29 लाख रुपये ठगे

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक महिला को नया क्रेडिट कार्ड जारी करने के नाम पर 2.29 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित 53 वर्षीय महिला को एक व्यक्ति ने फोन किया जिसने खुद को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) में कार्यरत एक अधिकारी बताया और उसके क्रेडिट कार्ड को अपडेट करने तथा उसकी सीमा 5 लाख रुपये तक बढ़ाने का वादा किया।

महिला ने व्हाट्सएप के जरिए जालसाज द्वारा मांगी गई जानकारी साझा की। जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की तस्वीरें और वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) एकत्र किया और जल्द ही काम पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़िता को एक और कॉल आया, जिसमें उसने दावा किया कि वह यूबीआई का कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव है। पीड़िता ने बताया कि उसके नाम पर एक वर्चुअल क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है और 2,29,180 रुपये का बिल बनाया गया है। जब उसने जांच की तो पता चला कि दूसरी कॉल वास्तव में बैंक के कॉल सेंटर से की गई थी। जब पीड़िता को अहसास हुआ कि उसके साथ धोखेबाजों ने धोखा किया है तो उसने पुलिस से संपर्क किया, जिसने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शहरीकरण के बीच प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की जरूरत : एवी रंगनाथ



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हाइड्रा आयुक्त एवी रंगनाथ ने तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की तत्काल जरूरत पर जोर दिया है। मंगलवार को यहां पर्यटन भवन में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-नीरी) द्वारा आयोजित शहरी झील प्रबंधन पर एक सेमिनार में बोलते हुए, रंगनाथ ने कहा कि तेलंगाना की शहरीकरण दर राष्ट्रीय औसत से 12 प्रतिशत अधिक है, जो वर्तमान में 47 प्रतिशत है, और 2050 तक 75 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है, उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरणीय संपत्तियों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य सरकार ने जुलाई 2023 में हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति निगरानी और संरक्षण की स्थापना की, जिसमें झीलों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक संसाधनों को अतिक्रमण से बचाने के लिए जीएचएमसी के प्रवर्तन सतर्कता और आपदा प्रबंधन (ईवीडीएम) विंग को एकीकृत किया गया। हाइड्रा आयुक्त ने कहा कि झील संरक्षण महत्वपूर्ण है, यह देखते हुए कि हैदराबाद की 61 प्रतिशत झीलें भूमि की मांग के कारण पहले ही गायब हो चुकी हैं। हाइड्रा ने राष्ट्रीय सुदूर संवेदन एजेंसी, भारतीय सर्वेक्षण और तेलंगाना सर्वेक्षण विभाग से उपग्रह मानचित्रण और गांव के रिकॉर्ड जैसे संसाधनों का उपयोग करते हुए शेष 39 प्रतिशत की रक्षा के लिए उपाय शुरू किकिया। रंगनाथ ने कहा कि अनधिकृत निर्माणों को ध्वस्त करने जैसे हाइड्रा के हस्तक्षेप पहले से ही रियल एस्टेट में पारदर्शिता को बढ़ावा दे रहे हैं और नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि झील संरक्षण न केवल एक पर्यावरणीय अनिवार्यता है, बल्कि शहरी स्थिरता और आपदा लचीलापन सुनिश्चित करने की कुंजी भी है। सीएसआईआर-नीरी के निदेशक डॉ. ए.एन. वैद्य और हैदराबाद क्षेत्रीय मुख्य वैज्ञानिक डॉ. शेख बाशा सहित विशेषज्ञों ने टिकाऊ शहरी झील प्रबंधन के लिए रणनीति साझा की।

# डीजीपी कार्यालय में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मंगलवार को पुलिस महानिदेशक कार्यालय में संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) महेश एम. भागवत उपस्थित रहे, जिन्होंने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में अतिरिक्त डीजीपी ने इस बात पर जोर दिया कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अपनाया गया था, जो देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने डॉ.बी.आर. अंबेडकर, बाबू राजेंद्र प्रसाद और महिलाओं सहित कई अन्य प्रमुख हस्तियों के महत्वपूर्ण योगदान को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान को एक व्यापक और दूरदर्शी दस्तावेज बताया, जो दुनिया भर के कई संविधानों से प्रेरणा लेता है। उन्होंने आगे बताया कि कैसे यह मौलिक अधिकारों और राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों जैसे मूल्यवान सिद्धांतों को सुनिश्चित करता है, जो सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करता है। भागवत ने कहा कि संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है, जो समाज में सद्भाव को बढ़ावा देते हुए न्याय, समानता और स्वतंत्रता जैसे अधिकारों की रक्षा करता है। कार्यक्रम के दौरान, आईजीपी (पी एंड एल) एम. रमेश ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और सभी उपस्थित लोगों को संविधान और उसके मूल्यों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में आईजीपी रेलवे और सड़क सुरक्षा रमेश नायुडू, एआईजी रमना कुमार, एसपी लीगल सीएच. सतीश सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ डीजीपी कार्यालय के कई पुलिस कर्मियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# इथेनॉल फैक्ट्री के खिलाफ रास्ता रोको प्रदर्शन

## 3 घंटे तक वाहन चालकों को हुई असुविधा

निर्मल, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिलावरपुर मंडल केंद्र में मंगलवार को एक संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्यों ने इथेनॉल निर्माण कारखाने की स्थापना के खिलाफ रास्ता रोको प्रदर्शन किया। समिति के सदस्यों, स्थानीय लोगों और महिलाओं ने यातायात को अवरूद्ध कर दिया, जिससे लगभग 3 घंटे तक वाहन चालकों को असुविधा हुई।

उन्होंने प्रबंधन को उनके गांव में संयंत्र स्थापित करने की अनुमति देने के लिए सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने मांग की कि इथेनॉल निर्माता के आने से उनके खेत प्रदूषित हो जाएंगे और कारखाने को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाए जाएं।

प्रदर्शन के कारण निर्मल-भैंसा मार्ग पर यातायात ठप हो गया। हालांकि, पुलिस मौके पर पहुंची और आंदोलनकारियों से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को सरकार के संज्ञान में लाएंगे।

पुलिस द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद सदस्यों ने अपना विरोध वापस ले लिया और इस मार्ग पर यातायात को चलने दिया। दिलावरपुर मंडल के गुंडमपल्ली गांव में इथेनॉल फैक्ट्री की स्थापना का स्थानीय लोग कड़ा विरोध कर रहे हैं, उनका कहना है कि इससे उनके खेत प्रदूषित होंगे और उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा।

वे एक साल से भी अधिक समय से फैक्ट्री के खिलाफ कोई न कोई विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने निर्माता की स्थापना को रोकने के उद्देश्य से जेएसी का गठन किया था।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में पोल्ट्री क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका : सब्यसाची घोष

## बहुप्रतीक्षित पोल्ट्री इंडिया 2024 का उद्घाटन



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय पोल्ट्री उद्योग में सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम, बहुप्रतीक्षित पोल्ट्री इंडिया 2024 का आज आधिकारिक रूप से उद्घाटन तेलंगाना सरकार के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन (एएचडीडी एंड एफ) विभाग के विशेष मुख्य सचिव सब्यसाची घोष द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम भारत और विदेशों से अग्रणी पोल्ट्री प्रजनकों, उपकरण निर्माताओं और उद्योग पेशेवरों को एक साथ लाता है। इस वर्ष के संस्करण ने 40 देशों को आकर्षित किया है, जो इस आयोजन के वैश्विक महत्व को रेखांकित करता है। ज्ञान-साझाकरण का केंद्र बनने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में एक विशेष ज्ञान दिवस भी शामिल है, जो पोल्ट्री उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले नवीनतम रुझानों, प्रौद्योगिकियों और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है। अपने उद्घाटन भाषण में, सब्यसाची घोष ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पोल्ट्री क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में 17 का योगदान देता है। उन्होंने पोल्ट्री उद्योग में तेलंगाना के बढ़ते महत्व पर जोर दिया, राज्य को भारत में पोल्ट्री खेती और संबंधित उद्योगों के भविष्य को आकार देने में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थान दिया। विशेष मुख्य सचिव ने इस क्षेत्र के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और उभरती हुई तकनीकी प्रगति के अनुकूल होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने उद्योग के हितधारकों को उत्पादकता में सुधार, लागत प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और समग्र परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एआई तकनीकों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री घोष के संबोधन ने बताया कि पोल्ट्री उद्योग की निरंतर वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए ऐसी तकनीकों का एकीकरण महत्वपूर्ण होगा। पोल्ट्री इंडिया 2024 कार्यक्रम भारत और वैश्विक स्तर पर पोल्ट्री उद्योग के भविष्य के लिए मंच तैयार करते हुए नवाचार, सहयोग और विकास के लिए एक मंच बनने का वादा करता है। गौरतलब है कि पोल्ट्री इंडिया पोल्ट्री उद्योग को समर्पित प्रमुख व्यापार प्रदर्शनी है, जो उद्योग के खिलाड़ियों को अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने, नवीनतम रुझानों पर चर्चा करने और ज्ञान का आदान-प्रदान करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करती है। यह आयोजन पोल्ट्री पेशेवरों, उपकरण निर्माताओं और प्रजनकों के लिए एक महत्वपूर्ण संयोजक के रूप में कार्य करता है, तथा व्यवसाय विकास और नेटवर्किंग के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है।

# किसान सम्मेलन की तैयारियों पर हुई समीक्षा बैठक

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव, जुपल्ली कृष्ण राव और दामोदर राजा नरसिम्हा ने कहा है कि अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को 28, 29 और 30 नवंबर को महबूबनगर में होने वाले किसान महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव, राज्य के पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव, चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. चिन्ना रेड्डी ने किसान सम्मेलन की तैयारियों पर आज सचिवालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में भाग लिया। 28, 29, 30 नवंबर को तेलंगाना कृषि और किसान कल्याण आयोग के अध्यक्ष एम. कोदंडा रेड्डी, राज्य सरकार के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, एमएलसी, संयुक्त महबूबनगर जिले के विधायक, राज्य सरकार की मुख्य सचिव शांति कुमारी, डीजीपी जितेंद्र, कलेक्टर, एसपी और अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने कहा कि इस वर्ष के दौरान, राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र को इतनी बड़ी मात्रा में धन आवंटित किया है, जितना किसी अन्य क्षेत्र में नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस किसान सम्मेलन में किसानों को बड़े पैमाने पर होने वाले लाभ, कृषि क्षेत्र में आ रहे आधुनिक बदलाव, आदर्श किसानों के भाषण आदि से जुड़े विषय मुख्य विषय होंगे।

तुम्मला ने कहा कि यह किसान सम्मेलन इस महीने की 28 तारीख को सुबह 10 बजे शुरू होगा, पहले दिन संयुक्त महबूबनगर जिले के किसान सम्मेलन में भाग लेंगे और वह राज्य के कृषि मंत्री और जन प्रतिनिधियों के रूप में इस उद्घाटन बैठक की शुरूआत करेंगे। बताया गया कि दूसरे दिन 29 तारीख को महबूबनगर जिले के अन्य इलाकों से किसान शामिल होंगे और 30 तारीख को राज्य के सभी जिलों से कम से कम एक लाख किसान इस किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्री ने ऐसे उपाय करने का आदेश दिया ताकि पहले दो दिनों तक हर दिन 5000 किसान उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी 30 नवंबर को सम्मेलन में भाग लेंगे।

इन तीन दिनों के दौरान, किसान सम्मेलन के मंच पर अनुकरणीय किसानों के भाषण होंगे, आधुनिक खेती के तरीकों पर स्पष्टीकरण, कृषि से संबंधित क्षेत्रों जैसे डेयरी उद्योग, मत्स्य पालन आदि के अनुकरणीय किसानों के भाषण और सफलता की कहानियों पर वीडियो प्रस्तुतियां होंगी। मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन में प्रत्येक फसल के लिए प्रत्येक अनुकरणीय किसान की पहचान की जाएगी और उनके अनुभवों को समझाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आधुनिक कृषि यंत्रों, विभिन्न प्रकार की फसलों, संकर किस्मों तथा सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं पर प्रदर्शनी स्टॉल लगाएंगे। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया है कि इन तीन दिवसीय कार्यक्रमों का राज्य में 560 रैतू वेदिकाओं के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाए।

# जनसुनवाई में कुल 1336 याचिकाएं प्राप्त हुईं : जी. निरंजन

### बीसी आयोग ने दस जिलों का दौरा किया

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी की स्थिति के अध्ययन के हिस्से के रूप में, बीसी आयोग ने दो किस्तों में राज्य के दस संयुक्त जिलों का दौरा किया और सार्वजनिक सुनवाई की। इसके बाद राज्य स्तर पर दो दिनों तक आयोग के कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस जनसुनवाई में विभिन्न जाति समुदायों की याचिकाएं शपथ पत्र के रूप में प्राप्त हुईं। इस जनसुनवाई में बड़े पैमाने पर जाति संघों, स्वयंसेवी संगठनों और लोगों ने भाग लिया और अपनी अपीलें आयोग को सौंपी। इन अनुरोधों के एक भाग के रूप में, यह अनुरोध किया गया था कि बीसी को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। विभिन्न जाति समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं और पिछड़ेपन को आयोग के ध्यान में लाया।

# बेला में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद, इसके बाहरी इलाकों और तेलंगाना राज्य के कई जिलों में सोमवार रात और मंगलवार तड़के सर्द मौसम की स्थिति बनी रही। हैदराबाद में सबसे कम तापमान बीएचईएल के निकटवर्ती इलाकों में दर्ज किया गया, जहां पारा 11.7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, इसके बाद राजेंद्रनगर में 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेलंगाना राज्य में इस अवधि में सर्वाधिक ठंड आदिलाबाद और आसिफाबाद जिलों में दर्ज की गई, जहां तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

आदिलाबाद के बेला में सबसे कम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि संगारेड्डी जिले के कोहिर में 9.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

संगारेड्डी, विकाराबाद, कामारेड्डी, मेदक और सिद्दिपेट में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। हैदराबाद में उप्पल, मौला अली, नचाराम, ईसीआईएल आदि में मौसम ठंडा रहा और तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसाइटी (टीएसडीपीसी) से उपलब्ध तापमान आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार की सुबह मौला अली में सबसे कम 12.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# गौतम गंभीर वापस लौट रहे भारत पर्थ टेस्ट जीतने के बाद आई बड़ी खबर

खेल डेस्क, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पर्थ टेस्ट जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया से एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर भारतीय कोच गौतम गंभीर से जुड़ी है, जो वापस इंडिया लौट रहे हैं। गंभीर के अचानक से वापस लौटने की वजहों का तो खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि इसके पीछे की वजह निजी है। अब सवाल है कि गंभीर के इंडिया लौटने के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया को कोच कौन करेगा?

**पिंक बॉल टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट पिंक बॉल से खेला जाना है। ये मुकाबला 6 से 10 दिसंबर के बीच एडिलेड में खेला जाना है। अच्छी बात ये है कि गौतम गंभीर पिंक बॉल टेस्ट के शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस लौट जाएंगे।



**बीसीसीआई को कर चुके हैं इन्फॉर्म**

बीसीसीआई से जुड़े सूत्रों के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस ने लिखा है कि गंभीर ने अपने भारत लौटने को लेकर जानकारी दी थी। ये भी बताया था कि वो दूसरे टेस्ट से पहले टीम को जॉइन कर लेंगे। उन्होंने अपने वापस लौटने की वजह निजी बताई है।

27 नवंबर को पर्थ से कैनबरा जाएगी टीम

पर्थ में पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद अब टीम इंडिया कैनबरा के लिए कूच करेगी। वो 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगी, जहां उसे दो दिनी पिंक बॉल अभ्यास मैच खेलना है। ये मुकाबला शनिवार से शुरू होगा। गौतम गंभीर की गैर-मौजूदगी में भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ जैसे असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर, बॉलिंग कोच मॉर्ने मॉर्केल, फील्डिंग कोच टी. दिलीप ट्रेनिंग सेशन पर नजर रखेंगे।

**रोहित भी निजी वजहों से रहे थे बाहर**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी निजी वजहों के चलते ही टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं पहुंचे थे। इसी वजह से वो पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे।

रोहित की वो निजी वजह उनके दूसरे बच्चे के जन्म से जुड़ी थी। बहरहाल, अब रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं। उन्होंने वहां पिंक बॉल से अभ्यास भी शुरू कर दिया है। अब दूसरे टेस्ट से पहले अगर गंभीर भी पहुंच जाएं तो फिर टीम इंडिया के नजरिए से बल्ले-बल्ले हो जाएगी।

# पृथ्वी शॉ को मिली ऐसी सजा कि लग गया 8 करोड़ का चूना

## मोहम्मद कैफ ने कहा- शर्म आनी चाहिए

मुंबई, 26 नवंबर (एजेंसियां)। पृथ्वी शॉ अभी चर्चा में हैं। वजह है उनका आईपीएल ऑक्शन में नहीं बिकना। बेस प्राइस 75 लाख रुपये होने के बावजूद किसी टीम ने उनमें इंटरेस्ट तक नहीं दिखाया। यहां तक कि जिस टीम के लिए वो सालों से खेले, उसने भी इस बार तौबा कर ली.

पृथ्वी शॉ को अपनी लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ी है। उन्हें उसके चलते सजा भुगतनी पड़ी है। और, सजा भी ऐसी मिली कि 8 करोड़ रुपये का चूना ही लग गया। पृथ्वी शॉ का गुनाह क्या है? यही सोच रहे हैं ना आप. ये भी सोच रहे होंगे कि सजा क्या मिल गई? दरअसल, आईपीएल ऑक्शन में जिन वजहों से वो चर्चा में रहे हैं वही उनकी सजा है।



गलती इतनी थी कि उन्होंने अपने खेल में लापरवाही बरती. फिटनेस पर ध्यान नहीं दिया और दिल्ली कैपिटल्स में मिले मौकों को अच्छे से भुनाया नहीं, जिसका खुलासा दिल्ली फ्रेंचाइजी से जुड़े रहे मोहम्मद कैफ ने भी किया है।

**पृथ्वी शॉ को लगा 8 करोड़ रुपये का चूना!**

आईपीएल 2025 के ऑक्शन में चुनना तो दूर उन पर बोली तक नहीं लगाई. जी नहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने भी नहीं, जिससे वो 2018 से लगातार जुड़े रहे थे. ऐसा तब हुआ जब पृथ्वी शॉ ने अपनी बेस प्राइस सिर्फ 75 लाख रुपये रखी थी. अब इससे बड़ी शर्मिंदगी क्या होगी? इससे बड़ी सजा क्या होगी? किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं बनने के चलते पृथ्वी शॉ को 8 करोड़ रुपये का चूना लगा है. ये वो रकम है जो पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स से उन्हें मिल रहे थे.

**शॉ के लिए शर्मनाक स्थिति- कैफ**

पृथ्वी शॉ के ऑक्शन में अनसोल्ड रहने को मोहम्मद कैफ ने उनके लिए शर्मिंदगी वाली बात बताई है. कैफ ने जियो सिनेमा से बात करते हुए कहा कि शर्म आनी चाहिए, कि उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला. उन्होंने शॉ को लेकर तब के अनुभव शेयर किए जब वो दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग पैनल में होते थे. कैफ ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें काफी सपोर्ट किया है. वो इकलौते ऐसे प्लेयर हैं जो इस बात की शिकायत नहीं कर सकते कि उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला.

# विश्व चैम्पियनशिप शतरंज में डिंग लिरेन ने गुकेश को पहले मुकाबले में हराया





सिंगापुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के पहले मुकाबले में उन्हें हरा दिया।

विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब 'फ्रेंच डिफेंस' से दिया।

गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके 42 चालों में जीत दर्ज की।

# मेगा ऑक्शन में आरसीबी की 3 बड़ी गलतियां!

## क्या फिर से टूटेगा फैंस का दिल?

खेल डेस्क,, 26 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले रॉयल चैलेंजर्स फ्रेंचाइजी के ऊपर फैंस की नजरें थीं। इस फ्रेंचाइजी ने इस बार कप्तान फाफ डु प्लेसिस, मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल और विल जैक्स जैसे शानदार खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया था। जिसके बाद फैंस को लग रहा था कि इस बार ऑक्शन में आरसीबी कई बड़े खिलाड़ियों पर दांव खेल सकती है, लेकिन फैंस को ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला।

मेगा ऑक्शन के दौरान सोशल मीडिया पर आरसीबी फ्रेंचाइजी को काफी ज्यादा ट्रोल भी किया गया। वहीं अब मेगा ऑक्शन में आरसीबी की तीन बड़ी गलतियां सामने निकलकर आ रही है।








**1. जितेश शर्मा को 11 करोड़ में खरीदना**

पंजाब किंग्स से रिलीज होने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा इस बार मेगा ऑक्शन का हिस्सा थे। पिछला सीजन इस खिलाड़ी के लिए कुछ अच्छा नहीं रहा था, लेकिन अब मेगा ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जितेश शर्मा को 11 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदा है। ऐसे में कुछ फैंस का मानना है कि ये आईपीएल 2025 में आरसीबी के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है।

**2. केएल राहुल को छोड़ देना**

मेगा ऑक्शन से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थी कि इस बार आरसीबी राहुल को खरीद सकता है। हालांकि मेगा ऑक्शन के दौरान शुरुआत में आरसीबी ने राहुल को लेकर थोड़ी दिलचस्पी जरूर दिखाई थी, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स द्वारा लगाई गई 14 करोड़ रुपये की बोली से आगे आरसीबी बढ़ नहीं पाई और उन्होंने राहुल दिल्ली में जाने दिया। आरसीबी का ये फैसला फैंस को लिए, काफी चौंकाने वाला रहा है।

**3. युजवेंद्र चहल को न खरीदना**

टी20 क्रिकेट के सबसे बेहतरीन स्पिन गेंदबाजों में से एक युजवेंद्र चहल भी इस बार मेगा ऑक्शन का हिस्सा थे, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स इस खिलाड़ी को रिलीज कर चुकी थी। ऐसे में फैंस को उम्मीद थी कि आरसीबी इस बार चहल को खरीदकर अपनी गलती को सुधार लेगी। चहल पहले भी आरसीबी के लिए खेल चुके हैं और इस फ्रेंचाइजी के लिए उन्होंने कमाल का प्रदर्शन भी किया था, लेकिन इस बार आरसीबी चहल को खरीदने में नाकामयाब रही। पंजाब किंग्स ने युजी को इस बार मेगा ऑक्शन में 18 करोड़ रुपये में खरीदा है।

# सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया, फाइनल में नीदरलैंड को 2-0 से हराया

मलागा, 26 नवंबर (एजेंसियां)। शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व नंबर एक यानिक सिनर की बदौलत इटली ने नीदरलैंड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार डेविस कप जीत लिया। इटली लगभग 25 वर्ष तक डेविस कप खिताब से दूर रहा, लेकिन सिनर के आते ही उसे लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ है। सिनर ने टैलन ग्रीक्सपोर को सीधे सेटों में 7-6 (2), 6-2 से हराकर इटली को विजेता बनाया।

बेरेटिनी ने जीता पहला एकल

इससे पहले मैटियो बेरेटिनी ने राफेल नडाल को उनके अंतिम मुकाबले में हराने वाले बोटिक वान डि जेंडशुल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। सिनर ने जीत के बाद कहा, गत विजेता होकर एक बार फिर चैंपियन बनना, हमारे लिए इससे अच्छी भावना और कोई नहीं हो सकती है। पलासियो डि डिपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कारपेना में बैठे 9 हजार दो सौ दर्शकों में इटली को जबरदस्त समर्थन मिला। इटली के समर्थकों ने मेगा फोन और ड्रमों की थाप पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चेक



गणराज्य की ओर से 2012 और 2013 में लगातार दो बार डेविस कप का खिताब जीतने के बाद इटली दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम है।

पूरी टीम ने मनाया जश्न


बीते बुधवार को इटली की महिला टीम ने स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता था।

इटली टीम के कप्तान फिलिपो वोलांद्री ने कहा- पुरुष टीम ने जीत के साथ हमें और ज्यादा गौरवान्वित किया है। सिनर का यहां डेविस कप में रिकॉर्ड 4-0 रहा।

इसमें बेरेटिनी के साथ युगल में अर्जेंटीना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हासिल की गई जीत भी शामिल है। सिनर के जीतते ही बेरेटिनी और पूरी टीम कोर्ट पर आ गई और एक दूसरे गले में हाथ डालकर जश्न मनाने लगी। वोलांद्री ने सिनर को उठाकर हवा में लहरा दिया। सिनर ने ग्रीक्सपोर के खिलाफ 15 एस लगाए।

एक सप्ताह पूर्व एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले सिनर पिछले 14 मैचों और 26 सेट से नहीं हारे हैं। इस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन का खिताब भी जीता है।

# वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी को आईपीएल ऑक्शन में 16.10 करोड़ का नुकसान




नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में एक ओर जहां ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ियों की लॉटरी लग गई, वहीं दूसरी ओर कुछ खिलाड़ी ऐसे भी रहे जिन्हें करोड़ों का नुकसान हो गया.ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं सैम करन जिन्हें जेद्दा में हुई ऑक्शन में तगड़ा नुकसान हो गया. सैम करन को आईपीएल 2025 ऑक्शन में सिर्फ 2.40 करोड़ रुपये मिले. सैम करन अब चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलेंगे. सैम करन को इस ऑक्शन में बिकने की खुशी तो होगी लेकिन उससे ज्यादा उन्हें गम होगा क्योंकि उन्हें बहुत कम रकम मिली है.

**सैम करन को 16 10 करोड़ का नुकसान**

सैम करन को आईपीएल ऑक्शन में 16.10 करोड़ का नुकसान हो गया है. पिछले सीजन तक करन हर साल 18.50 करोड़ रुपये मिलते थे लेकिन अब ये खिलाड़ी 16.10 करोड़ के नुकसान के साथ 2.40 करोड़ में ही बिका है. सैम करन वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी हैं. साल 2022 में उन्होंने इंग्लैंड को टी20 वर्ल्ड कप जिताया था. वो प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे और इसीलिए उन्हें आईपीएल में बड़ी रकम मिली थी लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि ये खिलाड़ी पैसों के मामले में धड़ाम से नीचे आ गिरा?

**सैम करन को कम पैसा क्यों मिला?**

सैम करन ने पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के लिए 270 रन बनाए थे.उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले. साथ ही इस खिलाड़ी ने 16 विकेट भी झटके लेकिन उनका इकॉनमी रेट 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा रहा. सैम करन अपने प्राइस टैग के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए यही वजह है कि पंजाब ने उनपर बोली तक नहीं लगाई.

**सैम करन का आईपीएल में प्रदर्शन**

सैम करन ने आईपीएल में अबतक 59 मैचों में 25 से ज्यादा की औसत से 883 रन बनाए हैं.ये खिलाड़ी मैच फिनिशर का रोल निभाता है ऐसे में ये औसत अच्छी है. साथ ही उनका स्ट्राइक रेट भी 136 से ज्यादा का है. करन ने इसके अलावा 58 विकेट भी लिए हैं. ये खिलाड़ी अपनी स्विंग से पावरप्ले में विकेट लेने की काबिलियत रखता है.

## जिद से हासिल किया मुकाम

# तपकर निखरी 'चांदनी' अंडर-19 टीम में बिखेरेंगी जलवा, पिता चलाते हैं सैलून की दुकान

लखनऊ, 26 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ के बंगलाबाजार में एक छोटा सा सैलून चलाने वाले रामकुमार शर्मा की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। उनकी बेटी चांदनी भारत की अंडर-19 ए टीम के लिए चयनित हुई है।

इस खुशी का इजहार करते हुए रामकुमार की आंखों में कुछ घटनाएं बिजली सी कौंध जाती हैं। वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, एक दिन वो था जब मैंने बेटी को क्रिकेट खेलने से मना किया था। चांदनी को शुरू से क्रिकेट पसंद था। हाईस्कूल का आखिरी पेपर देने के बाद तो वह क्रिकेट में दाखिला दिलाने के लिए लड़ गई थी। खाना खाने से इन्कार कर दिया था। हमारे आश्वासन के बाद उसने खाना खाया। अगले दिन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में ट्रेनिंग शुरू कर दी।



अमर उजाला से खास बातचीत में चांदनी ने कहा कि मुझे आज भी याद है जब पापा मेरे क्रिकेट खेलने के खिलाफ थे, तब बड़े भाई ने पापा से बात करके मुझे खेलने की परमिशन दिलाई। शुरुआत गली क्रिकेट में लड़कों के साथ खेलकर की। बाद में मेरा चयन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में हो गया। यहां प्रियंका शैली मैम के निर्देशन में खेलना शुरू किया। युजवेंद्र चहल को अपना पसंदीदा खिलाड़ी बताते हुए चांदनी कहती हैं कि चहल की बात ही निराली है। उनको गेंदबाजी करते देखकर काफी कुछ सीखने को मिला। महिला क्रिकेट में पूनम यादव दीदी मेरी पसंदीदा खिलाड़ी हैं।

बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली चांदनी बेहतर प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। स्थानीय क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रदेश की अंडर-19 क्रिकेट टीम में हो गया। पुणे में 3 से 10 दिसंबर तक होने वाली त्रिकोणीय प्रतियोगिता में इंडिया ए और इंडिया बी के अलावा दक्षिण अफ्रीका की टीम भाग लेगी।

अगर चांदनी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहती है, तो उसका चयन अगले साल श्रीलंका में जनवरी माह में होने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए हो सकता है।

# कूच विहार ट्रॉफी के लिए शहर आएंगी यूपी और विदर्भ की टीमें

## 28 नवंबर से होगा मैच

कानपुर, 26 नवंबर (एजेंसियां)। बीसीसीआई की अंडर-19 कूच विहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश और विदर्भ के बीच होने वाले 28 नवंबर को मुकाबले की मेजबानी ग्रीनपार्क स्टेडियम करेगा। यूपी और विदर्भ की टीमें कानपुर पहुंचेंगी। एलीट ग्रुप सी में शामिल उत्तर प्रदेश अभी तक तीन मुकाबले खेल चुका है। टीम 11 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इसमें टीम तीन मैच खेल चुकी है। बरेली में हुए पहले घरेलू मैच में टीम को मध्य प्रदेश के हाथों 297 रनों की शिकस्त का सामना करना पड़ा था। मैच कानपुर ग्रीनपार्क स्टेडियम में 28 नवंबर को और आखिरी मैच छह दिसंबर को उत्तराखंड के खिलाफ काशीपुर में खेला जाएगा। यूपीसीए की मीडिया कमेटी के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि कूच विहार ट्रॉफी में यूपी और विदर्भ के बीच होने वाले मुकाबले के लिए ग्रीनपार्क स्टेडियम पूरी तरह से तैयार है।

# हैदराबाद में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ आदर्श वातावरण : श्रीधर बाबू

## आईटी मंत्री ने भारत-बेल्जियम जीवन विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने मंगलवार को यहां एक होटल में भारत-बेल्जियम जीवन विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने मुख्य भाषण में, श्रीधर बाबू ने जीवन विज्ञान में भारत और बेल्जियम के बीच साझेदारी की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया, हैदराबाद को नवाचार और सहयोग के केंद्र के रूप में उजागर किया। मंत्री ने कहा, जबकि भारत और बेल्जियम जीवन विज्ञान में व्यक्तिगत रूप से मजबूत हैं, यह हमारी विशेषज्ञता के संयोजन में है कि असली क्षमता निहित है। हैदराबाद, भारत की जीवन विज्ञान राजधानी के रूप में, अपने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, संपन्न स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और सहायक सरकारी नीतियों के साथ, इस सहयोग के लिए आदर्श वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने वैक्सीन उत्पादन, जेनेरिक और बायोसिमिलर में तेलंगाना के नेतृत्व की सराहना की और बेल्जियम के जीवन विज्ञान समुदाय को तालमेल तलाशने के लिए आमंत्रित किया। हम एक साथ मिलकर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने और जीवन रक्षक नवाचारों को सभी के लिए सुलभ और किफायती बनाने के लिए अपनी सामूहिक शक्तियों का उपयोग कर सकते हैं, उन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य सेवा नवाचार के उत्प्रेरक के रूप में हैदराबाद की भूमिका को रेखांकित किया। एक साथ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को खोलना विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और उद्योग जगत के नेता एक साथ आए। उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में भारत में बेल्जियम के राजदूत महामहिम डिडिएर वेंडरहासेल्ट, द्विपक्षीय मामलों के महानिदेशक जेरोन कूरेमैन और बेल्जियम के मानद वाणिज्यदूत और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड के सह-अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जी.वी. प्रसाद, लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन में ग्लोबल हेल्थ के प्रोफेसर डॉ. पीटर पियोट, फ्रेमिश इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के अध्यक्ष डॉ. अजीत शेट्टी, एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सौम्या स्वामीनाथन और इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस के महासचिव सुदर्शन जैन जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने स्वास्थ्य सेवा नवाचार के भविष्य पर विचारोत्तेजक चर्चाओं में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में वैक्सीन विकास, आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा चिकित्सा उपकरण, नवाचार बायोटेक नवाचार, स्टार्ट-अप वेंचर कैपिटल और स्टार्ट-अप फंडिंग जैसे विषयों पर गतिशील पैनल चर्चाएं शामिल थीं। भारत और बेल्जियम की पूरक शक्तियों पर प्रकाश डालते हुए, सम्मेलन ने तेलंगाना के विनिर्माण कौशल और वैश्विक पहुंच के साथ-साथ अनुसंधान एवं विकास, बायोटेक नवाचार और चिकित्सा उपकरणों में बेल्जियम की उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया।

मंत्री श्रीधर बाबू ने बायोएशिया 2025 के लिए वैश्विक जीवन विज्ञान समुदाय को हार्दिक निमंत्रण भी दिया, जो कि दुनिया के प्रमुख जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम का 22वां संस्करण है, जो 24 से 26 फरवरी, 2025 तक हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। इंडो-बेल्जियम जीवन विज्ञान सम्मेलन वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है, जो हैदराबाद की स्थिति को जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा नवाचार के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में मजबूत करता है।

## सीपीआई ने सीएम रेवंत के फैसले की सराहना की

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव डॉ.के. नारायण ने कॉरपोरेट दिग्गज अदाणी द्वारा घोषित 100 करोड़ रुपये के दान को अस्वीकार करने के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के फैसले की सराहना की है। प्रेस को दिए गए बयान में सीपीआई नेता ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन ने यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी को दान देने की घोषणा की है। यह याद दिलाना उचित होगा कि सीपीआई ने अदाणी की धोखाधड़ी और मोदी और अदाणी के बीच दोस्ती के बारे में मीडिया को जानकारी दी है। सीपीआई नेता ने कहा कि सीपीआई ने यह भी उजागर किया था कि कैसे अदाणी ने कई हवाई अड्डे और नौसैनिक बंदरगाह हासिल किए हैं। आम लोग और खास तौर पर राजनेता जानते हैं कि कैसे मोदी ने कई बेहतरीन जमीनें औने-पौने दामों पर लोगों को सौंप दी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में अदाणी कोल कंपनी को पर्यावरणवादियों के आदिवासियों द्वारा सात साल तक विरोध का सामना करना पड़ा। अंत में, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अदाणी कोल माइंस को बंद करने की घोषणा की है।

# सीएम ने वायनाड जीतने पर प्रियंका को दी बधाई



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रियंका गांधी से मुलाकात की और कांग्रेस नेता को वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री के साथ मौजूद उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने भी प्रियंका गांधी को बधाई दी। प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर चुनावी शुरुआत की है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीएम के सत्यन मोकेरी को 4.1 लाख से अधिक मतों से हराया। उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी के 3.65 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की। मई में हुए आम चुनावों में वायनाड और रायबरेली से निर्वाचित हुए राहुल गांधी ने रायबरेली को चुना, जिसके कारण केरल में लोकसभा सीट पर उपचुनाव कराना आवश्यक हो गया।

23 अक्टूबर को उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते समय प्रियंका गांधी के साथ मौजूद रेवंत रेड्डी ने उनकी रिकॉर्ड अंतर से जीत की भविष्यवाणी की थी। सोमवार को मुख्यमंत्री ने वायनाड और नांदेड़ लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत की सराहना की। उन्होंने दावा किया कि दो लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजे बताते हैं कि लोगों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नकार दिया है।

इस बीच, रेवंत रेड्डी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की। उन्होंने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस पार्टी के संविधान रक्षक अभियान में भी हिस्सा लिया। संविधान दिवस के अवसर पर 'मेरी जान मेरा संविधान' नारे के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। वह राष्ट्रीय राजधानी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुए थे। रेवंत रेड्डी के साथ सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गड्डाम प्रसाद कुमार और अन्य नेता भी थे।

# चोरी मामले में दो नौकर गिरफ्तार




हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलहाट पीएस, गोशामहल डिवीजन, साउथ वेस्ट जोन, हैदराबाद के पुलिस अधिकारियों ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने कियारा किचन हार्डवेयर, मंगलहाट में चोरी किया था। दोनों आरोपियों ने करीब 17 लाख 50 हजार रुपये का सामान चोरी किया था। पुलिस ने नगदी और सामान सहित 17 लाख 30 हजार रुपये की संपत्ति बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते 13 नवंबर को श्रवण कुमार से शिकायत मिली जिसमें कहा गया कि तीन वर्षों से वह मंगलहाट क्षेत्र की सीमा में कियारा किचन हार्डवेयर की दुकान और उसका गोदाम चला रहे थे। दो वर्ष पहले श्रवण कुमार ने उन्हें अपने गोदाम में स्टॉक की देखभाल करने के लिए अपने रिश्तेदार आकाश को नियुक्त किया था। इसके अलावा जब उसने अपने स्टॉक में भारी अंतर पाया और पुष्टि की कि उसके रिश्तेदार आकाश कुमार और उसके दोस्त पीयूष की मदद से उसकी दुकान में संपत्ति का नुकसान हुआ है, तो वह पुलिस स्टेशन आया और उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरोपी जिंसी चौराई निवासी आकाश कुमार और मंगलहाट मार्केट निवासी पीयूष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी आकाश कुमार और आरोपी पीयूष मित्र हैं। आरोपी आकाश शिकायतकर्ता श्रवण का साला है। दोनों आरोपी विलासितापूर्ण जीवन के आदी थे और उनकी आय उनके विलासितापूर्ण खर्चों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थी। इसलिए उन्होंने दुकान में चोरी करने का इरादा किया।

इस प्रकार अप्रैल-2024 से गोदाम में चोरी करना शुरू कर दिया। चोरी के सामान को बाजार में विभिन्न जरूरतमंद ग्राहकों को बेच देता था। तब से अब तक लगभग 17 लाख 50 हजार रुपये का सामना चोरी किया गया। पुलिस ने आगापुरा चौरास्ता, मंगलहाट के पास से दोनों को पकड़ा लिया।

## रसोइया ने लड़की को नग्न पूजा के लिए उकसाया



पेद्दापल्ली, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंथनी स्थित सरकारी बालिका छात्रावास की एक छात्रा को छात्रावास की एक महिला रसोइया ने कथित तौर पर 'खजाना' मिलने का वादा कर नग्न पूजा करने के लिए बहलाया-फुसलाया। बताया जा रहा है कि रसोइया उसे नग्न पूजा के लिए राजी कर रहा था, जिसके बाद डरी हुई लड़की हॉस्टल से भागकर अपने माता-पिता के पास पहुंच गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्रावास का दौरा किया और रसोइये के वास्तविक इरादों तथा उसके साथ कोई अन्य सहयोगी होने की बात जानने के लिए जांच कर रही है।

# प्लास्टिक बैग बनाने वाली फैक्ट्री में आग



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला में मंगलवार दोपहर एक प्लास्टिक बैग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों ने दोपहर करीब 12 बजे आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत परिसर खाली कर दिया। सूचना मिलने पर दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया।

आग लगने की घटना के बाद निर्माण इकाई से भारी मात्रा में धुआं निकल रहा था। अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन कर्मी आग को पड़ोसी प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोकने के लिए सभी कदम उठाए गये। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि वे इमारत का निरीक्षण करने के बाद ही आग से नुकसान का पता लगा सकते हैं। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दिया था। ताकि लोग वहां भीड़ न लगा सकें और अग्निशमन अभियान में बाधा न डाल सकें।

## मुख्यमंत्री रेवंत ने न्यायमूर्ति जगन्नाथ राव के निधन पर शोक व्यक्त किया

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जगन्नाथ राव के निधन पर शोक व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति जगन्नाथ राव को याद किया जिन्होंने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कई महत्वपूर्ण मामलों के समाधान में अपनी छाप छोड़ी। रेवंत रेड्डी ने न्यायमूर्ति जगन्नाथ राव के बेटे, झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। न्यायमूर्ति जगन्नाथ राव का अंतिम संस्कार बुधवार को हैदराबाद में होगा।

# विधायक ने मांगा मंत्री सीतक्का का इस्तीफा

## छात्रा की मौत का मामला गरमाया



कुमराम भीम आसिफाबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिरपुर (टी) विधायक डॉ.पी हरीश बाबू ने वानकीडी मंडल केंद्र के आश्रम स्कूल की छात्रा सीएच शैलजा की मौत के लिए पंचायत राज मंत्री डी. सीतक्का को जिम्मेदार ठहराते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने मंगलवार को वानकीडी मंडल के धाबा गांव में शैलजा के शोक संतप्त माता-पिता को सांत्वना दी। छात्रा की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए हरीश ने कहा कि यह घटना राज्य सरकार द्वारा की गई हत्या है। उन्होंने शैलजा की मौत की जिम्मेदारी लेते हुए सीतक्का के इस्तीफे की मांग की।

उन्होंने सरकार से छात्र के माता-पिता को हरसंभव सहायता देने की मांग की। उन्होंने परिवार के एक सदस्य को नौकरी, एक घर और मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा आगामी शीतकालीन सत्र में विधानसभा में इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार को इसकी जानकारी देगी।

# मंचेरियल के जंगलों में दिखा विदेशी मेहमान

## ग्रीनिश वार्बलर की दिखी पहली झलक



मंचेरियल, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रूस का एक पक्षी ग्रीनिश वार्बलर पहली बार चेन्नूर के जंगलों में देखा गया, जिससे वन अधिकारी और पर्यावरणविद प्रसन्न हो गए। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के संसाधन व्यक्तियों ने हाल ही में चेन्नूर वन प्रभाग के अंतर्गत जंगलों, नदियों, शिवराम वन्यजीव अभयारण्य, डॉ अंबेडकर इको पार्क और गोदावरी नदी बेसिन के जीवों का व्यापक सर्वेक्षण किया। यह गतिविधि जैव विविधता का आंकलन करने और विभाग के कर्मचारियों को शिक्षित करने के लिए भी आयोजित की जा रही है।

संसाधन व्यक्ति राजशेखर ने बताया कि चेन्नूर के जंगलों में करीब 70 पक्षी प्रजातियां पाई गईं। इनमें से 20 प्रवासी प्रजातियां थीं, जिनमें ग्रीनिश वार्बलर भी शामिल है। जंगल विभिन्न आम और प्रवासी पक्षी प्रजातियों के निवास के लिए अनुकूल हैं। सर्दियों में वे विभिन्न एशियाई और यूरोपीय देशों से पक्षियों को आकर्षित कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मात्र 10 ग्राम वजन वाला यह वार्बलर पक्षी दिन में 14 घंटे सक्रिय रूप से घूमते हुए 8,000 से 10,000 कीटों को खाकर पारिस्थितिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिकारियों ने बताया कि यह छोटा पक्षी पर्यावरण में जैव विविधता के संतुलन को बनाए रखने में बाघों और अन्य मांसाहारी जानवरों की तरह ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बर्ड काउंट इंडिया की वेबसाइट के अनुसार, ग्रीनिश वॉर्बलर एक आकर्षक पक्षी है जिसकी पीठ पर हरा रंग और नीचे का भाग हल्का पीला होता है। यह उच्च हिमालय और मध्य एशिया में प्रजनन करता है और पूर्वोत्तर भारत, बांग्लादेश और दक्षिण पूर्व एशिया में प्रवास करता है। यह सर्दियों में भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवास करता है। इस बीच, तेजी से विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रहे एक ब्लैक-बेलिड टर्न को जयपुर मंडल के शिवराम वन्यजीव अभयारण्य के जंगलों में संसाधन व्यक्तियों द्वारा देखा गया। इसी प्रकार, पेपिलिया क्रिनो या कॉमन बैंडेड मोर तितली, जो एक दुर्लभ प्रजाति है, भी चेन्नूर के जंगलों में दर्ज की गई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के संसाधन व्यक्तियों ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान गोदावरी नदी के बेसिन में तितली की 22 प्रजातियां दर्ज की गईं, जो इस क्षेत्र की जैव विविधता की समृद्धि को दर्शाती हैं। उन्होंने तितलियों की बढ़ती आबादी के लिए उपयुक्त मौसम की स्थिति को जिम्मेदार ठहराया।

## जीओसी ने तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र की युद्ध फिटनेस का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लेफ्टिनेंट जनरल करणबीर सिंह बरार, एवीएसएम, दक्षिण भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने मुख्यालय तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र (टीएएसए), प्रशिक्षण केंद्रों और सैन्य अस्पतालों की परिचालन तत्परता और प्रशासनिक प्रभावशीलता की समीक्षा करने के लिए हैदराबाद और सिकंदराबाद का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, लेफ्टिनेंट जनरल बरार ने मुख्यालय टीएएसए के तहत प्रतिष्ठानों की परिचालन तैयारियों का आकलन किया, प्रशिक्षण और प्रशासनिक दक्षता के उच्च मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने सैनिकों के साथ बातचीत भी की, उनकी सेवा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता को स्वीकार किया। जनरल ऑफिसर ने क्षेत्र में सैन्य अस्पताल का भी दौरा किया, जहां उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा देखभाल और कल्याण सेवाओं में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। लेफ्टिनेंट जनरल बरार की यात्रा का उद्देश्य परिचालन उत्कृष्टता, सैनिकों के कल्याण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करना था। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से निस्संदेह मुख्यालय टीएएसए और इसकी संबद्ध इकाइयों की परिचालन तत्परता और प्रशासनिक प्रभावशीलता में वृद्धि होगी।

# वारंगल पुलिस को 'पेशेवर' चोरों ने दिया चकमा

## 50 प्रतिशत से अधिक मामले अनसुलझे

वारंगल, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल कमिश्नरेट पुलिस द्वारा चोरी और सेंधमारी के मामलों को रोकने या सुलझाने में कम सफलता दर लोगों और पुलिस के लिए चिंता का विषय बन गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि वारंगल पुलिस हाल के वर्षों में ऐसे अपराधों में से 50 प्रतिशत को सुलझाने में सक्षम नहीं रही है।

पिछले साल वारंगल कमिश्नरेट में 911 चोरियां हुईं, लेकिन सिर्फ 486 मामले सुलझाए गए। कुल मिलाकर 10.86 करोड़ रुपये की चोरी में से सिर्फ 4 करोड़ रुपये ही बरामद किए गए। इस साल चोरियां पहले ही 900 का आंकड़ा पार कर चुकी हैं, लेकिन वसूली का प्रतिशत 50 को भी पार नहीं कर पाया है। 2022 में कुल 756 से ज्यादा चोरियां हुईं और 416 मामले सुलझाए गए। कुल 6.19 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का नुकसान हुआ, लेकिन सिर्फ 3.01 करोड़ रुपये ही बरामद किए गए।

हालांकि कमिश्नरेट में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी हैं, लेकिन चोरी और सेंधमारी के अधिकांश मामले सुलझ नहीं पाते।


इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न श्रेणी-I)
सीआईएन नंबर - L74899DL1999GOI101707

खुली ई–निविदा आमंत्रण सूचना

आईआरसीटीसी–दक्षिण मध्य क्षेत्र निम्नलिखित खुली ई–निविदा आमंत्रित करता है: –

| क्र. सं. | यूनिट | विवरण | जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | जन आहार | **विशाखापत्तनम गुंटकल और अनंतपुर** रेलवे स्टेशनों पर पांच साल की अवधि के लिए और **भुवनेश्वर और पुरी** रेलवे स्टेशन पर एक साल की अवधि के लिए जन आहार के माध्यम से खानपान सेवाएं प्रदान करने हेतु खुली ई–निविदा सह ई–नीलामी बोली दस्तावेज | 20-12-2024@ 15:00 hrs |
| 2 | रिफ्रेशमेंट रूम | **कुरनूल टाउन, गुंदूर, गुडूर, एलुरु, राजमुंदरी संबलपुर, रायपुर और हैदराबाद** रेलवे स्टेशन पर पांच साल की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम के माध्यम से खानपान सेवाएं प्रदान करने हेतु खुली ई–निविदा सह ई–नीलामी बोली दस्तावेज | 20-12-2024@ 15:00 hrs |
| 3 | फास्ट फूड यूनिट | **बरगढ़ रोड, सीताफलमंडी, चित्तुर, महबूबनगर उसलापुर, अंबिकापुर, ब्रजराजनगर और उमरिया** रेलवे स्टेशन पर फास्ट फूड यूनिट का पांच साल की अवधि के लिए स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन हेतु खुली ई–निविदा सह नीलामी | 20-12-2024/ 23-12-2024@ 15:00 hrs |
| 4 | फूड प्लाजा | **कृष्णा एवं उसलापुर** रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा का नौ साल की अवधि के लिए स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन हेतु ई–निविदा सह नीलामी | |
| 5 | रिटायरिंग रूम | **ढेंकनाल, छत्रपुर, इच्छापुरम बापटला, गुडीवाड़ा, तनुकु, अन्नवरम, कोरापुट और जगदलपुर** रेलवे स्टेशन पर नौ साल की अवधि के लिए रिटायरिंग रूम का नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव एवं हस्तांतरण हेतु खुली ई–निविदा | 20-12-2024@ 15:00 hrs |

निविदा दस्तावेज डाउनलोड और निविदा में भाग वेबसाइट **www.tenderwizard.com/IRCTC** से किया जा सकता है।
उपरोक्त विज्ञापन में जारी किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के मामले में, इसे केवल वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर प्रकाशित किया जाएगा।
**कार्यालय का पता: आईआरसीटीसी लिमिटेड, दक्षिण मध्य क्षेत्र**
#9-1-129/1/102, पहली मंजिल, ऑक्सफोर्ड प्लाजा, एसडी रोड, सिकंदराबाद–500003


# दीक्षा दिवस की तैयारियां तेज

## जनता से फिर से जुड़ने का लिया गया संकल्प

यदाद्रि भोंगिर, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 29 नवंबर को राज्यभर में मनाए जाने वाले दीक्षा दिवस की तैयारी के लिए मंगलवार को यहां हुई बीआरएस जिला इकाई के नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक में जनता के साथ फिर से जुड़ने, सार्वजनिक मुद्दों को उठाने और राज्य के दर्जे और राज्य के विकास के लिए बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव द्वारा किए गए बलिदानों को उजागर करने का संकल्प लिया गया। पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा की पुष्टि करते हुए उन्होंने इस अवसर पर बड़े पैमाने पर लामबंदी करके दीक्षा दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया।

बीआरएस जिला अध्यक्ष कंचेरला रामकृष्ण रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने दीक्षा दिवस की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर मंडल से बड़े पैमाने पर जुटने का आह्वान किया। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय रूप से भाग लेने और कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने का आग्रह किया।

बीआरएस जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी बैठक में पूर्व मंत्री और विधायक जी.जगदीश रेड्डी, एमएलसी पोचमपल्ली श्रीनिवास रेड्डी, पूर्व विधायक, पैला शेखर, गदरी किशोर, कुसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी, चिरुमरथी लिंगैया, बिक्षमैया सहित कई नेता उपस्थित थे।

# एमपीडीओ कार्यालय में मकान मालिक ने जड़ा ताला

## किराया न मिलने से बढ़ गया तनाव



वानापर्थी, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमरचिंता मंडल स्थित एमपीडीओ कार्यालय में मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब मकान मालिक ने कार्यालय को बंद कर दिया और सरकार द्वारा किराया न दिए जाने के कारण आत्मदाह करने की धमकी दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में मकान मालिक सुरेन्द्र को यह कहते हुए देखा जा सकता है कि जब तक सरकार किराया नहीं दे देती, वह कार्यालय नहीं खोलेंगे। वीडियो में सुरेंद्र कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि मेरे पिता रंगा राव की पिछले साल मृत्यु हो गई थी। 4 लाख रुपये का किराया देने में देरी हो रही है और जब एमपीडीओ से किराया देने के लिए कहा जाता है, तो वह कोई कार्रवाई नहीं करता।

मैं परेशान हूं और खुद को और अपने बच्चों को आग लगा लूंगा। कार्यालय पर ताला लगने के बाद एमपीडीओ ने सर्किल इंस्पेक्टर से बात की और एक कांस्टेबल को यहां भेजा गया। उन्होंने कहा कि क्या मैंने कोई चोरी की है? यह मेरा घर है और मैं सरकार से किराया देने और परिसर खाली करने की अपील करता हूं। यह कोई अकेली घटना नहीं है। अक्टूबर में निर्मल, मंचेरियल, आदिलाबाद और अन्य स्थानों पर करीब 20 सरकारी आवासीय स्कूलों को मालिकों ने किराए के भुगतान की मांग को लेकर बंद कर दिया था। उन्होंने स्कूल के गेट पर सरकार द्वारा किराए के भुगतान में देरी के बारे में पोस्टर भी चिपका दिए थे।

## इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में लगी आग

हैदराबाद, 26 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बालापुर में मंगलवार सुबह एक दुकान में आग लग गई, जिससे कई लाख रुपये मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गया। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, आग मंगलवार तड़के बालापुर स्थित साई इलेक्ट्रॉनिक्स सेल्स एंड रिपेयर्स में लगी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। दमकल अधिकारियों को संदेह है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.